श्री मोहम्मद सलीम (पश्चिमी बंगाल) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं । साल्वे जी जो हमारे वरिष्ठ साथी हैं, मैं बहुत विनय के साथ यह कहता हूं और उनके कहने का समर्थन करता हूं । उन्होंने यह कहा कि महात्मा गांधी जी एकमात्र इस देश के ऐसे नेता थे जिन्होंने इस देश के विभाजन का विरोध किया लेकिन लाखों करोड़ लोग हैं जो पाकिस्तान और बंगलादेश में रहते हैं वह भी पार्टीशन नहीं चाहते थे, उन्होंने भी पार्टीशन का समर्थन नहीं किया । मैं तमाम श्रद्धा महात्मा गांधी जी के प्रति रखते हुए यह कहना चाहता हूं कि खान अब्दुल गफफार खान को कांग्रेस वर्किंग कमेटी के मानने के बावजूद भी पाकिस्तान में जेलों में सड़ते रहे लेकिन उन्होंने पार्टीशन को नहीं माना (व्यवधान)

श्री ए० के० पी० सिन्हा : मैंने यह कहा था उनके बारे में तो कोई झगड़ा नहीं हो सकता, गांधी जी के बारे में कंट्रोवर्सी नहीं हो सकती ।

श्री मोहम्मद सलीम : आज भी महात्मा गांधी हमें प्रेरणा देते हैं। जब आपके सवाल पर कुरुप लाल जी लाशें गिना रहे हैं कि पंजाब में, कश्मीर में कितनी लाशें गिरी, उत्तर प्रदेश में, अहमदाबाद में, बड़ौदा में, मध्य प्रदेश में गिराना बाकी रह गया है ताकि हिसाब किताब बराबर रहे । पार्लियामेंट के अन्दर जब यह कहते हैं तो बाहर जा कर के क्या कहते हैं यह लोग, पता नहीं है । हम लोग इस बात का जवाब एक शेर के साथ देंगे—

धर्म के झण्डे लाशों पर कब तक लहराये जाएंगे,
कब तक लड़ते रहेंगे इंसा, कब तक खून बहायेंगे ।

जो लोग 15 अगस्त, 1947 में तमाम दंगे फसादों के बावजूद, पाकिस्तान की धर्म की दावत के बावजूद, लालच के बावजूद यहां रह गये, माइनारिटीज की हैसियत से रह रहे हैं, वह चाहते है कि यहां लोकतान्त्रिक व्यवस्था कायम हो, थियोक्रेटिक स्टेट कायम नहीं होगी, वह लोग जिनकी आवाज हम यहां उठा रहे हैं, वह लोग चाहते थे कि एक छोटे भाई की हैसियत से रहें उनको भागीदारी मिले, उनको अधिकार मिलें, उनको इन्साफ मिले । आज जब यह विधेयक यहां लाया गया, यह कांग्रेस के मैनिफेस्टो में था या नहीं था, यह एक अलाहिदा बात है, यह अच्छा काम सरकार ने किया है, हम इसका समर्थन करते हैं । बीच में नेशनल फ्रंट की सरकार आई थी, जिनका यह काम था चाहे वह शैड्यूल्ड कास्ट शड्यूल्ड ट्राइब्स कमीशन हो, चाहे वूमन कमीशन हो, देर होने के बाद भी उन्होंने इसको किया, हम समझते हैं कि उन्होंने एक अच्छे काम को अंजाम दिया है । जैसे लेबर पार्टिसिपेशन इन मेनेजमेंट का सवाल है, यह चाहे आपके मेनिफेस्टो में हो या न हो लेकिन आप इसको भी ले आएं । मैं कोई परसेंटेज नहीं गिनाऊंगा, राजमोहन गांधी जी ने मिसाल दी है । कुछ लोग कहते हैं कि अल्पसंख्यकों का तुष्टिकरण हो रहा है । मैं यह कहता हूं आप चाहें किसी भी सूबे में चले जाएं तो आपको यह पता चलेगा कि इस देश के अल्पसंख्यकों की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक दशा में इन 45 सालों में कितना सुधार हुआ है, कितना तुष्टिकरण हुआ है, इसका स्पष्टीकरण हो जाएगा । हम यह कहते हैं कि जो माइनारिटीज कमीशन है वह लूला-लंगड़ा था, उसको अपने पैर पर खड़ा करने की कोशिश की गई, चाहे इसमें देर हो गई है लेकिन फिर भी यह जरूरत इसलिए पड़ी कि 45 सालों तक हम आज भी अल्पसंख्यकों को बहुत से मामलों में समान अधिकार नहीं दे सके हैं । हम यह नहीं चाहते कि इन्हें ज्यादा अधिकार दिए जाएं लेकिन कम से कम समान

अधिकार दे कर उनकी भागीदारी को गारंटी करने का जो सवाल था वह पूरे तौर पर हम नहीं कर पाए जिसका नतीजा यह है कि आज हमारे सामने तरह तरह के सवालात खड़े हो जाते हैं । हम समझते हैं यह सिर्फ दंगा-फसाद और सिक्यूरिटी का सवाल नहीं है, हम अगर अल्पसंख्यकों को हमारे साथ इंटेग्रेट करना चाहते हैं तो उसके लिए सब से बड़ा काम यह है कि उनकी शिक्षा, रोजगार और तमाम दूसरी दिशा में जो तरक्की के काम हैं, विकास के काम हैं, हम उनकी तरफ ध्यान दें । मेरा यह सवाल है कि माइनारिटी कमीशन ने पिछले दिनों जो तमाम रिपोर्टें रखी थीं उनमें इस बारे में जो भी मश्विरा था, रिकमेंडेशन थे उस पर सरकार की कोताही रही है । वह रिपोर्ट डिसकस नहीं होती है । रिपोर्ट समय पर प्लेस नहीं करते हैं । दो तीन रिपोर्ट हाथ में जमा रहती हैं उसके बाद चार-पांच साल बाद रिपोर्ट प्लेस होती है पार्लियामेंट में । कम से कम यह नया विधेयक आने के बाद कुछ लाजिमी तौर पर अधिकार उनको मिलेंगे और सरकार कुछ हद तक बाध्य रहेगी ।

कृष्ण लाल जी जो सवाल किये हैं उनके अंदर एक स्व-विरोधिता है । एक तरफ तो वे यह कहते हैं कि मैं पूछना चाहता हूं कि बेग के नेतृत्व में जो कमीशन था, जो रिकमेंडेशन्स थी उनको किस लिए लागू नहीं किया गया, और राज मोहन गांधी जी ने यही बताया, विधेयक में यही कहा गया, मंत्री जी ने भी यही बताया कि यह लाजिमी नहीं था सरकार के लिए । तो आप अगर वाकई बेग कमीशन की रिपोर्ट को या अन्य रिपोर्ट को—यह तो नहीं हो सकता है कि जो रिपोर्ट हमारे हित में है हमारे वोट वर्ग का पुष्टिकरण करेगी उस रिपोर्ट को कारगर करेंगे और जो रिपोर्ट हमारे वोट वर्ग के लिए हितकारक नहीं है उसको कारगर नहीं करेंगे, ऐसा नहीं हो सकता, डबल स्टैंडर्ड नहीं हो सकता है, तो माइनारिटी कमीशन की जो रिकमेंडेशंस थीं उनको अगर हम लागू करना चाहते हैं तो उनको कुछ स्टेट्यूटरी पावर्स मिलें और सरकार के ऊपर कुछ बाध्यता होनी चाहिए ।

उसके बाद यह है कि आज मैं एक दूसरी नजर से इस सवाल को देखना चाहता हूं आंकड़ों या उद्धृति के बगैर । वह यह है कि हमारे अल्पसंख्यकों के अंदर आत्मविश्वास पैदा करने की जरूरत है । आये दिन होने वाले फसाद या जो साम्प्रदायिक भावनाएं हैं उससे उनके अंदर का जो ऐतमाद है वह खो गया है । उनके अंदर जो विश्वास है कि जरूरत है हम वह पैदा नहीं कर पाए हैं । आज हम यहां सदन में कह रहे हैं कि हम सब एक हैं, एक जाति हैं, एक व्यक्ति हैं सब एक साथ रहेंगे । कोई बात नहीं । लेकिन जो लोग ये कह रहे हैं उन्होंने दो साल पहले पूरे देश में कहर क्यों मचाया यह कहकर कि बच्चा-बच्चा राम का, बाकी सब हराम का । जब सब एक हैं तो किसलिए इनका बंटवारा करना चाहते थे । हम किसलिए यह नारा देते हैं उत्तर प्रदेश राजस्थान और मध्य प्रदेश में कि हिंदी, हिंदू, हिंदुस्तान, भागो मुस्लिम पाकिस्तान । सदन में आकर हम कहते हैं कि माइनारिटीज तो हैं ही नहीं इस देश में । सब एक हैं । तो फिर माइनारिटी कमीशन की क्या जरूरत है । यहां भाषण में वे

[श्री मोहम्मद सलीम]

सबको एक करते रहें। जो काम करते रहे हैं चाहे राजस्थान में हो या उत्तर प्रदेश में जहां भी जो ताकत मिली है वह यह है कि पार्टीशन जितना हिस्सा कर सकता था दिलों के अंदर उसको और भी ज्यादा गहराई से पिछले दिनों के सारे अपने काम से करते रहे हैं। यह हमारे देश की एकता के लिए खतरनाक है। मैं इसके साथ जो बात कहना चाहता हूं वह यह है कि हमने जो लोकतंत्र को अपने देश में अपनाया है तो इसकी पहली शर्त यह है कि हम बहुसंख्यक होने के बाद भी अल्पसंख्यकों की जो राय है उनके जो अपने अरमान हैं उनको सम्मान दें। लेकिन रथ यात्रा से लेकर आज तक जो मेजारिटी कम्युनिटी के लोग हैं उनसे यह कहते हैं कि नहीं हम सिर्फ लोकशक्ति से ठीक करेंगे, फैसला हम करेंगे। हमारे सदन के एक महान सदस्य हैं, रथ यात्रा के शुरुआत में कहते थे औजार दिखा करके इसका व्यवहार करके फैसला करेंगे। तो इस तरह से हमारे देश का लोकतंत्र टिकने वाला नहीं है। खास करके राजमोहन गांधी जी ने जो दिशा दिखायी है मैं भी वही कहना चाहता हूं।

आज काबुल में जो हो रहा है, आज सोवियत एशिया के बाद मध्य एशिया में जो सवाल उठ रहा है, आज यूगोस्लाविया में जो हो रहा है उसको देखकर अगर हिंदुस्तान में हम माइनारिटीज को इंटेग्रेट नहीं कर सकते—क्योंकि इंटेग्रिटी की पहली शर्त विश्वास होती है दूसरी तमाम को छोड़कर—तो हम नहीं जानते हमारे वे साथी कितने खुश होंगे लेकिन हम जो आम हिंदुस्तानी हैं, हमारे सामने अंधेरा छा जाएगा। वे खुश हो सकते हैं क्योंकि हिकमतयार जो कर रहा है काबुल में वे वही करना चाहते हैं हिंदुस्तान में। इसलिए पिछले पांच सालों में छः बार अफगानिस्तान की इम्बैसी के सामने पहुंचे थे झंडा लेकर कि मुजाहिदीन के ऊपर इतना हंगामा क्यों हो रहा है। अब भी मुजाहिदीन के हिमायती हो। आज जवाब देना पड़ेगा कि हिकमतयार जो कर रहे हैं अफगानिस्तान में और हम जो काश्मीर के लिए रोजाना रो रहे हैं तो आज उन मुजाहिदीन का क्या रवैया होगा काश्मीर में और हम काश्मीर के सवाल को किस तरह से देखेंगे। इसके अलावा हमारे कृष्ण लाल जी हों या लाल कृष्ण जी हों दोनों ने सदन में यह कहा कि.....।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अनाजी मासोदकर) : प्लीज कन्क्लयूड।

श्री मोहम्मद सलीम : जैसा भी आप उसको समझ लें। ...(व्यवधान) उनका यह कहना था कि वह राजनीतिक उपयोग ही था। तो हम कांग्रेस के हमारे साथियों से भी यह कहेंगे कि यह बात—ऐसा जो सवाल है पिछले 45 साल से, हमने माइनार्टी की भलाई के लिए कितना काम किया है, इससे ज्यादा वोट के मामले पर, चुनाव के मामले पर कुछ ऐसे फैसले किये हैं, जिससे दरअसल माइनार्टी का फायदा नहीं होता। लेकिन माइनार्टीज के अंदर एक हिस्सा जो है, चाहे आप उसे फंडेमेंटलिस्ट कह दें, जो मजहबी जज्बात को छेड़ कर अपनी कियादत को बरकरार रखना चाहते हैं। मजहब के नाम पर ऐसे लोगों को बढ़ावा दिया गया है और जो आज उनके हाथ हथियार बना हुआ है।

तो हम यह समझते हैं कि अगर आपको माइनार्टी की भलाई करनी है, तो उसके लिए जिसको मानार्टीज्म या अपीज़मेंट आफ माइनार्टीज़ कहते हैं, तो वह शिकायत नहीं आनी चाहिए और उसके लिए हम सब फैसला करते हैं, तो उसमें वह धार्मिक विश्वास को हटा करके—अपना-अपना वह अकीदा है, अपना-अपना विश्वास है, लेकिन उन राष्ट्र नैतिक, राजनीतिक सरकारी जो फैसले करें, तो वहां हमें उसको ज्यादा अहमीयत नहीं देनी चाहिए। (समय की घंटी)

यह सेक्युलरिज्म की हमारी पहली शर्त है। महोदया, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। मैं खत्म करने जा रहा हूं। मैं इस बारे में आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, मैं बंगाल से आता हूं और जब राज मोहन गांधी जी आंकड़ा गिना रहे थे, तो मैं यह फक्र के साथ कहता हूं कि उत्तर प्रदेश जहां से हमारे बहुत से साथी आये हैं, मौलाना जी गवाही देंगे कि उर्दू ज़ुबान का राज कहलाता था, लेकिन आज जहां राम नरेश जी आपने हुकूमत चलाई है, उत्तर प्रदेश में जितने उर्दू स्कूल हैं, उससे ज्यादा मगरबी बंगाल में हैं। बंगाल तो बंगाल ही होता है, लेकिन वहां भी उर्दू ज़ॅबान के लोग बसते हैं। वह आपस में लड़ते नहीं। तो उसके लिए एक के बाद एक इलैक्शन में यह वादा नहीं करना पड़ता कि हम उर्दू को यह दर्जा देंगे, हम उर्दू को वह दर्जा देंगे।

हमारे पास पिछले 1935 से लेकर के 1991 तक कांग्रेस-आई पार्टी के जितने मैनिफेस्टोज़ हैं, उसका कम्पाइलेशन है। तो उसमें हजारों बार कहा गया है—क्योंकि मंत्री महोदय जब भी हवाला देते हैं, तो कहते हैं कि हम मैनिफेस्टो को इंप्लीमेंट कर रहे हैं। तो अगर सब कुछ इंप्लिमेंट कर देते तो आज जो देश की हम हालत देख रहे हैं, वह हालत हमें देखनी नहीं पड़ती लेकिन वोट के लिए इसका इस्तेमाल नहीं होना चाहिए और मैं फिर कहता हूं हमारे भा.ज.पा. साथियों से कि अभी कम से कम अगर यह ऐसा होता कि यह बिल चुनाव से छह या सात महीने पहले ले आते, तो उसमें यह संदेह प्रकट हो सकते थे। लेकिन पहली बार एक ऐसा काम यह सरकार कर रही है जिसमें यह लगता है कि चुनाव सामने नहीं है, लेकिन फिर भी वह अपने वायदा न हो, लेकिन राष्ट्रीय मोर्चे के चुनाव का जो वायदा था, उसको पूरा करने की वह कोशिश कर रही है। इसके लिए मैं फिर उनको बधाई देता हूं। धन्यवाद।

†[شری محمد سلیم (پشچمی بنگال): اپ سبھا ادھیکش مہودے، میں اس ودھیئک کا سمرتھن کرتا ہوں۔

سالوے جی جو ہمارے ورشٹھ ساتھی ہیں۔ میں بہت ونے کے ساتھ یہ کہتا ہوں اور ان کے کہنے کا سمرتھن کرتا ہوں۔ انہوں نے یہ کہا کہ مہاتما گاندھی جی ایک ماتر اس دیش کے ایسے نیتا تھے جنہوں نے اس دیش کے وبھاجن کا ورودھ کیا لیکن لاکھوں کروڑوں لوگ ہیں جو پاکستان اور بنگلہ دیش

† Transliteration in Arabic Scrip

جو لوگ ۱۵ اگست ۱۹۴۷ میں تمام دنگے فسادوں کے باوجود۔ پاکستان کی دھرم دعوت کے باوجود۔ لالچ کے باوجود یہاں رہ گئے۔ مائنارٹیز کی حیثیت سے رہ رہے ہیں۔ ہم چاہتے تھے کہ یہاں لوک تانترک ویوستھا قائم ہو۔ تھیوکریٹک اسٹیٹ قائم نہیں ہو گی۔ وہ لوگ جن کی آواز ہم یہاں اٹھاتے ہیں۔ وہ لوگ چاہتے تھے کہ ایک چھوٹے بھائی کی حیثیت سے رہیں۔ انکو بھاگیہ داری ملے۔ ان کو ادھیکار ملیں۔ ان کو انصاف ملے۔ آج جب یہ ودھےیک یہاں لایا گیا۔ یہ کانگریس کے مینی فیسٹو میں تھا یا نہیں تھا یہ ایک علیحدہ بات ہے۔ یہ اچھا کام سرکار نے کیا ہے۔ ہم اس کا سمرتھن کرتے ہیں بیچ میں نیشنل فرنٹ کی سرکار آئی تھی جن کا یہ کام تھا چاہے وہ شیڈولڈ کاسٹ شیڈولڈ ٹرائبس کمیشن ہو۔ چاہے وہ وومین کمیشن ہو۔ دیر ہونے کے بعد انہوں نے اس کو کیا۔ ہم سمجھتے ہیں کہ انہوں نے ایک اچھے کام کو انجام دیا ہے۔ جیسے لیبر پارٹیسپیشن ان مینجمنٹ کا سوال ہے یہ چاہے آپکے مینی فیسٹو میں ہو یا نہ لیکن آپ اسکو بھی لے آئیں گے میں کوئی پریسٹیج نہیں گنا ونگا [illegible] موہن گاندھی جی نے مثال دی ہے

میں رہتے ہیں وہ بھی پارٹیشن نہیں چاہتے تھے۔ انہوں نے کبھی پارٹیشن کا سمرتھن نہیں کیا۔ میں تمام شردھا مہاتما جی کے پرتی رکھتے ہوئے یہ کہنا چاہتا ہوں کہ خان عبدالغفار خان جو کانگریس ورکنگ کمیٹی کے ماننے کے باوجود بھی پاکستان میں جیلوں میں سڑتے رہے۔ لیکن انہوں نے پارٹیشن کو نہیں مانا "مداخلت"۔۔۔

شری این۔ کے۔ پی۔ سالوے: میں نے یہ کہا تھا ان کے بارے میں تو کوئی جھگڑا نہیں ہو سکتا۔ گاندھی جی کے بارے میں کنٹروورسی نہیں ہو سکتی

شری محمد سلیم: آج بھی مہاتما گاندھی ہمیں یہ پیغام دیتے ہیں جب آپکے سوال پر کرشن لال شرما جی لاشیں گنا رہے تھے کہ پنجاب میں کشمیر میں کتنی لاشیں گریں۔ آندھرا پردیش میں، احمد آباد میں۔ بڑودہ میں مدھیہ پردیش میں گرانا باقی رہ گیا ہے تاکہ حساب کتاب برابر رہے۔ پارلیمنٹ کے اندر جب یہ کہتے ہیں تو باہر جا کر کے کیا کہتے ہیں۔ یہ لوگ پتہ نہیں ہے ہم لوگ اس بات کا جواب ایک شعر کے ساتھ دیں گے۔

دھرم کے جھنڈے لاشوں پر کب تک لہرائے جائیں گے
کب تک لڑتے رہیں گے انساں کب تک خون بہائیں گے

ہم لوگ کہتے ہیں کہ الپ سنکھیکوں کا تشٹیکرن
ہو رہا ہے۔ میں یہ کہتا ہوں کہ آپ چاہے کسی
بھی صوبے میں چلے جائیں تو آپکو یہ پتہ چلے
گا کہ اس دیش کے الپ سنکھیکوں کی آرتھک
سماجک، شیکشنک دشا میں ان ۴۵ سالوں
میں کتنا سدھار ہوا ہے کتنا تشٹیکرن ہوا
اس کا سپشٹیکرن ہو جائے گا۔ ہم یہ کہتے ہیں
کہ جو مائنارٹیز کمیشن ہے۔ وہ لولا لنگڑا تھا۔
اس کو اپنے پیروں پر کھڑا کرنے کی کوشش
کی گئی۔ چاہے اس میں دیر ہو گئی ہے۔ لیکن
پھر بھی یہ ضرورت اس لئے پڑی کہ ۴۵
سالوں تک ہم آج بھی الپسنکھیکوں کو سمان
ادھیکار نہیں دے سکے ہیں۔ ہم یہ نہیں چاہتے
کہ انہیں زیادہ ادھیکار دیئے جائیں لیکن
کم سے کم سمان ادھیکار دیکر انکی بھاگیداری
کو گارنٹی کرنے کا جو سوال تھا وہ پورے
طور پہ ہم نہیں کر پائے جس کا نتیجہ یہ ہے
کہ آج ہمارے سامنے طرح طرح کے سوالات
کھڑے ہو جاتے ہیں۔ ہم سمجھتے ہیں کہ صرف
دنگا فساد اور سیکیورٹی کا سوال نہیں ہے
ہم اگر الپ سنکھیکوں کو ہمارے ساتھ انٹیگریٹ
کرنا چاہتے ہیں تو اس کے لئے سب سے
بڑا کام یہ ہے کہ ان کی شکشا۔ روزگار اور
تمام دوسری دشا میں جو ترقی کا کام ہے وکاس
کے کام ہیں ہم ان کی طرف دھیان دیں۔

میرا سوال یہ ہے کہ مائنارٹی
کمیشن نے پچھلے دنوں جو تمام رپورٹ
رکھی تھیں ان میں اس بارے میں کوئی بھی
مشورہ تھا۔ ریکمنڈیشن تھے۔ اس پر سرکار
کی کیا رائے رہی ہے۔ وہ رپورٹ ڈسکس
نہیں ہوتی ہے۔ رپورٹ ٹیبل نہیں کرتے
ہیں۔ دو تین رپورٹ ہاتھ میں جمع رہتی
ہیں اس کے بعد چار پانچ سال بعد رپورٹ
ٹیبل ہوتی ہے پارلیمنٹ میں۔ کم سے
کم یہ نیا ودھیک آنے کے بعد کچھ
لازمی طور پر ادھیکار ان کو ملیں گے اور
سرکار کچھ حد تک بادھیہ رہے گی۔
کرشن لال جی جو سوال کئے ہیں انکے
اندر ایک سودودھتا ہے۔ ایک طرف
تو وہ یہ کہتے ہیں۔ ہم پوچھنا چاہتے ہیں
کہ بیگ کے نیتر تو میں جو کمیشن تھا جو
ریکمنڈیشن تھیں۔ ان کو کس لئے لاگو نہیں
کیا گیا۔ اور راج موہن گاندھی جی نے بھی
بتایا۔ ودھیک میں بھی کہا گیا۔ منتری
جی نے بھی یہی بتایا کہ یہ لازمی نہیں تھا
سرکار کے لئے تو آپ اگر واقعی بیگ کمیشن
کی رپورٹ کو یا اسے رپورٹ کو۔ یہ تو نہیں
ہو سکتا ہے کہ جو رپورٹ ہمارے سامنے میں
[illegible] کا سپشٹیکرن کریگی
[illegible] سرکار کریگی اور جو رپورٹ

ہمارے ودرشٹ ورگ کے لئے ہتکارک نہیں ہے اسے کارگر نہیں کریں گے ایسا نہیں ہوسکتا۔ ڈبل اسٹینڈرڈ نہیں ہوسکتا۔ تو مائنارٹی کمیشن کی جو رکمینڈیشن تھیں انکو اگر ہم لاگو کرنا چاہتے ہیں تو ان کو کچھ اسٹیچوٹری پاورس ملیں اور سرکار کے اوپر کچھ بادھیتا ہونی چاہیئے۔

اس کے بعد یہ ہے کہ آج میں ایک دوسری نظر سے اس سوال کو دیکھنا چاہتا ہوں آنکڑوں یا ادھگرتی کے بغیر۔ وہ یہ ہے کہ ہمارے الپ سنکھیکوں کے اندر آتم وشواس پیدا کرنے کی ضرورت ہے۔ آئے دن ہونے والے فساد یا جو سامپردائیک بھاونائیں ہیں۔ اس سے ان کے اندر کا جو اعتماد ہے وہ کھو گیا ہے۔ ان کے اندر جو وشواس کی ضرورت ہے ہم وہ پیدا نہیں کر پائے ہیں۔ آج ہم یہاں سدن میں کہہ رہے ہیں کہ ہم سب ایک ہیں ایک جاتی ہیں۔ ایک وکیتی ہیں۔ سب ایک ساتھ رہیں گے۔ کوئی بات نہیں۔ لیکن جو لوگ یہ کہہ رہے انہوں نے دو سال پہلے پورے دیش میں قہر کیوں مچایا یہ کہکر کہ بچہ بچہ رام کا۔ باقی سب حرام کا۔ جب سب ایک ہیں تو کس لئے ان کا بٹوارا کرنا چاہتے تھے۔ ہم کس لئے یہ نعرہ دیتے ہیں۔ اتر پردیش، راجستھان اور مدھیہ پردیش میں کہ ہندی ہندو ہندوستان بھاگو مسلم پاکستان۔ سدن میں آکر ہم کہتے ہیں کہ مائنارٹیز تو ہیں ہی نہیں اس دیش میں۔ سب ایک ہیں۔ تو پھر مائنارٹی کمیشن کی کیا ضرورت ہے یہاں بھاشن میں وہ سب کو ایک کرتے رہیں جو کام کرتے رہے ہیں چاہے راجستھان میں ہو یا اتر پردیش میں جہاں بھی جو طاقت ملی ہے وہ یہ ہے کہ پارٹیشن جتنا حصہ کر سکتا تھا دلوں کے اندر اس کو اور بھی زیادہ گہرائی سے پچھلے دنوں کے سارے اپنے کام کرتے رہے ہیں۔ یہ ہمارے دیش کی ایکتا کے لئے خطرناک ہے میں اس کے ساتھ جو بات کہنا چاہتا ہوں وہ یہ ہے کہ ہم نے جو لوک تنتر اپنے دیش میں اپنایا ہے تو اس کی پہلی شرط یہ ہے کہ ہم بہو سنکھیک ہونے کے بعد بھی الپ سنکھیکوں کی جو رائے ہے ان کے جو اپنے ارمان ہیں۔ ان کو سمان دیں۔ لیکن رتھ یاترا سے لیکر آج تک جو میجورٹی کمیونٹی کے لوگ ہیں۔ ان سے یہ کہتے ہیں کہ نہیں ہم صرف لوک شکتی سے ٹھیک کریں گے۔ فیصلہ ہم کریں گے۔ ہمارے سدن کے ایک مہان سدسیہ

ہیں۔ رتھ یاترا کے شروعات میں کہتے تھے کہ اوزار دکھا کر کے اس کا ویوہار کر کے فیصلہ کریں گے تو اس طرح سے ہمارے دیش کا لوک تنتر ٹکنے والا نہیں ہے خاص کر کے راج موہن گاندھی جی نے جو دِشا دکھائی ہے میں بھی وہی کہنا چاہتا ہوں۔

آج کابل میں ہو جو رہا ہے۔ آج سوویت ایشیا کے بعد مڈھیہ ایشیا میں جو سوال اٹھ رہا ہے۔ آج یوگوسلاویہ میں جو ہو رہا ہے اس کو دیکھ کر اگر ہندوستان میں ہم مائنارٹیز کو انٹی گریٹ نہیں کر سکتے کیونکہ انٹی گریٹی کی پہلی شرط وشواس ہوتی ہے دوسری تمام کو چھوڑ کر۔ تو ہم نہیں جانتے ہمارے ساتھی کتنے خوش ہوں گے لیکن ہم جو عام ہندوستانی ہیں۔ ہمارے سامنے اندھیرا چھا جائے گا۔ وہ خوش ہو سکتے ہیں۔ کیونکہ حکمت یار جو کر رہا ہے کابل میں وہ وہی کرنا چاہتے ہیں ہندوستان میں اس لئے پچھلے پانچ سالوں میں چند بار افغانستان کی اسمبلی کے سامنے پہنچے تھے جھنڈا لیکر کہ مجاہدین کے اوپر اتنا ہنگامہ کیوں ہو رہا ہے۔ اب بھی مجاہدین کے حمایتی ہو۔ آج جواب دینا پڑے گا کہ حکمت یار جو کر رہے ہیں افغانستان میں اور ہم جو کشمیر کے لئے روزانہ کر رہے ہیں تو آج ان مجاہدین کا کیا رویہ ہوگا۔ کشمیر میں اور ہم کشمیر کے سوال کو کس طرح سے دیکھیں گے۔ اس کے علاوہ ہمارے کرشن لال جی ہوں یا لال کرشن جی ہوں دونوں نے سدن میں یہ کہا کہ۔۔۔۔۔۔۔۔

اپ سبھا ادھیکش (شری بھاسکر اننا جی ماسوکر) : پلیز کنکلوڈ۔

شری محمد سلیم : جیسا بھی آپ اس کو سمجھ لیں۔۔۔۔ "مداخلت"۔۔۔ ان کا یہ کہنا تھا کہ وہ راج نیتک اپیوگ ہی تھا تو ہم کانگریس کے ہمارے ساتھیوں سے بھی یہ کہیں گے کہ یہ بات ایسا جو سوال ہے پچھلے ۵۴ سال سے ہم نے مائنارٹی کی بھلائی کے لئے کتنا کام کیا ہے۔ اس سے زیادہ ووٹ کے معاملے پر۔ چناؤ کے معاملے پر کچھ ایسے فیصلے کئے گئے ہیں جس سے دراصل مائنارٹی کا فائدہ نہیں ہوتا لیکن مائنارٹیز کے اندر ایک حصہ جو ہے۔ چاہے آپ اسے فنڈامینٹلسٹ کہہ دیں جو مذہبی جذبات کو چھیڑ کر اپنی قیادت برقرار رکھنا چاہتے ہیں۔ مذہب کے نام پر ایسے لوگوں کو بڑھا دیا گیا ہے اور جو آج ان کے ہاتھ ہتیار بنا ہوا ہے۔

تو ہم یہ سمجھتے ہیں کہ اگر آپکے مائنارٹی

کی بھلائی کرنی ہے تو اس کے لئے جس کو مائناریٹیز یا ڈیپارٹمنٹ آف مائناریٹیز کہتے ہیں تو وہ شکایت نہیں آنی چاہیئے اور اس کے لئے ہم جب فیصلہ کرتے ہیں تو اس میں وہ دھارمک وشواس کو ہٹا کرکے اپنا اپنا وہ عقیدہ ہے۔ اپنا اپنا وہ وشواس ہے لیکن ان راشٹر ہتیک۔ راج نیتک ہوکر جو فیصلے کریں۔ تو وہاں ہمیں اس کو زیادہ اہمیت نہیں دینی چاہیئے ۔۔۔۔ (وقت کی گھنٹی) ۔۔۔

یہ سیکولرازم کی ہماری پہلی شرط ہے جو میں زیادہ سمے نہیں لوں گا۔ میں ختم کرنے جا رہا ہوں۔ میں اس بارے میں آپ کا دھیان آکرشت کرنا چاہتا ہوں۔ میں بنگال سے آتا ہوں اور جب راج موہن گاندھی جی آنکھ اگنا رہے تھے تو میں یہ فخر کے ساتھ کہتا ہوں کہ اتر پردیش جہاں سے ہمارے بہت سے ساتھی آتے ہیں۔ مولانا جی گواہی دیں گے کہ اردو زبان کا راج کہا جاتا تھا لیکن جہاں رام نریش جی آپ نے حکومت چلائی ہے۔ اتر پردیش میں جتنے اردو اسکول ہیں۔ اس سے زیادہ مغربی بنگال میں ہیں۔ بنگال تو بنگال ہی ہوتا ہے لیکن وہاں بھی اردو زبان کے لوگ بستے ہیں۔ وہ آپس میں لڑتے ہیں تو اس کیلئے ایک کے بعد ایک الیکشن میں یہ وعدہ نہیں کرنا پڑتا کہ ہم اردو کو یہ درجہ دیں گے ہم اردو کو وہ درجہ دیں گے۔

ہمارے پاس پچھلے ۱۹۳۵ سے لے کر ۱۹۹۱ تک کانگریس پارٹی کے جتنے مینی فیسٹو ہیں۔ اس کا کمپائلیشن ہے۔ تو اس میں ہزاروں بار کہا گیا ہے۔ کیرالا کا منشور ہو جب بھی حوالہ دیتے ہیں تو کہتے ہیں کہ ہم مینی فیسٹو امپلیمنٹ کر رہے ہیں۔ اگر سب کچھ امپلیمنٹ کر دیتے تو آج جو ملک کی حالت دیکھ رہے ہیں۔ وہ حالت ہمیں دیکھنی نہیں پڑتی لیکن ووٹ کے لئے اس کا استعمال نہیں ہونا چاہیئے۔ اور میں پھر کہتا ہوں کہ ہمارے بی۔ جے۔ پی کے ساتھیوں سے کہ ابھی کم سے کم اگر یہ ایسا ہوتا کہ یہ بل چناؤ سے پہلے یا چھ سات مہینے پہلے آتے تو اس میں یہ سندیہہ پیدا ہو سکتے تھے لیکن پہلی بار ایک ایسا کام یہ سرکار کر رہی ہے جس میں یہ شک ہے کہ چناؤ سامنے نہیں ہے لیکن پھر بھی یہ وہ اپنا وعدہ نبھا رہی ہے لیکن راشٹریہ مورچہ کے چناؤ کا جو وعدہ تھا اس کو پورا کرنے کی وہ کوشش کر رہی ہے اس کے لئے میں پھر ان کو بدھائی دیتا ہوں۔

دھنیہ واد۔

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार) : उपसभाध्यक्ष जी, मैं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग विधेयक, 1992 का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस विधेयक को लाने की उम्मीद हमारी स्वर्गीय नेता, राजीव गांधी जी ने लोगों को दी थी। यह स्वर्गीय राजीव गांधी का वायदा था हिंदुस्तान के अवाम को, जिसको पी.वी. नरसिंह राव जी पूरा कर रहे हैं और सीताराम केसरी, कल्याण मंत्री जी यहां पर उसको कार्यान्वित करने के लिए उपस्थित हैं।

उपसभाध्यक्ष जी, इत्तिफाक ऐसा है कि कि माननीय मंत्री महोदय और मैं दोनों एक ऐसे राज्य से आते हैं और खास करके माननीय मंत्री महोदय ऐसी भूमि से संबंध रखते हैं, जहां मुसलमानों के बहुत बड़े पीर मकदुम यहया मनेरी की मनेरशरीफ में दरगाह है, जहां सारे... (**व्यवधान**)

एक माननीय सदस्य : बिहार शरीफ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : वह तो मकददुम सर्फुद्दीन है बिहार शरीफ में। ...(**व्यवधान**)
और बिहार शरीफ, फुलवारी शरीफ और मनेर शरीफ से ही नहीं ताल्लुक है बिहार वालों का, उसके साथ-साथ ढाई हजार साल पुराना महावीर का भी इतिहास जुड़ा हुआ है बिहार से। गौतम बुद्ध का भी इतिहास जुड़ा हुआ है बिहार से और मैं जिस कौम से आता हूं, उस कौम के असली फाउंडर गुरु गोविंद सिंह का जन्म स्थान भी वहां है और उपाध्यक्ष महोदय, यह एक इत्तफाक है कि हिंदुओं में माने जाने वाले शाहजानन्द स्वामी भी उसी इलाके से आते हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस विधेयक का पूरा समर्थन करते हुए कहना चाहता हूं उन लोगों से जिन लोगों ने इसका विरोध किया है कि ये उस वक्त कहां रहते हैं जिस वक्त दीवारों पर लिखा जाता है कि, "चाहो तो छोड़ो कुरान, हीं तो छोड़ो हिंदुस्तान।" ये उस वक्त क्यों खामोश रहते हैं जब कि बाल ठाकरे चीख-चीख कर कहता है कि सिखों को अगर हिंदुस्तान में रहना है तो अपनी पगड़ी उतारकर, बाल कटाकर रहना पड़ेगा, नहीं तो वह हिंदुस्तान में नहीं रह सकते हैं। तो ये किन की बात करते हैं ? उपाध्यक्ष महोदय, अभी कृष्ण लाल शर्मा जी ने अपने भाषण में यह स्वीकार किया कि यहां हमारे धर्म में बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक दोनों हैं फिर भी ये अल्पसंख्यक आयोग का विरोध करते हैं। अल्पसंख्यक आपके पास कभी नौकरी मांगने नहीं आता। अल्पसंख्यक आपके पास कभी कोई कर्जा मांगने नहीं आता, जोकि आपको देना चाहिए, पर अल्पसंख्यक इज्जत की जिंदगी जीना चाहता है भारत में और उस इज्जत की जिंदगी की मांग करते हुए इस आयोग का निर्माण किया गया है। पर अफसोस की बात है कि वायदे तो बहुत लोग करते हैं जैसेकि 1989 में राष्ट्रीय मोर्चा का भी वायदा था कि अल्पसंख्यक आयोग बनेगा जिसे कि संवैधानिक शक्ति दी जाएगी। उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह इसलिए कहना चाहता हूं क्योंकि 17 अगस्त, 1990 को मैंने एक प्रायवेट मेंबर बिल दिया था। जब मैंने देखा कि वी. पी. सिंह की सरकार अल्पसंख्यक आयोग को संवैधानिक ताकत नहीं दे रही है तो इसी सदन में 17 अगस्त, 1990 को मैंने एक प्रायवेट मेंबर बिल इंट्रोड्यूस किया था जिसके माध्यम से मैंने आर्टिकल 340 को अमेंड कर के बैकवर्ड एंड माइनोरिटी कमीशन की मांग की थी क्योंकि अगर बैकवर्ड के बारे में भी सोचा जाय तो वह भी आपसे अधिकार मांग रहा है सम्मान से जीने के लिए और अल्पसंख्यक भी आपसे अधिकार मांग रहा है सम्मान से जीने के लिए। उसको सम्मान और रिकॉग्नीशन देने के लिए वह अधिकार मांग रहा है और उपाध्यक्ष महोदय यह इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा कि यह आयोग जो कि आज बनने जा रहा है, इसे भारत की संसद ने इतना बड़ा विधेयक लाकर बनाया जिसके माध्यम से उनको जस्टिस देने का रास्ता निकाला गया है।

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया]

उपसभाध्यक्ष महोदय, यहां इसको इम्प्लीमेंट करेने के लिए कहा गया है कि जब गजट में इसकी अधिसूचना हो जाएगी तभी यह इम्प्लीमेंट होगा और वह सरकार पर छोड़ दिया गया है। उपाध्यक्ष महोदय, मेरे मन में यह शंका क्यों है। यह इसलिए है कि बड़े अच्छे विचारों को लेकर 1984 में एक वक्फ सशोधन विधेयक सदन में पास किया गया था और उसमें भी ऐसा ही एक क्लाज था कि ये बाद में नोटिफिकेशन के द्वारा इम्प्लीमेंट किया जाएगा, जो शायद आज तक इम्प्लीमेंट नहीं हो सका है । मेरी यह आशंका है। इसीलिए मैं कह रहा हू कि जिस वक्त इस देश की सबसे बड़ी संस्था, संसद इसको पास कर देती है और जब महामहिम राष्ट्रपति जी इसको अनुमोदित कर देते हैं तो उसके बाद इस पर कोई ऐसा काम नहीं रखना चाहिए कि वह सरकार के द्वारा या अधिकारियों के द्वारा अधिसूचना निकलेगी तभी लागू होगा बल्कि पास होने के तुरन्त बाद लागू करने का प्रावधान रहना चाहिए, कोई शर्त नहीं होनी चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय, इसी के साथ साथ विधेयक की धारा "2" में अल्पसंख्यकों की परिभाषा के बारे में कहा गया है। मैं सिख कौम का सदस्य हूं। आर्टिकल 25 के हिसाब से हमें हिन्दुओं के बीच माना जाता है। जो कस्टीट्यूशन का एक्सप्लेनेशन है–

"Explanation. II: In sub-clause (b) of clause (2), the reference to Hindus shall be construed as including a reference to persons professing the Sikh, Jaina or Buddhist religeon, and the reference to Hindu religious institutions shall be construed accordingly".

उपाध्यक्ष महोदय, आपको पता है कि इसकी मांग बहुत दिनों से चल रही है। क्योंकि सिख, जैन, बुद्ध और पारसी के अपने अलग-अलग धर्म हैं, अलग-अलग आईडेण्टिटि है, इसलिए संविधान में संशोधन लाने की मांग बहुत दिनों से आ रही है। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से स्पेसिफिक जवाब चाहूंगा कि क्या आप अल्पसख्यकों में मुस्लिम, ईसाई के सिवा सिख, बुद्ध और जैन को भी गिनते हैं? अगर गिनते हैं तो उसको इस में अंकित क्यों नहीं किया गया?

उपाध्यक्ष महोदय, कुछ देर पहले बी.जे.पी. के सदस्य पार्टिशन से लेकर आज तक की बात कर रहे थे। मैं बहुत पीछे नहीं जाता क्योंकि बहुत पीछे बखिया उधेड़ने लगूं तो इतिहास सामने आता है, इसलिए बहुत पीछे नहीं जाता।...

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर): आप कनकल्युड कीजिए। ज्यादा आगे भी मत जाइए।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया: लेकिन, पिछले दो-तीन वर्षों में हमने जो देखा है, जो हमने एक पार्टिकुलर पार्टी का रवैया देखा है कि एक्सट्रिमिस्ट की तरफ जाकर किस तरह से अल्पसख्यकों को दहशत में रखकर खत्म कर देना चाहती है, जो ऐसी दहशत पैदा कर रही है। कभी चर्चा करते देखा कि खून के प्यालों की आरती उतारी गई अडवाणी जी की, कभी नगी तलसारों को लेकर प्रोसेशन कर-करके धमकाया गया अल्पसंख्यकों को और कैसे-कैसे नारे लगाए गए–"बच्चा बच्चा राम का, बाकी सब हराम का"। मैं फिर कहता हू कि राम के ठेकेदार बी.जे.पी. वाले नहीं बन सकते। ... (व्यवधान)...हां, सीता राम तो हैं ही। सीता राम दोनों ही हैं। राम के ठेकेदार आप कभी नहीं बन सकते। आपने तो तुलसी की रामायण पढ़ी होगी, जिसमें 1475 बार राम का नाम लिखा है, मैं गुरु ग्रथ साहिब पढ़ता हू, जिसमें 2455 बार राम का नाम लिखा है। मैं आपसे ज्यादा राम का नाम लेता हू, लेकिन राम के नाम से कभी वोट मांगने नहीं जाता, राम के नाम पर कोई रथ यात्रा नहीं करता, राम के नाम पर समाज में जहर नहीं घोलता,

राम के नाम पर समाज में तनाव पैदा नहीं करता। इस तनाव की स्थिति को खतम करने के लिए आज जो अल्पसंख्यक बार-बार मांग कर रहे हैं कि उन्हें सम्मान के साथ जीने का अधिकार मिले क्योंकि जिस वक्त हिंदुस्तान की आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी; उस वक्त किसी मुसलमान ने यह नहीं समझा कि मादरे वतन को आजाद कराने के लिए मैं मुसलमान हूं,... किसी सिख ने नहीं सोचा कि मादरे वतन को आजाद कराने के लिए मैं सिख हूं, किसी हिन्दू ने नहीं सोचा कि मादरे वतन को आजाद कराने के लिए मैं लड़ रहा हूं तो मैं हिन्दू हूं या हिन्दू राष्ट्र की कल्पना कर रहा हूं, सबने अपनी भारत माता को आजाद कराने के लिए लड़ाई लड़ी थी, जिसके लिए हम रोज-जब भी स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हैं तो हम सामने रखते हैं उस शाहनवाज को, हिल्लों को और सहगल को कि किस तरह से तीनधर्मों के लोगों ने तिरंगे झंडे को हाथ में लिया हुआ था और अपनी मातृभूमि को आजाद कराया था और आज जब यह फिरकापरस्ती—बहुसंख्यक अल्पसंख्यक को परेशान करे और अल्पसंख्यक की रक्षा के लिए अगर ऐसा कोई विधेयक लाया जाए और उसका विरोध हो तो यह बड़ा दुर्भाग्य पूर्ण है।

सदन को अपनी सब सीमाओं को तोड़कर इसका समर्थन करना चाहिए और मैं आपके माध्यम से पूरे सदन से अपील करूंगा कि पूरा सदन यूनेनिमस डिसीजन लेकर इसको पास करे। धन्यवाद।

श्री सत्यप्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, अल्पसंख्यक आयोग को वैधानिक दर्जा दिया जाए, कानूनी मान्यता दी जाए, इसका तो मैं समर्थन करता हूं लेकिन इस विधेयक के जो कुछ प्रावधान हैं, वे मेरी नजर में आपत्तिजनक हैं और इसलिए मैं उसके संबंध में अपनी राय देना चाहूंगा।

असल में 1977 में उस वक्त के जितने लोग विपक्ष में थे, जिसमें आज की भारतीय जनता पार्टी के नेता भी शामिल थे, ये लोग जब जेल से छूटकर आए तो जनता पार्टी का गठन हुआ और उस समय जब चुनाव हुए तो उसके पहले उसका चुनाव घोषणा पत्र बना और उस घोषणा पत्र को बनाने में आडवाणी जी का भी काफी हाथ था, सिकन्दर बख्त जी भी उसमें आते जाते थे, चौधरी चरण सिंह जी के साथ मुझे बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था, तो उस घोषणा पत्र में माइनॉरिटीज के संबंध में कुछ चर्चा की गई थी, उसका उद्धरेण मैं रखना चाहूंगा—जनता पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र के संबंध में :-

"The Janata Party is pledged to preserve the secular and richly diverse character of our state. It Will accord the highest respect to rights and legitimate needs of the minorities. It believes that all citizens are equal and should be treated as equals and that they should have full protection against discrimination of any kind. There are numerous complaints about discrimination against minorities in industry, trade, commerce, in the matter of employment. The Janata Party pledges itself to prevent any discrimination against the minorities, religious, cultural, linguistic, or against any citizen or any constituent in the country."

और उसके बाद इसी घोषणा पत्र में सिविल राइट्स कमीशन की भी बात की गई थी। मैं इस ओर ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि जनता पार्टी का घोषणा पत्र था और उसके बाद जब जनता पार्टी की सरकार बनी उसमें श्री अटल बिहारी वाजपेयी, श्री लाल कृष्ण आडवाणी श्री सिकन्दर बख्त और राजस्थान के श्री सतीश अग्रवाल और कई और भी इस दल के लोग मंत्रि-मंडल में सम्मिलित हुए थे और उसके बाद 1978 में पहली बार इस देश में अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया गया था। यह बात सही है कि उस अल्पसंख्यक आयोग को कानूनी दर्जा नहीं दिया गया था और

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

सरकार ने एक सरकारी आदेश से उसका गठन किया और पहली बार मुझे याद पड़ता है कि मीनू मसानी की अध्यक्षता में या हो सकता है, मेरी स्मरण शक्ति काम न करती हो, उसका गठन हुआ। इसकी चर्चा मैं इसलिए कर रहा हूं कि कांग्रेस पार्टी की ओर से इसकी बड़ी चर्चा की जा रही है कि श्री राजीव गांधी ने चुनाव घोषणा पत्र में जो वायदा किया था, उसको पूरा करने का काम आज की सरकार कर रही है। मैं इसकी ओर निवेदन कर रहा हूं कि अल्पसंख्यक आयोग तो बन गया था 1978 में ही और उसके बाद 13 बार उसकी रिपोर्ट सरकार को पेश की जा चुकी है। अंतिम बार श्री बर्नी हैं, जिन्होंने श्री सीताराम केसरी मंत्री जी को अपनी रिपोर्ट सबमिट की है। फिर उसके बाद नेशनल फ्रंट की सरकार बनी और उसका चुनाव घोषणा पत्र बना, उसमें भी इस बात का वायदा किया गया था, कांग्रेस पार्टी ने कभी वायदा नहीं किया था माइनेरिटी कमीशन बनाने का और जब नेशनल फ्रंट बना और उसने अपना जो घोषणा पत्र जारी किया, उसमें उन्होंने कहा कि :-

"The Minorities Commission will be given rtatutory status."

और इस काम को, जिसको जनता पार्टी ने 1977 में शुरू किया था, आज उसी काम को पूरा करने का काम आधे मन से इस सरकार ने किया है। यह बात मैं इसलिये कह रहा हूं... (व्यवधान)

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल (पंजाब): आप क्यों नहीं कर पाये?

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: इसीलिए आधे मन से कह रहा हूं।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपल: 11 महीनों में आप क्यों नहीं कर पाये?

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: हमने किया। मॉयनोरिटी कमीशन बनाया, उस की 13-13 रिपोर्ट आई।

श्री जगेश देसाई: आप सत्ता में थे, वी. पी. सिंह सत्ता में थे। उन्होंने क्यों नहीं किया।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: मैं यह निवेदन कर रहा हूं कि इसके संबंध में संविधान में संशोधन करना चाहिए था। इसमें एक शेड्यूल्ड कास्ट, शेडयूल्ड ट्राइबस कमीशन की भी बात की गई थी। 1990 में सरकार की ओर से 62वां अमेंडमेंट बिल लाया गया और जो संसद से पारित भी हुआ तथा राष्ट्रपति जी ने 7 जून, 1990 को उसको अपनी स्वीकृति भी दे दी थी। मेरा यह निवेदन है कि अलग से विधेयक न लाकर के इस संबंध में संविधान में संशोधन करना चाहिए था। दूसरे, इस विधेयक के जो प्रावधान हैं, उनके बारे में मुझे घोर आपत्ति है। एक तो यह सही है कि मॉयनोरिटी कौन है, इसकी चर्चा संविधान में है। संविधान ने भी इसकी परिभाषा नहीं की है। लेकिन संविधान में जो बहुत से क्लॉजेज हैं, उनको लेकर ही मॉयनोरिटी माना जाता है। आपने यह कहा कि :

"Minority for the purpose of tis Act means a community notified as such by the Central Govern ment."

तो मेरा निवेदन है कि आपको इस पर पुनर्विचार करना चाहिए और कौन मॉयनोरिटी है, इसका अधिकार केन्द्रीय सरकार अपने हाथ में न ले, बल्कि मॉयनोरिटी की परिभाषा क्या है, कौन मॉयनोरिटी में आ सकता है, इसकी परिभाषा इसी विधेयक में होनी चाहिए। दूसरे, इसमें इस बात का प्रावधान हैं कि अध्यक्ष को लेकर के कुल 7 पद इसमें होंगे और फिर कहा है कि :

"Provided that five members, including the Chairperson shall be

from amongst the minority community."

शैड्यूल्ड कॉस्ट, शेड्यूल्ड ट्राईब्स के संबंध में जिस विधेयक को मैंने अभी पढ़ा, उसमें इस बात का प्रावधान नहीं है, भले ही उसमें शेड्यूल्ड कॉस्ट, शैड्यूल्ड ट्राईब्स के लोगों को कर दीजिए, लेकिन इस अमेंडमेंट में रिस्ट्रेक्ट नहीं किया है कि शेड्यूल्ड कॉस्ट, शेड्यूल्ड ट्राईब्स का जो कमीशन बनेगा, उसके जो सदस्य होंगे, उसके जो अध्यक्ष होंगे, वह केवल अनुसूचित जाति और जन-जाति के होंगे। इस बात की चर्चा मैं इसलिए कर रहा हूं कि फिर आप बांटने का काम मत करिए। भले ही जो भी सरकार हो, केन्द्र की सरकार हो, उनको जनता की ताकत होगी, जनता के वोट पर वह सत्ता में रहेंगे, उनके हाथ में अधिकार रहेगा। लेकिन इस बात को लिखना कि इसमें 5 सदस्य केवल मॉयनोरिटी कमीशन से होंगे, इस पर मेरी घोर आपत्ति है। मैं तो चाहता हूं कि बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय का जो कुलपति है, वह अल्पसंख्यक व्यक्ति बने। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का जो कुलपति है, वह बहुसंख्यक सम्प्रदाय का बने। मैं इलाहाबाद का रहने वाला हूं। अंग्रेजों के जमाने से लेकर 1980 तक वहां कभी एक भी अल्पसंख्यक वर्ग का कलक्टर नहीं बनाया गया। लेकिन 1980 में पहली बार श्री रिज़वी को वहां कलक्टर बनाया गया। बड़ी प्रसन्नता हुई हम लोगों को। लेकिन कुछ लोगों ने कहा कि चूंकि हमारे यहां कुंभ मेला होता है, हर साल माघ मेला होता है, अर्द्ध कुंभ भी होती है तो गंगा जी की पूजा होती है कि मेला भली-भांति सकुशल सम्पन्न हो जाये। अत: आपत्ति की थी कि यह बड़ा खराब हो गया है कि एक अल्पसंख्यक को कलेक्टर बनाया गया है तो वह गंगा जी की पूजा कैसे करेगा? तब हम लोगों को वहां पर आंदोलन करना पड़ा कि अंग्रेज तो गंगाजी की पूजा करता था, तब लोगों को आपत्ति नहीं थी, लेकिन आज एक अल्पसंख्यक कलक्टर बन गया तो लोगों को आपत्ति हो रही है। इसलिए मैं आपसे करबद्ध निवेदन करता हूं कि यह जो प्रावधान आपने रखा है, इसके बारे में आप पुनर्विचार करें। क्योंकि मॉयनोरिटी के ही व्यक्ति हों और मॉयनोरिटी के बारे में केवल मॉयनोरिटी के व्यक्ति ही सोच सकते हैं। यह जो बात है, इस पर भी मेरा मतभेद है। इसलिये इस पर आप पुनर्विचार करें।

श्रीमती इंदिरा गांधी का जो 15 पोइंट प्रोग्राम है वह उन्होंने लागू किया था। उसके संबंध में अभी जो आखरी रिपोर्ट है मि. बरनी की, जो हमको पढ़ने को तो नहीं मिली, पार्लियामेंटरी लायब्रेरी में भी नहीं मिली, पता लगा कि मिनिस्ट्री में है। उन्होंने क्या कहा है।

"We found that the 15point programme, which is a key factor for the improvement of the position of minorities, is not making any headway."

Recruitment: State Governments have been requested to ensure better representation of minorities in State Police For-raising 'of composite battalions and special training programmes for the Police Force.

इसको भी देखिए। इसका फौरो-अप हो रहा है कि नहीं हो रहा है क्योंकि माइनोरिटीज की ओर से आज भी इस बात की बहुत शिकायत है कि पुलिस फोर्स में और अन्य फोर्सों में उनके लोगों का रिक्रूटमेंट नहीं होता। इंदिरा जी का जो 15 प्वाइंट प्रोग्राम है उसके संबंध में बरनी साहब की रिपोर्ट को मैंने उद्धत कर दिया लेकिन जो रिक्रूटमेंट की पालिसी है, उस बारे में मेरा निवेदन है कि उसका पालन करने का काम सरकार को करना चाहिए।

तीसरा, डा. गोपाल सिंह माइनोरिटीज कमीशन की रिपोर्ट बड़ी अच्छी रिपोर्ट है। डा. गोपाल सिंह की तो अब डेथ हो गई है। कई बार मैं इस विषय को यहां उठा चुका हूं कि उस रिपोर्ट के संबंध में इस सदन में चर्चा होनी चाहिए और उसकी अच्छी बातों को सरकार को लागू करना चाहिए

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

लेकिन नहीं लागू हो रही है। फिर देसाई जी कह देंगे कि विश्वनाथ प्रताप सिंह ने क्यों नहीं किया? विश्वनाथ प्रताप सिंह न करें लेकिन जो अच्छी चीजें हैं, उनको करना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : मालवीय जी, आपका टाइम हो गया, बहुत लोग बोलने वाले हैं।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : बस एक मिनट में खत्म कर रहा हूं। इसी तरह गुजरात कमेटी ऑन प्रमोशन ऑफ उर्दू ने भी अपनी रिपोर्ट आपको दी है। उसके संबंध में मेरा निवेदन है कि उसकी भी अच्छी बातों को आप लागू करें और काम करिए क्योंकि अल्पसंख्यकों के मन में यह भावना नहीं रहनी चाहिए कि हम असुरक्षित हैं। इन शब्दों के साथ मैं उम्मीद करता हूं कि मैंने जो सुझाव दिए हैं उनके बारे में सरकार ख्याल करेगी और फिर कांग्रेस पार्टी के ध्यान में इस बात को लाना चाहता हूं कि जो यह अल्पसंख्यक आयोग का कानून आया है और पारित हो रहा है लेकिन ह्यूमन राईट्स के संबंध में जो आपका वायदा है और जिसके संबंध में जनता पार्टी ने भी वायदा किया था कि— नेशनल फ्रंट ने भी वायदा किया था

The Congress will establish by a legislation a human-rights commission to investigate and adjudicate complaints of violation of human rights, particularly the civil rights of different groups or classes of people.

आपको ह्यूमन राईट्स कमीशन बनाने का काम करना चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

THE VICE CHAIRMAN (SHRl BHASKAR ANNAJI MASODKAR): I would request the Members to stick to the time. Otherwise it will not be over. There are 20 hon. Members, who wani to speak.

श्री मौलाना असद मदनी (उत्तर प्रदेश) : जनाब नायब सदर साहब, राजीव गांधी जी के वायदे के मुताबिक कांग्रेस हुकूमत ने यह अक़ल्लियती कमीशन बिल लाकर अपना वायदा पूरा किया है, यह बहुत खुशी की बात है और फख्र के साथ हम इस बिल की ताईद करते हैं। ये मुल्क हकीकत में अक़ल्लियतों की अक्सरियत का मुल्क है और यहां अगर सीने को बसी करके एक दूसरे की बातों को बरदाश्त करके सही तरीके से शरीफ पड़ोसियों के साथ नहीं रहा जाएगा तो ये मुल्क खराब हो जाएगा, तरक्की नहीं करेगा, मुल्क में ऐतमाद बाकी नहीं रहेगा और यहां के बसने वाले कानून, इंसाफ, भलाई, इंसानियत, सब चीजों से महरूम हो जाएंगे और उसका नतीजा मुल्क को बदतरीन हालात से भुगताना पड़ेगा। इसलिए जरूरी है कि हुकूमत अपने फ़र्ज को दयानतदारी से अंजाम दे और हुकूमत अपने मामलात में खुसूसन कानून और इंसाफ के बारे में किसी किस्म के फर्क को, इम्तियाज़ को हरगिज़ जायज़ न रखे और इसको न होने दे। लेकिन हमारे मुल्क में पिछले 40 बरस के अंदर कई हजार फसादात हो चुके हैं उनके असबाब पर गहरी नज़र नहीं पड़ती और प्रेस निहायत तअस्सुब के साथ, गैर-जानितदारी और गलत किस्म का रोल अदा करता है। फसादात को फैलाता, बढ़ाता और मुस्तहिल करता है। सरकारी मशीनरी ईमानदारी से काम नहीं करती। फसादात में खुलकर हिस्सा लेती है और अक़ल्लियतों को तबाह करती है, लुटवाती है, जान से कत्ल किए जाते हैं, मारे जाते हैं, जलाए जाते हैं, जिन्दा जलाए जाते हैं, औरतें जलाई जाती हैं, दूध पीते बच्चे जलाए जाते हैं, कोई कानून कोई इंसाफ, किसी किस्म की इंसानियत बरती नहीं जाती और मुजरिम दिनदहाड़े हजारों, सैकड़ों की भीड़ में सब कुछ करते हैं, सब देखते हैं और कोई मुजरिम आज तक हमारे मुल्क में ऐसा नहीं है जिसको फांसी दी गई हो। खान अब्दुल गफ्फारखान साहब हिन्दुस्तान आए थे मरहूम और सेंट्रल हॉल में हम सब ने उनका इस्तकबाल किया था। उन्होंने गवर्नमेंट आफ इंडिया से पूछा था कि इस मुल्क में, गांधी जी के मुल्क में इतने फसादात हुए, कितने मुजरिमों को

फांसी दी गई? कोई जवाब नहीं दिया जा सका। तो हमारी मशीनरी कम्यूनल है और हुकूमत उसकी पूरी जानिबदारी, तरफदारी करती है और वह तमाम जरायम करवाती है और फसादात होते हैं, कत्ल किए जाते हैं, लूटे जाते हैं और मुजरिम न पकड़े जा सके इसलिए उन मजलूमों को जख्मी हालत में हड्डियां टूटी हुई, गिरफ्तार करके मुजरिम बनाकर जेलों में बंद कर दिया जाता है। कई-कई घंटे पिटने, लहूलुहान होने, हड्डियां टूटने के बाद अगर वह पानी मांगते हैं तो कहते हैं कि इनके मुंह में मूत दो, पेशाब कर दो, पानी क्यों मांग रहे हैं और किसी को एफ०आई०आर० दर्ज कराने का कानूनी हक नहीं दिया जाता है। अगर कोई एफ०आई०आर० लेकर जाए तो उसको गिरफ्तार करके उसी कटघरे में बंद कर दिया जाता है इस जुर्म में कि वह मुजरिमों को निशानदेही करने, नाम लेने और उनको हुकूमत की फाइल में लिख करके यह देने के क्यों आया कि फलां-फलां आदमी कत्ल में, लूटने में, आग लगाने में मलब्बत है। इसलिए इस जुर्म में उनको कि यह लिखकर क्यों लाया है। उसको भी जेल में बंद कर दिया जाता है। तो सरकारी मशीनरी में कोई शख्स ईमानदारी से काम करे यह हो नहीं सकता। अगर कोई अफसर फसाद रोकने के लिए काम करता है तो कामयाब हो जाता है लेकिन उसका फौरन धमकी दी जाती है कि तुम इस कुर्सी पर बैठ नहीं सकते, तुमको हटना पड़ेगा। और उसकी सजा में दिन नहीं गुजरता कि उसका हटा दिया जाता है। जो ईमानदारी से काम करे और फसाद को रोके उसकी सजा उसको भुगतनी पड़ती है। उसको जलील किया जाता है और उसको हटा दिया जाता है। हुकूमत के अफसरान यह करते हैं, बड़े अफसरान करते हैं।

[उपसभाध्यक्ष (प्रो० चंद्रेश पी० ठाकुर): पीठासीन हुए]

उसको शाबाशी नहीं देते, ईनाम नहीं देते फसाद रोकने पर और जो खुलकर फसादात करवाते हैं उनको इनामात मिले हैं, तरक्कीयात मिलती हैं, अंदर अंदर सब कुछ होता है और उनको न कोई सस्पेंट करता है, और यह कह दिया जाता है कि तहकीक होगी, उसके बाद में सजा दी जाएगी, लेकिन न तहकीक होती है न सजा मिलती है, न कुछ होता है। ऐसे हालात में मुसलमान अकल्लियत हैं और इस मुल्क में उनके साथ डिस्क्रिमिनेशन, उनके साथ इम्तियाज ऐजुकेशन में हैं, नौकरी में हैं, तरक्कीयात में हैं, उनके गांव में सड़कों के बनने में हैं, पुलों के बनने में हैं बिजली के लगने में और मिलने में हैं। इम्तियाज उनके साथ जान की हिफाजत में हैं, माल की हिफाजत में है, इंसाफ में है, कानून में हैं, जिन्दगी के हर शोबे में जबरदस्त इम्तियाज से गुजर रहे हैं, मुसलमान 40 वर्ष हो चुके हैं और पूरे तरीके से इस तरीके से इंसाफ और कानून हासिल करने में नाकाम है। तो इनके साथ ये सब चीजें बरती जाती हैं। अभी आसाम में ए०जी०पी० की हुकूमत के जमाने में 30 आदमी नौजवान कंपिटिशन में फस्ट, प्रथम आ गए। उनमें से एक भी आदमी नहीं लिया गया। उस लिस्ट को छोड़ कर दूसरी लिस्ट ले ली गई। (समय की घंटी) मैं मुख्सर कर रहा हूं।

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चंद्रेश पी० ठाकुर): बहुत से लोग बोलने वाले हैं।

श्री मौलाना असद मदनी: मुझे माफ कीजियेगा। यह मामला ही हमारे बारे में है। अगर हमें ही मौका नहीं देंगे और सिर्फ उन्ही लोगों को मौका देंगे जो कुछ नहीं चाहते मुल्क के अंदर यह ठीक नहीं है। हमें मौका दीजिए ताकि कुछ तल्ख बातें यहां हो और मुल्क को जरूरत महसूस हो कि मुल्क जानवरों का मुल्क बनेगा या इंसानों का मुल्क बनेगा।

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर) आप जरूर कहिये लेकिन और भी बोलना चाहते हैं।

श्री मौलाना असद मदनी: मैं खुद मुख्सर कर रहा हूं। मुझ अहसास है बड़ी मुश्किल होगी। यह सूरतेहाल बराबर चली आती है जिंदगी के हर शोबे में। इस मुल्क में कानून और इंसाफ को

[मौलाना असद मदनी]

बलायतताक रखकर कम्युनल किस्म का कत्ल करने वाली, कत्ल की ट्रेनिंग देने वाली, नजायज हथियार रखने वाली आर०एस०एस० जैसी तंजीमे हैं जिसने गांधी जी का कत्ल किया। इस मुल्क में बजरंग दल जैसी तंजीम मौजूद हैं जो तसद्दुद हथियारों का, जुल्म का, कम्युनलिज्म का, फिरकापरस्ती का बोलबाला करना चाहती हैं। शिवसेना जैसी तंजीम मौजूद हैं जो हर वक्त धमकियां देती हैं, जो किसी को भी जिंदा देखना नहीं चाहती और कानून उनके लिए नहीं है। बाकायदा लाखों वालियंटर की शाखाएं बनाकर ट्रेनिंग दी जाती है खुफिया हथियारों से कत्ल करने की। उसके लिए प्लान बनते हैं। यह सब कुछ हो रहा है और हुकूमत का कानून बेबस है। फौज है, पुलिस है, मुल्क की हिफाजत के लिए तो फिर क्या जरूरत है कम्युनल किस्म के तंजीमों की। जब मोरारजी भाई प्राइम मिनिस्टर थे तो हम उनसे मिले थे और मौजूदा मुल्क की फिरकेवाराना सूरतेहाल के मुताबिक बातचीत की। वह कहने लगे आर. एस.एस० के लोग आये थे। मैंने कहा उनको कि तुम मुसलमान को कत्ल करके खत्म नहीं कर सकते। मोरारजी भाई देसाई जी का यह एतराज इस बात की दलील है उनका यह ऐम है कि मुसलमानों को या तो खत्म करो या शूद्र बनाओ या बाइज्जत जिन्दगी को खत्म कर दो इस तरह के दसियों तंजीमें मुल्क में हैं। हुकूमत और कानून बेबस है। अकलियतों को इंसाफ और कानून के नाम पर कोई चीज नहीं मिलती। यह जरायम फैला रहे हैं। तमाम साजिशें इसलिए हो रही हैं कि यहां मुल्क में करोड़ों जो पहले शूद्र थे वे खत्म हो गये इसलिए दूसरों को शूद्र बना दो। तमाम मिशनरी जुल्म का साथ देती है और कोई इन्साफ दिलाने के लिए अगर ऐसी सूरत में कमीशन बनता है जो अकलियतों के इन्साफ के लिए कुछ लिखे, पढ़े, देखे, अपना फर्ज अदा कर सके, उसको अख्तियार किसी किस्म का हासिल हो तो आज परेशानी होती है। ह्यूमन राइट्स कमीशन होना चाहिए, जरूर हो वह भी कीजिए आप। लेकिन अकलियतों की अलग मसाइल हो। एक वाकया नहीं, दो वाकया नहीं, सौ वाकया नहीं, हजारों बार फसाद हो चुके हैं, लाखों कत्ल किये जा चुके, बेकसूर बच्चे, औरतें सैकड़ों, हजारों कत्ल हो चुके, जिंदा जलाये गये लेकिन तब भी इस मुल्क में ऐसा कमीशन नहीं होना चाहिए यह कहा जाए, यह मुल्क के साथ बुराई है। इससे बड़ी दिलेरी क्या होगी?

चे दिलावर अस्त दुजदे
के बकफ जिराग दारद।

वह कत्ल कर देते हैं और वही कहते हैं इसका तहकीकाती कमीशन नहीं बनाओ। इससे बड़ी धांधली और दिलेरी क्या होगी। बुराई तो है ही। यह दिलेरी का आलम है कि यहां आकर हाऊस में इसके खिलाफ तकरीरें करें। जुल्म, जरायम करेंगे, हम ट्रेनिंग देंगे लाखों वालियंटरों को। फौज मौजूद है ईफाजत के लिए फिर भी नाकाम है। सब कुछ करेंगे लेकिन किसी को हक नहीं है कि इस मजलूम को हक दिलाएं। इसलिए मैं इस बात को मुख्तसर करते हुए चेयर के हुक्म की तामील करते हुए बहुत तफसील में नहीं जाऊंगा लेकिन यह कहना निहायत जरूरी है कि अगर हुकूमत ने ताखीर की है, जिस-जिस हुकूमत ने की है वह मुजरिम है। कांग्रेस की हुकूमत ला रही है वह काबिले मुबारकबाद है। इस काम को फौरन करना चाहिए सही तौर पर अच्छे लोग लाने चाहिए ताकि इस मुल्क की इज्जत रहे। यह मुल्क बचे, तरक्की करे, इंसानियत रहे, अमन हो, कानून हो, लोगों का मरना वगैरह तो होता ही रहता है, लेकिन यह मुल्क तब ही रहेगा, जब इंसान के लिये कानून की हिफाजत हो। लोगों को जुल्म के खिलाफ इंसाफ मिले, हिन्दू-मुसलमान में फर्क न देखा जाये, न जालिम में, न मजलूम में। न जालिम में और न मजलूम में कानून की इज्जत है। अगर कोई मजलूम मुसलमान है तो उसकी न कोई इज्जत है न हथियार है, न सहूलियत है, न इन्साफ है, न अदालत है, न मुकदमे हैं, न कानून है, न एफ०आई०आर० दर्ज करने का हक हासिल है । इन अल्फाज के साथ मैं इस बिल की ताईद करता हूं और अपनी बात खत्म करता हूं।

کا رول ادا کرتا ہے۔ فسادات کو پھیلاتا۔ بڑھاتا اور مشتعل کرتا ہے۔ سرکاری مشینری ایمانداری سے کام نہیں کرتی۔ فسادات میں کھل کر حصّہ لیتی ہے اور اقلیتوں کو تباہ کرتی ہے۔ لٹواتی ہے۔ جان سے قتل کئے جاتے ہیں۔ مارے جاتے ہیں۔ جلائے جاتے ہیں۔ عورتیں جلائی جاتی ہیں دودھ پیتے بچے جلائے جاتے ہیں۔ کوئی قانون کوئی انصاف کسی قسم کی انسانیت برتی نہیں جاتی اور مجرم دن دہاڑے ہزاروں۔ کروڑوں سینکڑوں کی بھیڑ میں سب کچھ کرتے ہیں سب دیکھتے ہیں اور کوئی مجرم آج تک ہمارے ملک میں ایسا نہیں ہے جس کو پھانسی دی گئی ہو۔ خان عبدالغفار خان ہندوستان آتے تھے۔ مرکزم اور سنٹرل ہال میں ہم سب نے ان کا استقبال کیا تھا۔ انہوں نے گورنمنٹ آف انڈیا سے پوچھا تھا کہ اس ملک میں گاندھی جی کے ملک میں اتنے فسادات ہوئے۔ کتنے مجرموں کو پھانسی دی گئی۔ کوئی جواب نہیں دیا جا سکا تو ہماری مشینری کمیونل ہے اور حکومت اس کی پوری جانبداری طرفداری کرتی ہے اور وہ تمام جرائم کرواتی ہے۔ اور فسادات ہوتے ہیں۔ قتل کئے جاتے ہیں۔ لوٹے جاتے ہیں۔ اور مجرم نہ پکڑے جا سکیں۔ اس لئے ان مظلوموں کو

مولانا اسعد مدنی: جناب نائب صدر صاحب۔ راجیو گاندھی جی کے وعدے کے مطابق کانگریس حکومت نے یہ اقلیتی کمیشن بل لاکر اپنا وعدہ پورا کیا ہے۔ یہ بہت خوشی کی بات ہے اور فخر کے ساتھ ہم اس بل کی تائید کرتے ہیں۔ یہ ملک حقیقت میں اقلیتوں کی اکثریت کا ملک ہے اور یہاں اگر سینے کو وسیع کر کے ایک دوسرے کی باتوں کو برداشت کر کے صحیح طریقہ سے شریف پڑوسیوں کے ساتھ نہیں رہا جائے گا۔ تو یہ ملک خراب ہو جائے گا۔ ترقی نہیں کرے گا۔ ملک میں اعتماد باقی نہیں رہے گا اور یہاں کے بسنے والے قانون۔ انصاف۔ بھلائی۔ انسانیت سب چیزوں سے محروم ہو جائیں گے اور اس کا نتیجہ ملک کو بدترین حالات سے بھگتنا پڑے گا۔ اس لئے ضروری ہے کہ حکومت اپنے فرض کو دیانتداری سے انجام دے اور حکومت اپنے معاملات میں خصوصاً قانون اور انصاف کے بارے میں کسی قسم کے فرق کو۔ امتیاز کو ہرگز جائز نہ رکھے۔ اور اس کو نہ ہونے دے۔ لیکن ہمارے ملک میں پچھلے بیس برس کے اندر کئی ہزار فسادات ہو چکے ہیں۔ ان کے اسباب پر گہری نظر نہیں پڑتی اور پریس نہایت تعصب کے ساتھ غیر ذمہ داری اور غلط قسم

زخمی حالت میں ہڈیاں ٹوٹی ہوئی۔ گرفتار کر کے مجرم بنا کر جیلوں میں بند کر دیا جاتا ہے۔ کئی کئی گھنٹے پٹنے لہولہان ہونے ہڈیاں ٹوٹنے کے بعد اگر وہ پانی مانگتے ہیں۔ تو کہتے ہیں کہ ان کے منہ میں موت دو۔ پیشاب کر دو۔ پانی کیوں مانگ رہے ہیں۔ اور کسی کو ایف۔ آئی۔ آر۔ درج کرانے کا قانونی حق نہیں دیا جاتا ہے۔ اگر کوئی ایف آئی آر لے کر جاتا ہے تو اس کو گرفتار کر کے اس کٹہگھرے میں بند کر دیا جاتا ہے۔ اس جرم میں کہ وہ مجرموں کی نشاندہی کرنے۔ نام لینے اور ان کو حکومت کی فائل میں لکھ کر کے یہ دینے کیوں آیا کہ فلاں فلاں آدمی قتل میں۔ لوٹنے میں۔ آگ لگانے میں ملوث ہے۔ اس لئے اس جرم میں ان کو یہ لکھ کر کیوں لایا ہے اس کو بھی جیل میں بند کر دیا جاتا ہے تو سرکاری مشینری میں کوئی شخص ایمانداری سے کام کرے یہ ہو نہیں سکتا۔ اگر کوئی افسر فساد روکنے کے لئے کام کرتا ہے تو کامیاب ہو جاتا ہے۔ لیکن اس کو فوراً دھمکی دی جاتی ہے کہ تم اس کرسی پر بیٹھ نہیں سکتے۔ تم کو ہٹنا ہوگا اور اس کو سزائیں۔ دن نہیں گذرتا کہ اس کو ہٹا دیا جاتا ہے جو ایمانداری سے کام کرے اور فساد کو روکے اس کی سزا اس کو بھگتنی پڑتی ہے۔ اس کو ذلیل کیا جاتا ہے اور اس کو ہٹا دیا جاتا ہے۔ حکومت کے افسران یہ کرتے ہیں بڑے افسران یہ کرتے ہیں اس کو شاباشی نہیں دیتے۔ انعام نہیں دیتے۔ فساد روکنے پر اور جو کھل کر فساد کرواتے ہیں۔ ان کو انعامات ملتے ہیں۔ ترقیات ملتی ہیں۔ اندر اندر سب کچھ ہوتا ہے۔ اور ان کو نہ کوئی سسپینڈ کرتا ہے اور یہ کہہ دیا جاتا ہے کہ تحقیق ہوگی اس کے بعد میں سزا دی جائے گی لیکن نہ تحقیق ہوتی ہے نہ سزا ملتی ہے۔ نہ کچھ ہوتا ہے۔ ایسے حالات میں مسلمان اقلیت میں ہیں اور اس ملک میں ان کے ساتھ ڈسکریمنیشن ان کے ساتھ امتیاز ایجوکیشن میں ہے۔ نوکری میں ہے۔ ترقیات میں ہے۔ ان کے گاؤں میں سڑکوں کے بننے میں ہے۔ پلوں کے بننے میں ہے۔ بجلی کے لگنے میں اور ملنے میں ہے۔ امتیاز ان کے ساتھ جان کی حفاظت میں ہے۔ مال کی حفاظت میں ہے انصاف میں ہے۔ قانون میں ہے۔ زندگی کے ہر شعبے میں زبردست امتیاز سے گذر رہے ہیں مسلمان۔ ۴۴ برس ہو چکے ہیں اور پورے طریقے سے اس طریقے سے انصاف اور قانون حاصل کرنے میں ناکام

ہیں۔ تو ان کے ساتھ یہ سب چیزیں برتی جاتی ہیں۔ ابھی آسام میں اسے۔ جی۔ پی کی حکومت کے زمانے میں ۱۲ آدمی نوجوان کمپٹیشن میں فرسٹ، پرتھم آ گئے۔ ان میں ایک بھی آدمی نہیں لیا گیا۔ اس لسٹ کو چھوڑ کر دوسری لسٹ سے لی گئی ۔ ۔ ۔ "وقت کی گھنٹی"۔ ۔ ۔ میں مختصر کر رہا ہوں۔

اپ سبھا ادھیکش (پروفیسر چندریش پی۔ ٹھاکر): بہت سے لوگ بولنے والے ہیں۔

مولانا اسعد مدنی: مجھے معاف کیجئے گا۔ یہ معاملہ ہی ہمارے بارے میں ہے۔ اگر ہمیں ہی موقع نہیں دیں گے اور صرف انہی لوگ کو موقع دیں گے جو کچھ نہیں چاہتے ملک کے اندر یہ ٹھیک نہیں ہے۔ ہمیں موقع دیجئے تاکہ کچھ تلخ باتیں یہاں ہوں اور ملک کو ضرورت محسوس ہو کہ ملک جانوروں کا ملک بنے گا۔ یا انسانوں کا ملک بنے گا۔

اپ سبھا ادھیکش: آپ ضرور کہئے۔ لیکن اور بھی بولنا چاہتے ہیں۔

مولانا اسعد مدنی: میں خود مختصر کر رہا ہوں۔ مجھے احساس ہے بڑی مشکل ہوگی۔ یہ صورت حال برابر چلی آتی ہے زندگی کے ہر شعبے میں۔ اس ملک میں قانون اور انصاف کو بالائے طاق رکھ کر کمیونل قسم کی قتل کرنے والی قتل کی ٹریننگ دینے والی۔ ناجائز ہتھیار رکھنے والی آر ایس ایس۔ ایس جیسی تنظیمیں ہیں جس نے گاندھی جی کا قتل کیا۔ اس ملک میں بجرنگ دل جیسی تنظیم موجود ہے۔ جو تشدد کا پجاری کا ظلم کا، کمیونزم کا۔ فرقہ پرستی کا بول بالا کرنا چاہتی ہے۔ شیو سینا جیسی تنظیمیں موجود ہیں جو ہر وقت دھمکیاں دیتی ہے جو کسی کو بھی زندہ دیکھنا نہیں چاہتی اور کوئی قانون ان کے لئے نہیں ہے۔ باقاعدہ لاکھوں والنٹیئر کی شاکھائیں بنا کر ٹریننگ دی جاتی ہے۔ خفیہ ہتیاروں سے قتل کرنے کی۔ اس کے لئے پلان بنتے ہیں۔ یہ سب کچھ ہو رہا ہے اور حکومت کا قانون بے بس ہے۔ فوج ہے۔ پولیس ہے۔ ملک کی حفاظت کے لئے تو پھر کیا ضرورت ہے کمیونل قسم کی تنظیموں کی۔ جب مرار جی بھائی پرائم منسٹر تھے۔ تو ہم ان سے ملے تھے اور موجودہ ملک کی فرقہ وارانہ صورت حال کے مطابق بات چیت کی۔ وہ کہنے لگے کہ آر۔ ایس۔ ایس کے لوگ آئے تھے۔ میں نے کہا ان کو کہ تم مسلمانوں کو قتل کر کے ختم نہیں کر سکتے۔ مرار جی بھائی دیسائی جی کا یہ اعتراض اس بات کی دلیل ہے کہ ان کا یہ ایم ہے کہ مسلمانوں کو یا تو ختم کر دو یا شدر بنا دو یا باعزت زندگی کو ختم کر دو۔ اس طرح کی

وہ قتل کر دیتے ہیں اور وہی کہتے ہیں اس کا تحقیقاتی کمیشن نہ بناؤ۔ اس سے بڑی دھاندھلی اور دلیری کیا ہوگی برائی تو یہ ہے ہی۔ یہ دلیری کا عالم ہے۔ کہ یہاں آ کر ہاؤس میں اس کے خلاف تقریریں کریں۔ ظلم۔ جرائم کریں گے ہم ٹریننگ دیں گے۔ لاکھوں والنٹروں کو۔ فوج موجود ہے۔ حفاظت کے لئے پھر بھی ناکام ہے۔ سب کچھ کریں گے لیکن کسی کو حق نہیں ہے کہ اس مظلوم کو حق دلائیں۔ اس لئے میں اس بات کو مختصر کرتے ہوئے چیئرمین کے حکم کی تعمیل کرتے ہوئے بہت تفصیل میں نہیں جاؤں گا۔ لیکن یہ کہنا نہایت ضروری ہے کہ اگر حکومت نے تاخیر کی ہے۔ جس جس حکومت نے کی ہے۔ وہ مجرم ہے۔ کانگریس حکومت لا رہی ہے وہ قابل مبارکباد ہے۔ اس کام کو فوراً کرنا چاہیئے۔ صحیح طور پر اچھے لوگ لانے چاہیئے۔ تاکہ اس ملک کی عزت رہے یہ ملک بچے ترقی کرے۔ انسانیت رہے امن ہو۔ قانون ہو۔ لوگوں کا مرنا وغیرہ ہوتا ہی رہتا ہے۔ لیکن یہ ملک تب ہی رہے گا۔ جب انسان کے لئے قانون کی حفاظت ہو۔ لوگوں کو ظلم کے خلاف دسیوں تنظیمیں ملک میں ہیں۔ حکومت اور قانون بے بس ہے۔ اقلیتوں کو انصاف اور قانون کے نام پر کوئی چیز نہیں ملتی۔ یہ جرائم پھیلا رہے ہیں۔ تمام سازشیں اس لئے ہو رہی ہیں کہ یہاں ملک میں کروڑوں جو پہلے شدر تھے۔ وہ ختم ہو گئے۔ اس لئے دوسروں کو شدر بنا دو۔ تمام مشینری ظلم کا ساتھ دیتی ہے اور کوئی انصاف دلانے کے لئے اگر ایسی صورت میں کمیشن بنتا ہے۔ جو اقلیتوں کے انصاف کے لئے کچھ بکھے پڑھے دیکھے۔ اپنا فرض ادا کر سکے۔ اس کو اختیار کسی قسم کا حاصل ہو تو پریشانی ہوتی ہے۔ ہیومن رائٹس کمیشن ہونا چاہیئے۔ ضرور ہو وہ بھی کیجئے آپ لیکن اقلیتوں کے الگ مسائل ہوں۔ ایک واقعہ نہیں ہے۔ دو واقعہ نہیں۔ سو واقعہ نہیں ہزاروں فسادات ہو چکے ہیں لاکھوں قتل کئے جا چکے ہیں۔ بے قصور بچے۔ عورتیں سینکڑوں ہزاروں قتل ہو چکے ہیں۔ زندہ جلائے گئے۔ لیکن تب بھی اس ملک میں ایسا کمیشن نہیں ہونا چاہیئے۔ یہ کہا جائے۔ یہ ملک کے ساتھ برائی ہے۔ اس سے بڑی دلیری کیا ہوگی

چہ دلاور است دزدے
کہ بقف چراغ دارد

انصاف ملے۔ ہندو مسلم میں فرق نہ
دیکھا جائے۔ نہ ظالم میں نہ مظلوم میں
نہ ظالم میں اور نہ مظلوم میں قانون کی
عزت ہے۔ اگر کوئی مظلوم مسلمان ہے
تو اس کی نہ کوئی عزت ہے نہ ہتیار ہے
نہ سہولت ہے۔ نہ انصاف ہے نہ عدالت
ہے۔ نہ مقدمے ہیں۔ نہ قانون ہے۔ نہ
ایف۔ آئی۔ آر درج کرنے کا حق حاصل
ہے۔ ان الفاظ کے ساتھ میں اس بل کی
تائید کرتا ہوں اور اپنی بات ختم کرتا ہوں۔
"ختم شد"

श्री मोहम्मद अलीमुर रहमान (आन्ध्र प्रदेश) : जनाब वाइस-चेयरमैन साहब, मैं अपनी तकरीर की इबतदा एक शेर से करना चाहूंगा–

छांव के बदले धूप दी सदा दुनिया ने,
हमने दिल फूंक के दुनिया को उजाला दिया।

मैं इस नेशनल कमीशन फार माइनोरिटीज बिल, 1992 की भरपूर ताईद करने के लिए खड़ा हूं। हिन्दुस्तान को आजाद हुए कोई 45 साल हो रहे हैं। मगर इन 45 सालों में अकलियतों के साथ जो नाइंसाफी की गई है वह अजहर मिनसम्स है। उसके तफसील में जाने की कतई जरूरत नहीं है। यह बिल जो है यह तमाम अकलियतों का एक डेरिना मुतालबा है और वक्त की एक अहम तरीन जरूरत थी। चुनांचे इस बात को महसूस करते हुए 1989 में नेशनल फ्रन्ट ने अपने इलेक्शन मैनीफेस्टो में इस बात का वायदा किया था कि अकलियतों के कमीशन को स्टेट्यूटरी दर्जा, दस्तूरी दर्जा, दिया जाएगा। मगर उस नेशनल फ्रन्ट की सरकार का दौर सिर्फ 11 महीने तक रहा और आप अच्छी तरह से जानते हैं कि किस मुश्किल हालात में इस गुजरा। फिर भी इस मुक्तसर दौर में जो कुछ नेशनल फ्रन्ट की सरकार ने किया वह काबिले तहसीन है। इस बिल को अमली जामा पहनाने से पहले वह नेशनल फ्रन्ट की गवर्नमेंट खत्म हो गई। इस अकलियती कमीशन को स्टेट यूटरी पावर देने का तसव्वुर नेशनल फ्रन्ट की हुकूमत के सामने था कि दस्तूर में तरमीम की जाय, उसके बदले में यह बिल जो लाया गया है यह एक मजदूर किस्म का बिल है। जिस तरह से एस. सी. और एस. टी. कमीशन को दस्तूरी मोकफ दिया गया है, जिस तरह से नेशनल कमीशन फार वोमेन को दस्तूरी दर्जा दिया गया है उसी तरह से इस माइनोरिटीज कमीशन को दस्तूरी दर्जा दस्तूर में तरमीम करके दिया जाना चाहिए था। मगर पता नहीं क्यों अचानक मोकफ में तबदीली आई और इस बिल के जरिये इस कमीशन को यह दर्जा दिया जा रहा है। अभी भी मैं कहूंगा हुकूमते हिन्द से, और खास तौर पर श्री सीताराम केसरी जी से कहूंगा कि दस्तूर में तरमीम की जाय और इस कमीशन को दस्तूरी दर्जा दिया जाय।

आप अच्छी तरह से जानते हैं कि यह बिल पास भी हो जाएगा। मगर इसमें जब तक हुकूमत की नीयत साफ न हो उस वक्त तक इस बिल का इम्प्लीमेंटेशन नहीं हो सकेगा। इस बिल का इम्प्लीमेंटेशन होने के लिए हुकूमत की नीयत साफ होनी चाहिए। सबसे पहले तो मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारे मुल्क में तमाम माइनोरिटीज का एक सोशियो इकनोमिक सर्वे कराया जाय। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि तेलुगु देशम की हुकूमत ने अपने सात साल के वक्त में आन्ध्र प्रदेश में माइनोरिटीज कमीशन के जरिये माइनोरिटीज का सोशियो इकनोमिक सर्वे कराया था। उसी तरह से पूरे मुल्क में माइनोरिटीज का एक सोशियो इकनोमिक सर्वे कराया जाना चाहिए और उस सर्वे के बाद जो बात सामने आये उसकी रोशनी में काम किया जाय। कहां पर कमियां रह गई हैं कहां पर कोताही रह गई है, उन बातों को सामने रखते हुए वह कमीशन सिफारिश करें। अकलियतों की जो माली हालत है,

[श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान]

उसमें जो कमजोरी है, उनकी तालीम में जो कमी और कमजोरी है, सोशियल फील्ड में जो कमजोरी है उनको दूर किया जाय । लिहाजा, आप इस कमीशन को कानूनी दर्जा दे रहे है तो सही मायनों में इसके एम्ज और आब्जेक्ट्स का आप इम्प्लीमेंटेशन करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको माइनोरिटीज का एक सोशियो इकनोमिक सर्वे कराना चाहिए। तो इसके लिए आप सोशो-एकानामिक सर्वे जरूर कराइये । हमारे मुल्क में इन 45 सालों में जो हजारों फसादात हुए हैं, उन फसादात की रोकथाम के लिये इस बिल में कोई खास प्राविजन नहीं किया गया है सिवाय इसके कि यह माइनारिटी कमीशन हुकूमत को सिफारिश करे । पर हुकूमत पर यह पाबंदी भी नहीं लगायी गई है कि इन सिफारिशों को मिन-व-अन तसलीम किया जाय, यह भी इसमें पाबंदी नहीं है । जब तक आप इस बिल के जरिये हुकूमत यो इसके लिये पाबंद नहीं करते कि माइनारिटीज कमीशन की जो भी सिफारिसात हैं उन सिफारिसात को तसलीम किया जाय तब तक कोई फायदा नहीं होगा : जनाब व इस-चेयरमैन साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि जनाब सीताराम केसरी साहब ने माइनारिटीज के लिये नेशनल लेवल पर एक फाइनेंस डेवलपमेंट कारपोरेशन बनाने का वायदा किया था। तीन-चार महीने पहले कैपिटल दिल्ली में पूरे मुल्क के माइनारिटीज के रिप्रजन्टेटिव्स को बुलाकर एक सेमीनार एक कान्फ्रेंस की गयी थी । मगर तीन-चार महीने होने के बावजूद इस ताल्लुक से अभी तक कुछ नहीं किया गया है । मैं यह जानना चाहता हूं कि माइनारिटीज के लिये फाइनेंशियल डेवलपमेंट कारपोरेशन बनाने की जो तहरीक शुरू हुई थी उसका क्या हश्र हुआ । जल्द से जल्द इस बात की बेहद जरूरत है कि माइनारिटीज के लिये नेशनल लेबल पर एक फाइनेंशियल डेवलपमेंट कारपोरेशन कायम किया जाय । इस तरह मैं आपके जरिये हुकूमते हिन्द से यह भी कहूंगा कि केसरी साहब ने वक्फ एक्ट, 1984 में तरमीम करके एक नया ऐक्ट लाने का वायदा किया है । इस सिलसिले में न सिर्फ मुस्लिम मेंबर्स आफ पार्लियामेंट की दो या तीन दफे मीटिंग बुलाई गई बल्कि इससे हटकर सैंट्रल व कौंसिल के अराकीन की मीटिंग मेंबर पार्लियामेंट के साथ बुलाई गई थी और यह वायदा किया गया था कि इसके पहले के सेशन या बजट सेशन में उस मुस्लिम वक्फ अमेंडमेंट ऐक्ट को लाया जायेगा । मगर इन तमाम मीटिंग्स के बावजूद आज तक, आज पार्लियामेंट का आखिरी दिन है, मगर वह ऐक्ट नदारद है । लिहाजा मैं आपके तवस्सुत से हुकूमत से यह दरख्वास्त करूंगा कि आप मुस्लिम वक्फ अमेंडमेंट ऐक्ट जल्द से जल्द लेकर आयें ।

फिर तीसरी चीज मैं और कहना चाहता हूं और उसके बाद मैं खत्म करूंगा । आप अच्छी तरह से जानते हैं कि मोहतरमा इंदिरा गांधी साहिबा ने देश के मुसलमानों के लिये, अकलियतों के लिये 15-प्वाइंट प्रोग्राम बनाया था । मगर उस 15-प्वाइंट प्रोग्राम का क्या हश्र हुआ । मुल्क के बड़े-बड़े इंटलुक्चुअल, हस्ता के अब जो मौजूदा माइनारिटी कमीशन है उसकी भी यह राय है कि वह 15 प्वाइंट प्रोग्राम मजकूल किस्म का होकर रह गया है और वह अकलियतों की फलह-बहबूदी के लिये, अकलियतों के तहफुज के लिये बेमानी होकर यह गया है । जरूरत इस बात की है कि 15-प्वाइंट प्रोग्राम को फिर से दुबारा रीफ्रेम किया जाय । 15-प्वाइंट बनाइये, 20-प्वाइंट बनाये या 25-प्वाइंट बनाये एक जामे किस्म का प्रोग्राम माइनारिटीज की फलह और बूबूदी के लिये बनाया जाय, यह मैं आपसे दरख्वास्त करूंगा ।

फिर तीसरीबात . . .

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर): आखिरी बात ।

श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान : यह आखिरी बात रहेगी और वह यह है कि आप अच्छी तरह से जानते हैं कि उर्दू लैंग्वेज का हमारे मुल्क में क्या मोकफ है । उर्दू जुबान हमारे मुल्क में तकरीबन सारे देश में बोली और समझी जाती है मगर इंतिहाई अफसोस की बात है कि इस जुबान की ऐसी जबूहाली है कि इसका हम ईजहार नहीं कर सकते । किसी रियासत में उर्दू जुबान को कोई

मौकफ नहीं दिया गया है। देखा यह जा रहा है एक सोचे समझे मंसूबे से उर्दू जुबान को खत्म किया जा रहा है। अरूरत इ सबात की है उर्दू जुबान को उसका सही मौकफ दिया जाय। जिन-जिन रियासतोंमें उर्दू जुबान बोलने व लों की खासी तादाद है वहां पर उस जुबान की तसलीम किया जाय और उस जुबान की तालीम वगैरह का बेहतर से बेहतर इंतजाम किया जाय। जनाब वाइस-चेयरमैन साहब, मैं आपके तसव्वुत से ये चंद तजवीज हुकूमत के सामने रख रहा हूं। मैं चाहूंगा कि हमारे मोअज्जिम मिनिस्टर साहब अपने जवाब में कहें कि वाकतान ये बात हैं 3.00 P.M जिसके जरिये हम माइनारिटीज की तसल्ली दे सकेंगे और माइनारिटीज की प्राब्लम को हल कर सकेंगे। इसके साथ मैं फिर एक दफा आपका शुक्रिया अदा करते हुए मुअज्जिज सीताराम केसरी जी को मुबारकबाद दूंगा कि देर से ही मगर दुरुस्त है कि वे अपना यह बिल लेकर आए हैं। इस बिल के कामयाब होने के बाद आप इस बात की भरपूर कोशिश कीजिएगा कि जिस मकसद के लिए जिस तस्वीर को सामने रखते हुए बिल को लेकर आये हैं उसका सही सही मायनों में इम्प्लीमेंटेशन हो सके। शुक्रिया।

محمد خلیل الرحمٰن "آندھرا پردیش": جناب وائس چیئرمین صاحب۔ میں اپنی تقریر کی ابتدا ایک شعر سے کرنا چاہوں گا۔

چھاؤں کے بدلے دھوپ دی سدا دنیا نے
ہم نے دل پھونک کر دنیا کو اجالا دیا

میں اس نیشنل کمیشن فار مائنارٹیز بل ۱۹۹۲ کی بھرپور تائید کرنے کے لئے کھڑا ہوا ہوں۔ ہندوستان کو آزاد ہوئے کوئی ۴۵ سال ہوئے ہیں مگر ان ۴۵ سالوں میں اقلیتوں کے ساتھ جو ناانصافی کی گئی ہے وہ اظہر من الشمس ہے۔ اس کی تفصیل میں جانے کی قطعی ضرورت نہیں ہے یہ بل جو ہے یہ تمام اقلیتوں کا ایک دیرینہ مطالبہ ہے اور وقت کی ایک اہم ترین ضرورت تھی۔ چنانچہ اس بات کو محسوس کرتے ہوئے ۱۹۸۹ میں نیشنل فرنٹ نے اپنے الیکشن مینی فیسٹو میں اس بات کا وعدہ کیا تھا کہ اقلیتوں کے کمیشن کو اسٹیٹوٹری درجہ دستوری درجہ دیا جائے گا مگر اس نیشنل فرنٹ سرکار کا دور صرف ۱۱ مہینے تک رہا اور آپ اچھی طرح سے جانتے ہیں کہ کس مشکل حالات میں وہ گزرا۔ پھر بھی اس مختصر دور میں جو کچھ نیشنل فرنٹ سرکار نے کیا وہ قابل تحسین ہے۔ اس بل کو عملی جامہ پہنانے سے پہلے وہ نیشنل فرنٹ کی گورنمنٹ ختم ہوگئی۔ اس اقلیتی کمیشن کو اسٹیٹوٹری پاور دینے کا تصور نیشنل فرنٹ کی حکومت کے سامنے تھا کہ دستور میں ترمیم کی جائے اس کے بدلے میں یہ جو بل لایا گیا ہے یہ ایک مجہول قسم کا بل ہے۔ جس طرح سے ایس سی۔ ایس۔ ٹی کمیشن کو دستوری موقف دیا گیا ہے جس طرح سے نیشنل کمیشن فار وومین کو دستوری درجہ دیا گیا ہے۔ اس طرح سے اس مائنارٹیز کمیشن کو دستوری درجہ دستور میں ترمیم کر کے دیا جانا چاہیئے تھا۔ مگر پتہ نہیں کیوں اچانک موقف میں تبدیلی آئی اور اس بل کے ذریعے

† [ ] Transliteration in Arabic Script.

حالت ہے۔ اس میں جو کمزوری ہے۔ ان کی تعلیم میں جو کمی اور کمزوری ہے۔ سوشیل فیلڈ میں جو کمزوری ہے ان کو دور کیا جائے۔ لہٰذا آپ اس کمیشن کو قانونی درجہ دے رہے ہیں تو صحیح معنوں میں اس کے ایمز اور آبجیکٹس کا امپلی منٹیشن کرنا چاہتے ہیں تو اس کے لئے آپ کو مائنارٹیز کا ایک سوشیو اکونومک سروے کرانا چاہیئے تو اس کے لئے آپ سوشیو اکونومک سروے ضرور کرائیے۔ ہمارے ملک میں ان ۴۵ سالوں میں جو ہزاروں فسادات ہوئے ہیں۔ ان فسادات کی روک تھام کے لئے اس بل میں کوئی پروویژن نہیں کیا گیا ہے۔ سوائے اس کے کہ یہ مائنارٹی کمیشن حکومت کو سفارش کرے۔ پر حکومت پر یہ پابندی بھی نہیں لگائی گئی ہے کہ ان سفارشوں کو من وعن تسلیم کیا جائے۔ یہ بھی اس میں پابندی نہیں لگائی ہے جب تک آپ اس بل کے ذریعے حکومت کو اس کے لئے پابند نہیں کرتے کہ مائنارٹیز کمیشن کی جو بھی سفارشات ہیں ان سفارشات کو تسلیم کیا جائے۔ تب تک کوئی فائدہ نہیں ہوگا۔ جناب وائس چیئرمین صاحب۔ میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ جناب وائس چیئرمین صاحب میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ جناب اس کمیشن کو یہ درجہ دیا جا رہا ہے۔ ابھی بھی میں کہوں گا حکومت ہند سے اور خاص طور پر شری سیتا رام کیسری جی سے کہوں گا کہ دستور میں ترمیم کی جائے اور اس کمیشن کو دستوری درجہ دیا جائے۔

آپ اچھی طرح سے جانتے ہیں کہ یہ بل پاس بھی ہو جائے گا۔ مگر اس میں جب تک حکومت کی نیت صاف نہ ہو اس وقت تک اس بل کا امپلیمنٹیشن نہیں ہو سکے گا۔ اس بل کا امپلی منٹیشن ہونے کے لئے حکومت کی نیت صاف ہونی چاہیئے سب سے پہلے تو میں یہ کہنا چاہوں گا کہ ہمارے ملک میں تمام مائنارٹیز کا ایک اکونومک سروے کرایا جائے۔ میں یہ بھی کہنا چاہتا ہوں کہ تیلگو دیشم کی حکومت نے اپنے سات سال کے وقت میں آندھرا پردیش میں مائنارٹیز کمیشن کے ذریعے مائنارٹیز کا سروے کرایا تھا۔ اس طرح سے پورے ملک میں مائنارٹیز کا ایک سوشیو اکونومک سروے کرایا جانا چاہیئے اور اس سروے کے بعد جو بات سامنے آئے اس کی روشنی میں کام کیا جائے۔ کہاں پر کمیاں رہ گئی ہیں۔ کہاں پر کوتاہی رہ گئی ہے ان باتوں کو سامنے رکھتے ہوئے وہ کمیشن سے سفارش کرے۔ اقلیتوں کی جو معاشی

باوجود آج تک آج پارلیمنٹ کا آخری دن ہے۔ مگر وہ ایجنڈے ندارد ہے لہذا میں آپ کے توسط سے یہ درخواست کروں گا کہ آپ مسلم وقف امنڈمنٹ ایکٹ جلد سے جلد لیکر آئیں۔

پھر تیسری چیز میں اور کہنا چاہتا ہوں اور اس کے بعد میں ختم کرونگا۔ آپ اچھی طرح سے جانتے ہیں کہ محترمہ اندرا گاندھی صاحبہ نے دیش کے مسلمانوں کے لئے اقلیتوں کے لئے ۱۵ پوائنٹ پروگرام بنایا تھا۔ مگر اس ۱۵ پوائنٹ پروگرام کا کیا حشر ہوا۔ ملک کے بڑے بڑے انٹلیکچول حتیٰ کہ اب جو موجودہ مائنارٹیز کمیشن ہے۔ اس کی بھی یہ رائے ہے کہ وہ ۱۵ پوائنٹ پروگرام مجہول قسم کا ہوکر رہ گیا ہے اور وہ اقلیتوں کی فلاح و بہبود کے لئے اقلیتوں کے تحفظ کے لئے بے معنی ہوکر رہ گیا ہے۔ ضرورت اس بات کی ہے کہ ۱۵ پوائنٹ پروگرام کو پھر دوبارہ فریم کیا جائے۔ ۱۵ پوائنٹ بنائیے ۲۰ پوائنٹ بنائیے یا ۲۵ پوائنٹ بنائیے۔ ایک جامع قسم کا پروگرام مائنارٹیز کی فلاح اور بہبود کے لئے بنایا جائے یہ میں آپ سے درخواست کروں گا۔

پھر تیسری بات۔۔۔

سیتارام کیسری صاحب نے مائنارٹیز کے لئے نیشنل لیبل پر ایک فائیننس ڈیولپمنٹ کارپوریشن بنانے کا وعدہ کیا تھا۔ تین چار مہینے پہلے کیپٹل دلی میں پورے ملک کے مائنارٹیز کے نمائندوں کو بلاکر ایک سیمنار ایک کانفرنس کی گئی تھی۔ مگر تین چار مہینے ہونے کے بعد بھی اس تعلق سے ابھی تک کچھ نہیں کیا گیا ہے۔ میں یہ جاننا چاہتا ہوں کہ مائنارٹیز کیلئے فائنانشیل ڈیولپمنٹ کارپوریشن بنانے کی جو تحریک شروع ہوئی تھی۔ اس کا کیا حشر ہوا۔ جلد سے جلد اس بات کی بیحد ضرورت ہے کہ مائنارٹیز کے لئے نیشنل لیبل پر ایک فائیننشیل ڈیولپمنٹ کارپوریشن قائم کیا جائے۔ اس طرح میں آپکے ذریعے حکومت ہند سے یہ بھی کہوں گا کہ کیسری صاحب نے وقف ایکٹ ۱۹۸۴ میں ترمیم کر کے ایک نیا ایکٹ لانے کا وعدہ کیا ہے۔ اس سلسلہ میں نہ صرف مسلم ممبرس آف پارلیمنٹ کی دو یا تین دفعہ میٹنگ بلائی گئی بلکہ اس سے ہٹ کر سینٹرل کاؤنسل کے اراکین کی میٹنگ ممبر پارلیمنٹ کے ساتھ بلائی گئی تھی اور یہ وعدہ کیا گیا تھا کہ اس سے پہلے سیشن یا بجٹ سیشن میں اس مسلم وقف ایکٹ کو لایا جائے گا۔ مگر ان تمام میٹنگس کے

اپ سبھا ادھیکش (پروفیسر چندریش پی۔ ٹھاکر): آخری بات۔

شری محمد خلیل الرحمٰن۔ یہ آخری بات ہے گی اور وہ یہ ہے کہ آپ اچھی طرح سے جانتے ہیں کہ اردو لینگویج کا ہمارے ملک میں کیا موقف ہے۔ اردو زبان ہمارے ملک میں تقریباً سارے دیش میں بولی اور سمجھی جاتی ہے۔ مگر انتہائی افسوس کی بات ہے کہ اس زبان کی ایسی زبوں حالی ہے کہ اس کا اہم اظہار نہیں کر سکتے۔ کسی ریاست میں اردو زبان کو کوئی موقف نہیں دیا گیا ہے۔ دیکھا یہ جا رہا ہے۔ ایک سوچے سمجھے منصوبے سے اردو زبان کو ختم کیا جا رہا ہے۔ ضرورت اس بات کی ہے کہ اردو زبان کو اس کا صحیح موقف دیا جائے جن جن ریاستوں میں اردو زبان بولنے والوں کی خاص تعداد ہے وہاں پر اس زبان کو تسلیم کیا جائے۔ اور اس زبان کی تعلیم وغیرہ کا بہتر سے بہتر انتظام کیا جائے۔ جناب وائس چیئرمین صاحب میں آپ کے توسط سے یہ چند تجاویز حکومت کے سامنے رکھ رہا ہوں۔

میں چاہوں گا کہ معزز منسٹر صاحب اپنے جواب میں کہیں کہ واقعتاً یہ باتیں ہیں جس کے ذریعے ہم مائنارٹیز کو تسلی دے سکیں گے اور مائنارٹیز کی پرابلم کو حل کر سکیں گے۔ اس کے ساتھ میں پھر ایک دفعہ آپ کا شکریہ ادا کرتے ہوئے معزز سیتا رام کیسری جی کو مبارکباد دوں گا کہ دیر سے ہی مگر درست ہے کہ وہ اپنا یہ بل لیکر آئے ہیں۔ اس بل کے کامیاب ہونے کے بعد آپ اس بات کی بھرپور کوشش کیجئے گا کہ جس مقصد کے لئے آپ اسے سامنے رکھتے ہوئے بل کو لیکر آئے ہیں اس کا صحیح معنوں میں اطلاق ہو سکے۔ شکریہ۔

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : वाईस चेयरमैन महोदय, राजीव गांधी जी के सपनों को साकार करने के लिए प्रधान मंत्री नरसिंह राव जी की परवानगी से सीताराम केसरी जी इस ऐतिहासिक बिल को सदन में पास करवाने के लिए लाए हैं। माइनारिटी या अल्पसंख्यक की डिफिनीशन कई बेसिस के ऊपर हो सकती है। इसमें रीजन हो सकता है, लैंग्वेज हो सकती है, रेस हो सकती है, कल्चर हो सकता है, इकनामिक बैकवार्डनेस हो सकती है, सोशल बैकवार्डनेस हो सकती है। लेकिन जो विधेयक जिसकी चर्चा हम यहां कर रहे हैं यह अल्पसंख्यक, माइनारिटी या माइनारिटीज वे हैं जिनको हम रिलीजियस बेसिस के ऊपर माइ-नारिटी मानते हैं। बात अपने आप में अजीब सी भी है लेकिन आज के संदर्भ में, आज के दौर में बात ठीक भी लगने लग गयी है। भगवान, ने खुदा ने जब इन्सान को पैदा किया चाहे वह अमीर बाद में बना या गरीब रहा, अपनी जिंदगी में चाहे वह राजा बना या भिखारी रहा, लेकिन जब से वह रहेगा बना है और शायद जब तक संसार एक ही ढंग से इन्सान पैदा होता है

† [ ] Traneliteration Araibic Script.

और होता रहेगा, और एक ही ढंग से मरता है चाहे उसको बाद में दफना दें या जला दें। जो इस संसार से एक दफा गुजर गया वह दोबारा लौटकर नहीं आया। आज तक का इतिहास हमें यह बताता है। लेकिन हमने. समाज ने, सोसाइटी ने एक इन्सान को जब पैदा हुआ तो जनेऊ पहना दिया, दूसरे इन्सान को पगड़ी बंधवा दी, तीसरे ने सुन्नत करवा दी। अपने अपने ढंग से अपनी अपनी सोसाइटीज को हमने बांटकर अलग किया। जब अलग अलग हुए तो फिर इस किस्म की दिक्कतें, इस किस्म के तफरकात होने जरूरी थे। जब वे हुए तो आज इस किस्म के बिल को लाने की जरूरत पड़ी।

देश की आजादी 1947 में हुई। न चाहते हुए भी देश का विभाजन हुआ। शायद लोग न चाहते होंगे उस वक्त जैसा आज महसूस करते हैं कि देश को विभाजित किया जाए लेकिन कुछ लोगों ने मैं यह समझता हूं कि निजी सफलत के लिए, खास तौर पर नाम लेना पता नहीं ठीक हो या न हो, लेकिन जिन्ना साहब जैसे लोग पैदा हुए और उन्होंने अपने सेल्फिश मोटिव के लिए, निजी स्वार्थ के लिए देश का विभाजन करवा दिया। अंग्रेज चाहते थे कि यहां से जब मैं जाउं तो इस हिंदुस्तान को कमजोर करके जाउं। मैं इस इतिहास में और लम्बा न जाते हुए सिर्फ यह बताना चाहूंगा कि पाकिस्तान बना और बचा हुआ हिंदुस्तान अपने आप को हिन्दुस्तान कहलाने लगा। पाकिस्तान ने अगर अपना मुस्लिम रिपब्लिक बनाया तो हिंदुस्तान ने सेक्यूलरिस्ट इंडिया बनाने का बीड़ा उठाया। सेक्युरिज्म की डेफिनिशन अपने आप में बहुत अच्छा है, लेकिन वह भी सबजैक्ट ने होते हुए मैं उस तरफ न जाते हुए यह कहना चाहूंगा कि जिस ढंग से सेक्युलर लान्ईस के ऊपर गांधी जी ने, पंडितजी ने और उनके साथियों ने उस वक्त देश को ले जाना चाहा, सब से पहले गांधी जी को शहादत देनी पड़ी। जब शहादत देनी पड़ी, तो कम्युनलिज्म का बीज जो पहले बोया जा चुका था, वह उगना शुरु हो गया। कम्युनलिज्म बढ़ते-बढ़ते आज हम इस हद तक आ गये हैं कि हम पालिटिकल गेंस के लिए मजहब का इस्तेमाल करते हैं।

डेमोक्रेसी अपने आप में अच्छी चीज है, लेकिन कोई चीज कितनी भी अच्छी हो, उसके मेरिट्स होते हैं और डीमेरिट्स होते हैं। डेमोक्रेसी के मेरिट्स की तरफ मैं इस वक्त ध्यान न दे पाता हुआ सिर्फ डीमेरिट्स और वह भी एक और वह यह कि आज की तारीख में हम सत्ता में आने के लिए, पार्लियामेंट के मेम्बर के लिए, हम असेम्बली के मेम्बर, एम.एल.ए. बनने के लिए बक्से में से वोट निकलने बहुत जरूरी हैं। उस बक्से में वोट कैसे डलें, उसकी चर्चा कहीं पर नहीं है। मैं इसकी डिटेल में नहीं जाना चाहता, लेकिन इस तरफ जरूर ध्यान दिलाना चाहता हूं कि हम रिलीजयस सेंटिमेंट्स को एक्सप्लायट करके, आज इन सदनों में आना चाहते हैं।

मेरा मन तो नहीं करता कि मैं किसी पार्टी की तरफ इशारा करूं, लेकिन जब दो से 119 या 120 हो जाते हैं, तो फिर उस तरफ ध्यान जाता ही है और फिर वह समझते हैं कि अगर हमने इतनी बड़ी सफलता प्राप्त की, तो इस सफलता को और आगे बढ़ाने के लिए क्यों न उसी रास्ते पर चला जाए, जिस रास्ते पर चल कर दो से 119 हो गये

श्री संघ प्रिय गौतम : आखिर तो हरेक कोई जानता है। . . . **(व्यवधान)**

श्री हरवेंद्र सिंह हंसपाल : लेकिन अफसोस की बात है कि उस ताकत को हासिल करने के लिए कितने कुचले जाते हैं, उस पर भी ध्यान देने की जरूरत है और मैं यह समझता हूं कि चाहे आर्टिकल 14 से लेकर आर्टिकल 30 तक काफी सेफगार्ड इस कंस्टीट्यूशन के अंदर प्रोवाईड किये गये हैं, लेकिन वह आज तक इंप्लिमेंट नहीं हो सके। इसलिए इस किस्म के विधेयकों की, जो आज अल्पसंख्यक विधेयक जिसको

[श्री हरेन्द्र सिंह हंसपाल]

हम कह रहे हैं, उसको पास करने की जरूरत पड़ी।

मैं इसको सपोर्ट करता हूं, लेकिन साथ ही समझता हूं कि यह काफी नहीं है। यहां पर मैं थोड़ा सा जिक्र पंजाब का जरूर करना चाहूंगा। मैं भी एक कम्यूनिटी से आता हूं, जिसको नामधारी सिख कम्युनिटी कहा जा सकता है। सिख कम्युनिटी अपने आप में माइनार्टी है, लेकिन उस माइनार्टी में भी हमारा सैक्ट जो नामधारी सैक्ट कहलाता है, उसमें बहुत माइनार्टी है।

उस माइनार्टी का आज मैं पहली दफा बारह साल के बाद यह जिक्र कर रहा हूं क्योंकि माइनार्टी, अल्पसंख्यक बिल यहां आया है। 1857 में सब से पहले सद्गुरु राम सिंह जी ने, जिन्होंने हमारे नामधारी सेक्ट से कूका सैक्ट को बनाया, आजादी की लहर शुरू की, 1872 में अंग्रेजों ने उनको जिलावतन किया। 18 जनवरी को 66 सिखों को तोपों के आगे खड़ा करके उड़ा दिया गया। लेकिन उसी मूवमेंट को टोटल नान-कोआपरेशन और वायकाट मूवमेंट को गांधी जी ने साठ साल के बाद गांधी जी ने अपनाया और देश को आजादी दिलवाई, लेकिन अफसोस की बात यह है कि आज तक उन शहीदों और सद्गुरु राम सिंह जी का नाम लेने वाला हमारे भारतवर्ष में कोई नहीं है, क्योंकि हम लोग माइनार्टी में से भी माइनार्टी है। यह डेमोक्रेसी की देन आज के हिंदुस्तान में है।

मैं पंजाब का जिक्र कर रहा था। मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है, चाहे उसकी जिम्मेदारी कांग्रेस सरकार के ऊपर भी आती हो कि शायद आज जो हालत पंजाब की है, जिस हालत से पंजाब गुजर रहा है, उस हालत का कारण कोई भी हो, लेकिन पंजाब में हालत खराब है। इसलिए बाकी हिंदुस्तान में उसका असर पड़ रहा है। हम इस बात को माने या न मानें, लेकिन यह एक सत्य है, मेरे कहने का मुद्दा, इस वक्त बात करने का मुद्दा यह है कि पंजाब में जो कुछ हुआ है, शायद अल्पसंख्यक जैसे समझते हैं, उसमें से सिख भाई जो अल्पसंख्यक है, वह भी यह समझते हैं कि हमें पूरी ईमानदारी से हिन्दुस्तान में शायद नहीं रहने दिया जाएगा या दिया जाता है, सम्मान के साथ हम यहां पर जी नहीं पा रहे हैं यह मैं उन सिखों की बात कर रहा हूं जो आज एजीटेशन कर रहे हैं, जो मूवमेंट चला रहे हैं, वह अपने आपको हिन्दुस्तान में सुरक्षित नहीं समझते। वह अपने आपको हिन्दुस्तान में भयभीत समझते हैं। यह एक ऐसी भावना उनके मन में आ गई है जो सही थी या सही है, इसका जिक्र इस वक्त मैं नहीं कर रहा। लेकिन इस भावना को अल्पसंख्यकों के मन में से दूर करना बहुत जरूरी है।

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर) : हंसपाल जी, अब आपका सहयोग चाहिए।

श्री हरेन्द्र सिंह हंसपाल : मेरा सहयोग चाहिए तो मैं थोड़ी सी टैक्नीकल बातें करके बैठ जाता हूं। इसलिए यह जरूरी होगा कि आज के इस विधेयक को हम सर्वसम्मति से पास करें और सरकार का उत्साह बढ़ाएं कि इस किस्म की और चीजें इसको इम्प्लीमेंट करवाएं और इम्प्लीमेंट करवाके जो कमियां इसमें नजर आती हों उनको दूर किया जाए ताकि अल्पसंख्यकों को उसका लाभ हो सके। मैं श्रीमन्, मंत्री जी तो यहां नहीं हैं।

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर) : मंत्री जी तो बैठे हैं फुल-पलैज्ड।

श्री हरेन्द्र सिंह हंसपाल : अगर केसरी जी से बात होती तो ज्यादा मजा आता।

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर) : यह तो पार्लियामेंटरी अफेयर्स

के मिनिस्टर हैं, इसलिए इन्हीं से ज्यादा अच्छी तरह से बात करिए। ... (व्यवधान)

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल। यह अच्छा होगा कि रिपोर्ट पर एक्शन हो सकेगा, पार्लियामेंट में डिसकस हो सकेगा एफैक्टिवली एंड सीरियसली उन रिपोर्टों के ऊपर काम हो सकेगा। कमीशन डाकूमेंट्स बुला सकता है, फाईल काल कर सकता है, यह बहुत अच्छी बात है और इंदिरा गांधी जी के चलाए हुए 15 प्वाइंट प्रोग्राम बैटर इंप्लीमेंट हो सकेंगे, इस बात की खुशी है। दो-तीन सुझाव इसके लिए देना चाहता और वह यह है।

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर): सुनिए आप लोग, कंकरीट सुझाव सुनिए सारंग जी।

श्री संज प्रिय गौतम: अब ककरीट हों तो.... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर): अब आप इसमें इंटरफीयर मत करिए।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल: यह रिपोर्ट हाई लेवल पर डिसकस हो सकेगी। वि. बर्नी ने अपनी रिपोर्ट में कहा और मैं चाहूंगा कि वह इसी लेवल के ऊपर डिसकस हो। उनकी बहुत लंबी रिपोर्ट है, लेकिन मैं 3–4 लाईन पढ़ता हूं।

> "Mr. Burney said: 'Unless monitoring was done at the level of Chief Ministers, Chief Secretaries and District Collectors, the programme would not produce the required results.'"

तो हाइस्ट लेवल के ऊपर यह चीजें डिसकस हों मेरी यह राय है। दूसरी बात, जब तक नौकरियों के अन्दर अल्पसंख्यकों को सुरक्षा नहीं मिलती, रिजर्वेशन से मेरा मतलब नहीं है, लेकिन उसके लिए मेरा सुझाव है तब तक हमारा बहुत सा मसला हिल नहीं हो सकता, तो हर रेकूटमेंट कमेटी के अन्दर चाहे वह केन्द्रीय सरकार की हो या राज्य सरकार की हो कम से कम एक माइनारिटी का मैंबर उसमें जरूर होना चाहिए। एजुकेशनल इस्टीट्यूशंस का जिक्र बरत सारे साथियों ने किया। उनकी रिकोग्नीशन में अकसर दिक्कत होती है। शायद अब न हों या कम हों, इसकी तपफ भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बैंक से लोन लिए जाते हैं वह 15 प्वाइंट प्रोग्राम के अन्दर जिक्र है, उसका मुझे अच्छी तरह से मालूम है कि उसके ऊपर कोई अमल बिल्कुल नहीं किया जाता। हो सकता है अब इस एक्ट के बनने के बाद यह चीजें माइनारिटी कमीशन के पास जाएं तो वह उसको इंप्लीमेंट कराने में सहायक हो सके।

सिर्फ एक छोटी सी बात और कहूंगा। जिक्र हुआ कि चेयर पर्सन और 6 मैंबर्ज को नोमीनेट करने के बारे में इसमें लिखा हुआ है:

> "The Commission shall consist of a Chairperson and six Members to be nominated fry the Central Government from amongst persons of eminence, ability and integrity."

बहुत अच्छी बात है। इसके ऊपर अमल करने की जरूरत है। एक लास्ट बात करना चाहूंगा। सैकण्ड पेज के ऊपर लिखा है:

> "In the opinion of Central Government so views the position of Chairperson or Member as to render that person's continuance in office detri— ment to the interest of Minorities ..."

यहीं तक काफी है। इसके आगे लिखा है–

'or the public interest'.

जो मेंबर बने, अगर वह माइनोरिटीज का इंटरेस्ट वाच कर सके तो उसके लिए यही क्वालिफिकेशन बहुत बड़ी है।

[श्री हरवन्द्र सिंह हसपाल]

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं और उम्मीद करता हूं कि जिस भावना से, जिस उद्देश्य से यह बिल लाया गया है, सरकार उसको पूरी तरह से ठीक ढंग से सफलतापूर्वक निभाएंगी। धन्यवाद।

SHRI N. GIRI PRASAD (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, I, on behalf of my Party, extend wholehearted support to the National Commission for Minorities Bill, 1992. I think, this type of Bill should have been brought long, long back. Though belated, this Bill is urgently called for in view of the many developments that took place in our country.

Sir, nobody can doubt that in our country the Minorities, whoever they may be, are being neglected on so many fronts, in employment, in social life, in political life, and in many respects. Moreover, now a sense of fear has come up in the minds of the Minorities. Recently, in its naiional conference, a major political party, the BJP and its leader said, "in this conference, we should not vote for opposition leadership: we must elect Prime Ministers." This call was given in the background of the recent Lok Sabha elections. The Lok Sabha elections proved that the BJP not only became the second largest party in the country, but it also assumed power in four or five States. So, naturally, any political party with this much of strength, a strength of around 20 per cent of the popular vote, may aspire to become the ruling party. I have no grouse on that point. Every potical party is born for that to come to power if they have got the strength. But they want to come to power on the basis of a particular ideology. Sir, as you know, our country accepted, our Constitution also accepted the principle of secularism. The way of life, the socio-political life must be governed by this principle. Our national leader, the; Father of the Nation, Mahatma Gandhi laid down his life for this cause. Se, this secularism is being questioned by that party. If they come to power, naturally secularism will be wiped out. In its place, a religious fundamentalism may come in," and on that ideological basis, the country's aairs may have to be run. So, in this context, naturally a sense of fear has come up in the minds of the Minorities, in additio* to many disadvantages that the Minorities were facing all these years.

So, Sir, in order to remove such fears from their minds, in order to protect their interests, to some extent this Bill is a must, and it is a very good thing that the present ruling party, the Congress has brought this. In addition to the other Bill which was already passed, the Places of Worship Bill, this also will go a long way to strengthen the democratic and secular set-up and to remove the fears in the minds of the Minorities. Not only that, if our country is divided on religious lines, tha unity of the country will *be* in danger. You know the minorities; it may be Muslim minority, it may be Christian minority or the Sikh minority. Though on the all India level they may b_e the minorities, but in certain States, in certain parts of the county, they are the majorities. If the minorities also assert that their States should also become a separate country, if they divide the country on the basis of religion, then Kashmir, Punjab and a number of North-Eastern States where Christian population may be in majority, may go out of our country.

So, in this background, a commission on the minorities may be a small step but it is a step to infuse confidence in the people and alfeo protect the unity of the country. We all should feel that we are all Indians; the same blood flows_ through the veins of everybody. Tt is not the religious customs that built up the

country. The country's problems are many, and we are. unnecwarily allowing religion to take over Politics. Political party may come to power but they should not mix up politics with religion. Unfortunately, our BJP friends are mixing up polities with religion. Religious card was played by them in the last elections. There-tare, in that background, the unity of the country must be protected. And I feel this Bill naturally will help in taking that process forward. Ttoank you.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Now Prof. Sanadi. The same rule applies to you also. The general rule will apply to all Professors also.

प्रो० आई० जी० सनदी (कर्नाटक) : आदरणीय वाइस-चेयरमेन साहब, मैं आप का आभारी हूं जो आपने मुझ समय दिया। नेशनल अल्पसंख्यक आयोग अल्पसंख्यकों की, खासकर मुसलमानों की दर्द की दवा है। अल्पसंख्यकों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्तरों को उन्नत करने वाले इस विधेयक को पेश कर कल्याण मंत्री आदरणीय श्री सीताराम केसरी जी दीनबन्धु हो गए हैं। माइनोरिटी वालों के मन में कांग्रेस सरकार की वचनबद्धता के प्रति विश्वास जागृत हो गया है।

मुझे यह बात समझ में नहीं आती, अल्पसंख्यकों का हित चाहने वालों के साथ जमाना सदियों से ऐसा अन्याय क्यों करता आ रहा है। "ईश्वर अल्लाह तेरे नाम" का मंत्र जपने वाले बापू जी जब अल्पसंख्यकों के हित के लिए आगे आए, अपने मन में, अपने हृदय में उनके लिए दया धारण कर ली तो गोली के शिकार हो गए। किनसे? मैं नहीं कह सकता। स्वर्गीय इन्दिरा गांधी गरीबों की भलाई के लिए, अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए समर्पण भाव से काम करती रही थीं। उनसे कहा जाता था, मुझे एक बात की याद है उनकी, कि "यू आर प्रो-मुस्लिम, यू आर प्रो-माइनोरिटी", लेकिन उन्होंने समझा भी दिया था उनको "आई एम नोट प्रो-मुस्लिम, बट आई एम एण्टि-हिन्दू" और इसका विश्लेषण भी उन्होंने किया था कि जब एक मां के बगल में रहने वाले बच्चों को लेकर उसको छुरा भोंकने के लिए आपका हिन्दू धर्म कहता है तो मैं रियली एंटि-हिन्दू हूं। इस तरह उन्होंने समझा भी दिया था—आपका धर्म सबको साथ लेकर आत्मन्वत सर्वभूतानि, च आत्मनि को सिखाने वाला धर्म, अगर इस तरह करने को कहेगा तो मैं इसको नहीं मानूंगी। अल्पसंख्यकों की रक्षा करने वाली माता श्रीमती इन्दिरा गांधी के हृदय, उनकी आत्मा को धाराशाही कर दिया गया। मां से जो रक्त उन्होंने पाया था, मातृभूमि के चरणों में समर्पित कर दिया देश की भलाई के लिए। दिवंगत राजीव गांधी जी ने अल्पसंख्यक जो हैं, बेसहारा जो हैं, उनकी उन्नति की आवाज उठाई और अपनी माताजी के नक्शे-कदम पर चलने का उन्होंने वादा किया। अपने मस्तिष्क में इनके विचारों को ठान लिया। इस तरह अल्पसंख्यकों का कल्याण करने के विचारों से भरा हुआ वह सर था, वह भी भारत माता के चरणों को समर्पित हो गया, लेकिन ऐसे लोग—जन-जन का कल्याण करने वाले लोग, मानव जाति का कल्याण करने वाले लोग, ये लोग मरने के बाद भी मरते नहीं हैं। उनके सपनों को पूरा करने के लिए मैं समझता हूं कि नेशनल माइनारिटी कमीशन के बारे में जो यह बिल लाए हैं केसरी जी, मैं चाहूंगा कि सब लोग इसका तहेदिल से स्वागत करेंगे।

मैं जिस परिवार में जन्म लेता हूं, मुझसे पूछा नहीं गया, अगर पूछा जाता भगवान की तरफ से या अल्लाह की तरफ से तो कहीं न कहीं एप्लाई करके जो एयर कंडीशन में बसते हैं, जो सोने के चम्मच से खाना खाते हैं, उन्हीं के घर में मैंने पैदा करने के लिये एप्लाई किया होता। मैं जिस परिवार में पैदा होता हूं, वही जाति, वही धर्म, वही संस्कृति मेरी धरोहर बन जाती है।

[प्रो० आई० जे० सलारिया]

इसके प्रति दूसरों को तिरस्कार की भावना क्यों? जब हम सब एक दूसरे के दर्द को कम नहीं कर सकते, तो दूसरों को दर्द देने का कोई अधिकार हमें है ही नहीं। सर्वे जनः सुखिनो भवन्तिः की बात करने वाले लोगों को अल्पसंख्यकों को दुख देना नहीं चाहिए, लेकिन मैंने देखा है, मुझे अभी-अभी भाषण सुनने का मौका यहां भी मिला और लोक सभा में भी जो भाषण हो रहे थे, मैंने बहुत गौर से उन भाषणों का भी सुना है, राम को चाहने वालों की बातों की ओर मैंने ज्यादा ध्यान दिया है। राम की चाह यह नहीं थी कि वह स्वर्ग प्राप्ति कर जाएं, राम चाहते थे :– "दुःखप्तत प्राणिनां आर्ति-नाशनम्। अर्थात् जो दुखी हैं, उन दुखियों के दुख को वे दूर करना चाहते थे, लेकिन राम को चाहने वाले फसादात में, मैं कर्नाटक से आता हूं, वहां की बात आपको बताऊं कि वहां माइनारिटी वालों की दुकानों को अगर, आम के पेड़ भी लगे हैं तो पेड़ों को काट दिया उनकी आर्थिक जिन्दगी को बहुत दुष्कर कर दिया। मैं समझता हूं कि उनके वचनों में रोटी भी एक चीज़ है, लेकिन व रोटी देने की बात नहीं, लोगों की रोटी छीनने की बात करते हैं जो राम और रोटी के यह खिलाफ हैं और मैं समझता हूं कि इनकी बात में इन्साफ भी नहीं

जब कभी भी मैं अपने मुस्लिम बच्चों से बातचीत करता हूं तो उनकी वाणी मधुर वाणी क्यों नहीं होती, उनकी जबान में गालियां क्यों आती हैं? उनके हाथ में जैसे आप कलम धरते हैं, वे चाकू-छुरी क्यों धरते हैं? अंतर सिर्फ इतना है कि उनको तालीम नहीं मिलती है। तालीम दिलाने के लिए, जो आप तालीम के ठेकेदार हैं उनके लिए किया है, जो आपके पास विद्या है उसको विवाद के लिए आपने इस्तेमाल किया है, आपके पास जो धन है उसका मद के लिए इस्तेमाल किया है, जो शक्ति है, उसका परिपीड़न के लिए इस्तेमाल किया है, इसकी बजाय न्यायाय, दानाय च: रक्षणाय में आप इस्तेमाल करते तो मैं समझता हूं कि देश के प्रति एक सच्चा प्रेम आपका होता।

अभी-अभी उर्दू की बात यहां पर कही गई। मैं उर्दू और उर्दू अखबारों के लिए एक बात कहूंगा। उर्दू अल्पसंख्यकों की नहीं, यह एक महत्वपूर्ण भारतीय भाषा है। यह भारतीय भाषा है, भारत में जन्मी है और भारत में बढ़ी है। यह खूबसूरत भाषा आजादी की लड़ाई में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी है। ऐसी भाषा को और अखबारों को जीवित रखने के लिए भी सरकार और हमारा माइनेरिटी कमीशन कदम उठाए।

अंत में एक ही सूचना मैं आपके सामने रखूंगा कि हर स्टेट में जहां माइनेरिटी कमीशन नहीं है, वहां तुरन्त इनको नियुक्त करने का सजेशन दिया जाए और अल्पसंख्यकों के इकनॉमिक कंडीशन के लिए री-सर्वे करेंगे तो बड़ी मेहरबानी होगी। 15 पाइंट प्रोग्राम, जहां-जहां भी यह क्रेडिट राजीव गांधी जी को जाएगा, वहीं यह क्रेडिट कांग्रेस पार्टी को भी जाएगा, यह समझकर जहां-जहां और जिस-जिस स्टेट में हमारी सरकार नहीं है, वहां इसके प्रति उपेक्षा बरती जा रही है, उनके प्रति भी कड़े कदम उठाए जाएं, खासकर कौमी फसादात जहां होते हैं, उनके प्रति भी सख्त कार्रवाई की जाए। जनता के जान-माल और देश की एकता व अखंडता को भंग करने वालों को देश-निर्वासन का दंड देने की जो प्रथा है, उस प्रथा को आप लाएंगे।

मैं आपके इस बिल का स्वागत करता हूं, आपने मुझे बोलने के लिए जो अवसर दिया, उसके लिए धन्य वाद।

श्री संघ प्रिय गौतम: आपने हिन्दी में बात की, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Shri Salaria. He is not here. Shri David L«dger.

SHRI DAVID LEDGER (Assam): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support the National Commission tor Minorities Bill, 1992. I feel that the Government deserves Jo be congratulated for its bold? and timely step, to provide Constitutional status to the Minorities Commission _which was set up way back in 1978. This is, definitely; a welcome move.

Sir, at a time when communal tension has shaken the very roots of our secular values, at a time when the two major religious groups stand when communal riots have become more polarised than ever, at a time the order of the day, at a time when religion is being blantantly used for political ends, a strong and effective institution as the Minorities Commission with adequate powers oan generate a lot of hope in this country. Sir, we are aware that the Minorities Commission was set up in 1978 with a lot of fanfare. The primary objective of the Commission was to safeguard the interest of the minorities, whether based on religion or language. The various provisions enshrined in the Constitution were taken note of at the time of setting up of the Commission, but over the years, die to lack of adequate powers and funis and a proper status, the Commission has had to function a^{s} a toothless tiger. Nobody ever took the Commiss'on seriously. Neither the Centre ior the State Governments bothered to accept or fallow the recommendations of the Commission. The Commission submitted 13 reports in 14 years of its existence. Out of these 13 reports only 10 have been tabled 'so far in the House and the reports of the last three years have not even been discussed in the House. But now. Sir, as the Commission is being given statutory status, with specific powers and functions. the situation should change and it should be able to deal more effectively with the plight of the minorities, especially religious minorities who constitute approximately 171 per cent of the country's population. It would also be in the fitness of thing$_{s}$ to give more teeth to the Commission than has been envisaged in the present Bill. In fact, it would be desirable to vest more powers with the Commission, such powers as have been vested with the National Commission for Scheduled Castes and Scheduled Tribes. lie-tailed discussion on the annual reports of the Commission in the House should also be made mandatory.

An omission which I find in this Bill is that the State of Jammu and Kashmir ha$_{s}$ been excluded from the purview of the Commission. In Jammu and Ladakh Muslims are in a minority although in Kashmir Valley they constitute a majority. I would request the hon. Minister, who is present in the House, to give due consideration to this aspect.

The Government should also evolve a mechanism to enforce the implementation of various suggestions and recommendations as may be made by the Commission from time to time.

All said and done, the Bill is a step In the right direction. We should pass this Bill unanimously.

Before I conclude, I would like to have a special word of appreciation for the hon. Minister, Shri Sitaram Kesri, for piloting this Bill.

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर) : अबरार जी, तीन मिनट आपके लिए हैं ।

डा० रत्नाकर पांडेय : तीन मिनट में तो मंत्र नहीं पढ़ा जा सकता, आप भाषण करवाना चाहते हैं । . . . . (व्यवधान) तीन मिनट में तो मंत्र उच्चारण हो सकता ।

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर) : उनको बोलने तो दो । श्रोता लोग हल्ला कर रहे हैं तो वह कैसे बोलेंगे ।

डा० अबरार अहमद (राजस्थान) : माननीय उपभाध्यक्ष महोदय, मैं के० एल० शर्मा जी का भाषण बड़े ध्यान से सुन रहा था और मुझे उनकी बात सुनकर दो अशआर याद आ गए, जो अभी बेकल जी ने मुझे दिए हैं । तो मैं अपनी बात शुरू करने से पहले यह पेश करना चाहता हूं ।

[डा० अबरार अहमद]

"कोई था हिंदू न मुस्लिम, गुनाह किसने किया,
बताओ प्यार से घर को, तबाह किसने किया ।
वहां न हम थे न तुम थे, न और कोई था,
तो फिर यह शीशे का चेहरा सिया किसने ।"

एक बात खास तौर से मैं शर्मा जी से कहना चाहूंगा कि —

हिंदू-ओ-मुसलमां, मुसलमां-ओ-हिंदू बन जाते हैं हम चंद लमहों में,
आदमी बन पाए हम हजारों सदियों में।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, भारतीय जनता पार्टी के सदस्य शर्मा जी जब बोल रहे थे तो उन्होंने कुछ बड़ी तल्ख बातें कहीं । उन्होंने कहा कि जो बिल पेश किया गया है, यह विभाजन का दस्तावेज है । उनके शब्दों में यह विभाजन का दस्तावेज हो गया । उन्होंने कहा कि इस बिल को पेश करके 1947 की प्रवृत्तियां जाग्रत हो रही हैं । उन्होंने कहा कि यह विभाजन का बीज है यानी उनकी तरफ से बिल्कुल इस तरह का इशारा था कि इस बिल के पेश होने के बाद शायद यह मुल्क दो हिस्सों में बंट जाएगा, हिंदू और मुसलमानों में बंट जाएगा । मैं आपके माध्यम से शर्मा जी से कहना चाहूंगा कि यह देश 1947 के अंदर जो भी कुछ हुआ, उसके बाद कम से कम अल्पसंख्यकों के नाम से मुसलमानों की तरफ जो उनका इशारा है तो मैं यकीन दिलाना चाहूंगा कि यह मुल्क मुसलमानों की तरफ से कभी तकसीम नहीं हो सकता और क्यों नहीं हो सकता इसकी वजहात है जो मैं आज इस सदन में कहना चाहता हूं । पहले भी मैंने कई बार यह बात कही है कि 1947 में जब यह मुल्क दो हिस्सों में बंट रहा था, उस वक्त हिन्दुस्तान हिंदुओं के लिए कहा गया था और पाकिस्तान मुसलमानों के लिए कहा गया था । उस वक्त ये जाहिर था कि जो मुसलमान इस मुल्क में रहेंगे उनको काटा जा सकता है, उनको कत्ल किया जा सकता है । जो हिंदू पाकिस्तान में रहेंगे वहां उनको कत्ल किया जा सकता है लेकिन यह जानते हुए भी कि मुसलमान यहां कत्ल किया जा सकता है, वह मुसलमान यहां रहा क्योंकि उसको भारत मां की माटी से प्यार था, भारत माता से प्यार था, हिंदुस्तान से प्यार था । उसने मरना, उसने कत्ल होना स्वीकार किया लेकिन हिंदुस्तान से अलग होना स्वीकार नहीं किया ।

अगर हम आजादी के इतिहास को देखें, आजादी के बाद के इतिहास को देखें तो वह मुसलमानों के योगदान से, कंट्रीब्यूशन से भरा पड़ा है । शर्मा जी उसको पढ़ लें । उनको ये अलफाज सदन में कहने से पहले, ऐसी हल्की बातें इस सदन में लाने से पहले पढ़ लेना चाहिए । उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि जो उनकी पार्टी ने किया, चंद सालों से जो करते आ रहे हैं, उन्होंने राजनीतिक लाभ लेने के लिए धार्मिक आस्था को सांप्रदायिकता से मिलाने का प्रयास किया है। इस देश के अंदर लोगों की धार्मिक आस्था बहुत मजबूत है और उस धार्मिक आस्था की मजबूती को देखकर उसके आधार पर मैं कहता हूं कि यह मुल्क बच रहा है। उन्होंने धार्मिक आस्था के नाम पर सांप्रदायिकता को प्रचारित करने की कोशिश की है । उन्होंने अशिक्षा का लाभ लेते हुए धार्मिक आस्था के नाम से लोगों को साम्प्रदायिकता का नकाब बताने की कोशिश की है ।

धार्मिक आस्था में आपको एक उदाहरण के माध्यम से बताना चाहता हूं । एक गरीब आदमी, नंगा आदमी, भूखा आदमी जिंदा रहता है और उसके सामने एक आदमी बड़ी-बड़ी बिल्डिंगों में रहता है लंबी गाड़ियों में जाता है लेकिन उस गरीब आदमी का सब इस बिन्दु पर है कि जिस दिन मेरा भगवान, मेरा अल्लाह मेरी किस्मत बदलेगा, मैं इससे अच्छी हालत में रहूंगा और जिस दिन वह इसकी किस्मत बिगाड़ेगा, वह इससे बदतर हालत में रहेगा । आज उस गरीब आदमी से, जो धर्म के आधार पर जिंदा है, उसका भगवान छीन लिया जाए, अल्लाह छीन लिया जाए, ईसा मसीह छीन लिया जाए कुरान छीन ली जाए, बाईबिल छीन ली जाए, गीता छीन ली जाए, गुरु ग्रंथ साहब छीन लिया जाए तो क्या इंसान जिंदा रहेगा । वह इंसान जिंदा नहीं रह सकता ।

जब इन्होंने देख लिया कि धर्म के बिना इस मुल्क का इंसान जिंदा नहीं रह सकता तो उस कमजोरी का इन्होंने फायदा उठाया और सांप्रदायिकता के दानव को, धार्मिक आस्था के नाम पर इस देश के अशिक्षित लोगों के सामने खड़ा करने का असफल प्रयास किया । सांप्रदायिकता क्या है---आदमी अपने मजहब को माने, अपने मजहब से प्यार करे लेकिन किसी दूसरे धर्म को नेस्तनाबद करने की कोशिश न करे । लेकिन इन्होंने देश को बांटने की और फिर उसी तरह की बात इन्होंने इस सदन में कही कि अगर यह बिल लाया तो यह देश बंट जाएगा । इसको विभाजन का दस्तावेज कहा कि इस बिल के माध्यम से यह देश विभाजित हो जाएगा । मैं कहना चाहता हूं कि आज जो जुल्म इस देश के अंदर अल्पसंख्यकों के ऊपर हो रहे, वह मैंने अपनी आंखों से देखा है यह बिल किसी को रोजगार देने वाला नहीं है, किसी को ऊपर उठाने वाला नहीं है लेकिन इससे एक उम्मीद की किरण जागी है कि कहीं अत्याचार हो रहा है, लोगों को मारा जा रहा है, कत्लेआम हो रहा है, सांप्रदायिकता के झगड़े हो रहे हैं, एक दूसरे के खून के प्यासे लोग हो रहे हैं, ये कुछ कम हो सकें इतना ही इसका लक्ष्य है । आपने पूछा कि अल्पसंख्यक कौन है ? इसकी क्या परिभाषा है । आप बहुत अच्छी तरह से जानते हैं कि अल्पसंख्यक कौन है । अगर माननीय सदस्य से बहुत सीधी सादे शब्दों में कहूं तो अल्पसंख्यक वे हैं जिनको आप इस देश से निकालने की बात करते हैं, जिनके खिलाफ आप नारे लगा देते हैं, जिनके खिलाफ आपकी जिन राज्यों में हुकूमत है, उन पर आप अत्याचार करते हैं । यह सीधी सीधी परिभाषा में आपको बताना चाहता हूं । (समय की घंटी)

उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने समय की पाबंदी लगाई है, इसलिए मैं केवल दो बातें और कहना चाहूंगा । इसके अंदर कुल सात आदमी रखने की बात कही गई है । सात आदमियों में 5 आदमी माइनारिटीज के और दो आदमी मैजारिटी के होंगे । मैं कहना चाहूंगा कि इस तरह से 5 और 2 में बांटने का कोई मतलब नहीं है । किसी भी समाज में आपको आदमी ऐसे मिल जायेंगे, माइनारिटी में भी मिल जायेंगे, लेकिन उससे काम नहीं चलेगा । आदमी किसी भी समाज के हों ऐसे रखिए जिनकी नीयत साफ हो । 5 के बजाए आप 7 रख दीजिए उससे कोई फायदा होने वाला नहीं है । जो भी आदमी आप रखें उसके दिल में दर्द होना चाहिए, उसके दिल में अल्पसंख्यकों के लिए तकलीफ होनी चाहिए, उसके दिल में जज्बात होने चाहिए । इसलिए मैं चाहता हूं कि आप 5 और 2 में न जायें । आदमी छांटकर रखें । नहीं तो ऐसे आदमी बहुत मिल जायेंगे जो चाहेंगे कि इसका सदस्य होने से बंगला मिलेगा, गाड़ी मिलेगी, मोटी तनख्वाह मिलेगी, आलीशान बंगला मिलेगा । वह चाहे हिन्दू हो, मुसलमान हो, सिख हो, ईसाई हो, वह अल्पसंख्यकों का भला नहीं कर सकेगा । इससे जो सरकार का सपना है, जो नरसिंह राव जी की मंशा है, सीताराम केसरी जी की मंशा है वह पूरी नहीं हो सकता है ।

एक बात अहलुवालिया जी ने कही कि इसमें एक क्लाज है कि इस बिल के पास होने के बाद नोटिफिकेशन निकलेगा, इसके बाद वह इम्प्लीमेंट होगा । इस तरह का क्लाज नहीं होना चाहिए । अगर है तो मंत्री जी यह आश्वासन दें कि जैसे ही यह बिल पास होगा, इसको इंप्लीमेंट किया जाएगा, अंतिम बात मैं 15 सूत्री कार्यक्रम के बारे में कहना चाहता हूं कि जो कार्यक्रम माइनारिटीज के लिए दिया गया है वह मखोल बनकर रह गया है । इसको मंत्री जी पूरी तरह से रिस्ट्रक्चर करें और दुबारा बनाए जिससे वास्तविक लाभ पहुंच सके ।

PROF. SAURIN BHATTACHARYA (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, just at the outset I must sound a discordant note, so to say. In this ancien* country of ours, when man should have been classified or designated by economic criteria Or such other thing, religion con-tinues to be, or what goes by the name ot religion continues to be, a dividing point, any that is a great tragedy of this country of ours.

I have nothing against this Bill, so to say. This is a very well meaning Bill, no doubt. There was the Minorities

[Prof. Saurain Bhottacharya]

Commission earlier without any statutory status. The object of this Bill is to give it a statutory status with—I should not say "well-defined functions"—certain functions allotted to it together with some powers and other concomitant things.

श्री राम अवधेश सिंह : मैंने नीयत के बारे में कहा है । जब तक नीयत साफ नहीं होगी तब तक देश का कल्याण नहीं होगा, यह मैं कह रहा हूं ।

उपसभापति : अच्छा, अब आप अपनी नीयत साफ करके बैठ जाइये ।

श्री राम अवधेश सिंह : एक मिनट और मैं बोलूंगा । माँयनोरिटी कमीशन की जरूरत इसलिये पड़ रही है, क्योंक यह जो इस देश के धार्मिक अपसंख्यक हैं उनके मन में भय समाया हुआ है और हर स्तर पर उनके साथ भेदभाव बरता जा रहा है । नौकरियों में उन्हें हिस्सा नहीं मिलता है, जहां सम्मानित जगह हैं वहां उनको हिस्सा नहीं मिलता है । इसलिये यह जरूरी है कि उनको सुरक्षा दी जाये और मैं चाहता हूं कि इसीलिए संविधान में संशोधन करके जब यह माँयनोरिटी कमीशन आ गया जैसे बैकवार्ड कलासेज कमीशन बना है, उसी तरह से यह माँयनोरिटी कमीशन जब बन गया तो संविधान में संशोधन करके, प्रावधान करके उनको भी सुरक्षित जगह दी जाये, उसके सेफगार्ड की व्यवस्था संवैधानिक हो, यह मेरी मांग है । असली मांग यही है ।

उपसभापति : शुक्रिया । सिकन्दर बख्त साहब, आप दो मिनट लेंगे, एक मिनट लेंगे या चार मिनट लें, उससे पहले मैं हाऊस में एक एनाउंसमेंट कर दूं कि

at 5.30 p.m. there will be a state ment by the Home Minister. Shri S. B. Chavan will make a statement regarding the decision declaring LTTE an unlawful association under the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY (Uttar Pradesh): Now, a better sene-i has dawned on the Government.

उपसभापति : सिकन्दर बख्त साहब, आप मेहरबानी करके बोलें ।

श्री सिकन्दर बख्त (मध्य प्रदेश) : सदर साहिबा, शुक्रिया । बगैर भूमिका के दो-तीन बातें कहना चाहता हूं । राज मोहन गान्धी साहब की तकरीर का एक हिस्सा था, जिसमें उन्होंने फरमाया था कि 'There is a global religious tension which exists.'

उस पसमंजर में, उस पृष्ठभूमि में इस सदन में मैंने हिंदुस्तानियों को बोलते सुना, तो मेरा सिर नाज़ से और फक्र से ऊंचा हो गया । मैं एक ऐसे देश का बाशिन्दा हूं कि उस आलम में इंतखाब है । एक-दो तल्ख भाषणों को छोड़कर सभी बातें ऐसी सुनाई दी जो हिन्दुस्तान की हजारों साल पुरानी संस्कृति से, पैदा हुए जज़बात से, पैदा हुए फलसफे से ताल्लुक रखती थीं, सर्व धर्म संभाव की बात थी । जो बातें आज मैंने सुनी वह दुनियां के किसी मुल्क में सुनी नहीं जा सकती । सदर साहिबा, दूसरी बात, यह राज मोहन गान्धी साहब से ही शुरू हुई थी । लेकिन दो-चार हज़रात ने और उस बात का जिक्र किया, उर्दू की बात हुई । थोड़ा बहुत ताल्लुक उर्दू से मेरा भी है । लेकिन मैं यह समझने की कोशिश करता रहा हूं कि उर्दू का माँयनोरिटी से या इस माँयनोरिटी कमीशन बिल से क्या सम्बन्ध हो सकता है । मैं उर्दू को हर हिंदुस्तानी की जुबान मानना चाहता हूं और मैं यह कह देना चाहता हूं कि लिसानी एतबार से अगर उर्दू की फरोग में कोई चीज रुकावट का बाइस बन सकती है तो वह पोलिटिलाईज करना और उर्दू को कम्युनलाइज करना है । तीसरी बात, यह अर्ज करना चाहता हूं कि कुछ लगता है कि जैसे लफ्ज़ अपने अर्थ खो चुका है । लफ्ज़ जैसे कोई भीड़ के गुल में गुम हो गया हो । शायर से माफी के साथ मैं एक लफ्ज़ बदलते हुए एक शेर अर्ज़ करना चाहूंगा—

एक लफ्ज़ खो गया है जो रास्ते की भीड़ में,
उसका पता चले तो कुछ अपनी खबर मिले ।

[Shri Subramanian Swamy]

हम लोगों ने माइनोरिटीज और माइनोरिटीज कमीशन इन दोनों चीजों के बारे में एटीट्यूड क्या है, उसमें कोई वाजे लकीर नहीं खेंची। माइनोरिटीज कमीशन उसकी मुखालिफत किन बुनियादों पर की गई है? माइनोरिटीज कमीशन की मुखालिफत को माइनोरिटीज की मुखालिफत बना दिया गया। मुझे रंज है कि जहां मेरे दिल में एक बहुत खूबसूरत जजबात को जन्म दिया आज के भाषणों ने, वहां ये जबर्दस्ती का तौक जो गर्दन में डाला जाता है, इसको बहुत दुरुस्त समझना मुश्किल है।

माइनोरिटीज कमीशन, राजमोहन गांधी साहब ने भी कहा था कि ऑल्टरनेट तुम्हारा क्या है। हो सकता है कि आप सबको नामंजूर हो (**समय की घंटी**) में खत्म कर रहा हूं। मैं भाषण दे ही नहीं रहा हूं मैडम। माइनोरिटीज कमीशन में इख्तलाफ जायज है लेकिन माइनोरिटीज कमीशन की जगह ह्यूमन राईट्स कमीशन का जिक्र करना कम्युनल बात कैसे हो गई, वह समझने से मैं कासिर हूं।

जैसे मैंने आपसे वादा किया था कि मैं भाषण करूंगा नहीं, तीन बातें मैंने आपकी खिदमत में रखी हैं। भाषण मेरे साथी कृष्ण लाल शर्मा जी कर चुके हैं। भरपूर भाषण था; मैं सौ फीसदी उनके भाषण से मुत्तफिक हूं।

श्री एन० के० पी० सालवे: हिन्दू-मुसलमानों की लाशें गिनीं उन्होंने।

श्री सिकन्दर बख्त: वह बात छोड़िए। मैं अगर वह गिनना शुरू करूंगा, आप मुझ से सवालात न कीजिए क्योंकि उन्होंने घंटी भी बजा दी है मैं आपसे जब चाहें, जितना चाहें इन लाशों के गिनने का जिक्र भी कर लूंगा। बदकिस्मती तो यह है कि हम अपनी सियासत के किलों को खड़ी करते हैं लाशों पर। वह लाशों की बात आप करें, मैं करूं या मेरा कोई साथी करे, जाने दीजिए, उसको न कहिए। मैं उन तल्खियों में पड़ना नहीं चाहता। मैं बगैर तल्खी में पड़े हुए बात कर रहा हूं। हिंदुस्तान की बातों को खूबसूरत मानता हूं। दुनिया के किसी मुल्क में ये बातें हो नहीं सकती अगर हिंदुस्तान को हिन्दुस्तानी फलसफा न मिला होता। मैं उर्दू को किसी एक फिरके की जबान नहीं मानता हूं और तीसरी बात यह मैं कहता हूं कि माइनोरिटीज कमीशन के मुकाबले में अगर भारतीय जनता पार्टी ह्यूमन राइट्स कमीशन की बात करती है, आपको उसको रिजैक्ट कर देने का हक है लेकिन ह्यूमन राइट्स कमीशन की बात करना कम्युनलिज्म की बात है नहीं। मैं इस माइनोरिटीज कमीशन के बिल को बिला मकसद, बेमकसद समझता हूं। शुक्रिया बहुत-बहुत।

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी): उपसभापति महोदय, मैं बहुत ही गौर से अपने और विरोधी सदस्यों के भाषण सुन रहा था। सर्वप्रथम राजमोहन गांधी जी ने जो सुझाव दिया है उसके पीछे एक औचित्य है। अगर कृष्णलाल शर्मा जी ने कुछ बातें ऐसी कही हैं जिसका जवाब मुझे देना है, मगर जवाब देने के पूर्व उनसे जवाब देना भी है।

आपने इस बिल के संबंध में यह कहा कि यह राष्ट्रीय अपराध है। मैं अपने 62 वर्ष के जनजीवन के बीच में यह बताना चाहता हूं कि मुझे उनके भाषण ने झकझोर दिया है। कृष्णलाल जी मैंने आजादी की लड़ाई भी लड़ी है मुल्क की खिदमत भी की है। इन कंधों को गर्व है कि इसने जयप्रकाश नारायण को जेल से भी बाहर आजादी की लड़ाई को लड़ने के लिए मदद की है। यह राष्ट्रीय अपराध नहीं है। विचार का मतभेद स्वाभाविक चीज है। मगर विचार के आधार पर किसी के विचार को अराष्ट्रीय कहना दुखद बात है। मैं कोई प्रवचन नहीं दे रहा हूं। मगर दुख के साथ ये शब्द कह रहा हूं कि आपके शब्दों को मैं सुन रहा था और बहुत गौर से सुन रहा था मगर इन शब्दों मेरे दिल पर, मेरे कलेजे पर तीर का

काम किया है, बहुत चोट की है । कृष्णलाल जी आपने पहला प्रश्न किया है कि अल्पसंख्यक किसे कहते हैं । अल्पसंख्यक के संबंध में 1984 में होम मिनिस्ट्री ने डेफिनेशन दिया है । उन्होंने कहा है होम मिनिस्ट्री ने वर्डिक्ट दे करके--

"The Home Ministry, vide its O.M. dated 15-3-84 (Annexure V), issued a clarification in respect of recruitment to pub. lie services, wherein it was, *inter alia,* stated that minoritiet identified are: Muslims, Cbtistians, Neo-Buddhists, Sili hs and Zoraoastrians (Parsis] ."

दूसरी बात आपने हिन्दू का अर्थ पूछा है । मैं तो समझ रहा था कि कृष्णलाल जी हिन्दू का अर्थ आप ज्यादा जानते हैं । आप मुझे हिन्दू धर्म की व्याख्या करके बताते अगर जब आपने मुझसे पूछा है तो मैं कोई भाषा का पंडित नहीं, कोई मैं विद्वान नहीं हू, मैं किसी कालेज और स्कूल में कभी पढा नहीं, न किसी अंग्रेजी राज के स्कूल में पढ़ान आनी सरकार के राज में किसी स्कूल और कालेज में पढ़ा मगर अपने मित्रों और अपने नेताओं के बीच में आज तक जो मैंने पढ़ा और उससे हिन्दू धर्म की जो व्याख्या मैंने सीखी उस हिन्दू धर्म और आपके हिन्दू धर्म में महान अंतर है । वहां मानवता है । वहां राम हे राम है, वहां राम वह राम जिसने कभी रथ पर वाहन नहीं किया । मगर आपका राम रथ पर चला । कहां है रामायण में लिखा हुआ कि राम रथ पर पर चले हैं ?

श्री राम दास अग्रवाल (राजस्थान): जब रावण का अंतिम युद्ध हुआ था उस समय, यह रामायण में लिखा हुआ है ।. . . (**व्यवधान**)

श्री कृष्णलाल शर्मा : मंत्री जी, मेरा इतना ही निवेदन है कि मेरी बातों को डिस्ट्रार्ड मत कीजिए मैंने कहा है कि इस बिल के साथ न अल्पसंख्यक की व्याख्या है न बहुसंख्यक की व्याख्या है । वह इस बिल के साथ जोड दीजिए, इतना ही मे रा निवेदन है ।

श्री सीताराम केसरी : आपने हिन्दू धर्म की व्याख्या पूछी है । हिन्दू धर्म का क्या अर्थ है वह सुनिए मैं तो इतना ही जानता हूं और मैंने अपने जीवन में यही सीखा कि अल्पसंख्यक, जो आजादी की लडाई से आज तक मैंने यही सीखा है, कि जो मेरा छोटा भाई है, जो हमसे लघु है, उसको प्यार दो, उसको सुरक्षा दो, उसको संरक्षण दो । मैंने यही सीखा और इसी के आधार पर मैंने देखा कि हमारे नेता का बलिदान हुआ । उपसभापति महोदय, मैं आपके द्वारा इनसे कहना चाहता हूं कि इन्होंने जो एक स्लोगन दिया "सेंस आफ विक्ट्री" जब इनका राम का रथ चला, अडवानी जी जब बैठकर चले, सेंस आफ विक्ट्री । सेंस आफ विक्ट्री अगेंस्ट हूम । अगेंस्ट माइनोरिटीज ? आजादी के समय से ही जो करोडो मुसलमान नहीं जानते थे कि पाकिस्तान बनने वाला है, हिन्दुस्तान बनने वाला है, वह निरीह थे, मूक थे । साइलेंट थे । उनके खिलाफ सेंस आफ विक्ट्री तो

sense of victory against whom?

SHRI JAGDISH PRASAD MATH-UR: Against the Congress party.

SHRI SITARAM KESRI: Welcome, but it is not a fact. You are speaking hundred per cent otherwise. I do not say 'lies', I say 'otherwise'.

मेरे दोस्त विजय उल्लास किस के खिलाफ, विजय के जजबात किस के खिलाफ अल्पसंख्यकों के खिलाफ ? . . .

श्री अनन्तराय वेदशंकर दवे (गुजरात) चर्चा का जवाब दीजिए ।

श्री सीताराम केसरी : कोई आपके ऊपर आक्रमण कर दे और सेंस आफ विक्ट्री की . . (**व्यवधान**) मुझे दुख के साथ कहना पड रहा है कि सेंस आफ विक्ट्री आपके पास नहीं है । (**व्यवधान**)

उपसभापति : देखिए, आप जब बोल रहे थे तो केसरी जी ने किसी को

[उपसभापति]

डिस्टर्ब नहीं किया । अब केसरी जी बोल रहे हैं ।

I would not like anybody to disturb him.

श्री प्रमोद महाजन : सेंस आफ विक्ट्री की बात कैसे कर रहे हैं ।

श्री कृष्णलाल शर्मा: अगर वह पर्सनल नाम लेकर कहेंगे तो मुझे बोलना ही पड़ेगा। मैंने किसी का पर्सनल नाम नहीं लिया । अगर पर्सनल नाम लेकर कहेंगे तो में भी पूछना चाहता हूं कि दिल्ली में 1984 में क्या हुआ ? उसके लिए कौन जिम्मेदार है ? । (व्यवधान)

श्री कैलाश नारायण सारंग (मध्य प्रदेश) : 1984 में क्या हुआ था ? (व्यवधान)

उपसभापति : सारंग जी आप बैठ जाइए। जब आप बोल रहे थे तो मैं यहां अपने कमरे में बैठी सुन रही थी । केसरी जी ने किसी को बीच में डिस्टर्ब नहीं किया । अब मंत्री जी बोल रहे हैं अपना जवाब दे रहे हैं आप सहन करके सुनिए । जो कुछ वह कहना चाह रहे हैं उनको बोलने दीजिए ।

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार): हम लोग शांतिपूर्वक उनको सुनना चाहते हैं ।

श्री प्रमोद महाजन : यह कैसे सेंस आफ विक्ट्री की बात कर रहे हैं । किसी ने भी सेंस आफ विक्ट्री की बात नहीं की। खुद शब्दों का निर्माण कर रहे हैं और उसका उपयोग कर रहे हैं ।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : केसरी जी सर्च न बोलिए इनको बड़ी तकलीफ हो रही है ।

†[شری محمد افضل عرف م۔ افضل:
کیسری جی سچ نہ بولئے انکو بڑی تکلیف ہو رہی ہے -]

[} † Transsliteration in Arabic Script.

श्री सीता राम केसरी : मैंने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन चोर की दाढ़ी में तिनका है ।

श्री कृष्ण लाल शर्मा : आपने मेरा नाम लिया था।

श्री सीता राम केसरी : आपने यह कहा था राष्ट्रीय अपराध है। (व्यवधान) मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि यह बिल क्यों आया ? यह विधेयक क्यों आया ? मुझे दुख है। यह विधेयक इस देश में नहीं आना चाहिए था। मगर जो परिस्थिति पैदा हुई उसके कारण और जो आपने कहा कि वोट लेने के लिए यह किया तो मैं इसका भी उत्तर आपको दे रहा हूं। हमने वोट लेने के वक्त वायदा किया था और वायदा करने के बाद अपने घोषणा पत्र में इसे घोषित किया और इसको राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में वचनबद्धता प्रकट की। हमारे प्रधान मंत्री जी ने लोक सभा में कहा कि इसी सत्र में कानूनी दर्जा इस अल्पसंख्यक आयोग को देंगे। तदनुसार यह आपके सामने उपस्थित किया। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि यह ठीक है कि अगर हम अपने मतदाता के सामने वचन देते हैं, उनको कहते हैं कि अगर आप हम को वोट देंगे और हम सत्ता में आये तो हम यह करेंगे। लेकिन दुख के साथ कहना पड़ता है कि आप वोट के लिए जो भय का वातावरण देश में पैदा कर रहे हैं उस पर आपने कभी गम्भीरता से सोचा ? जब आपका राम का रथ सोमनाथ से चला तो दस करोड़ देश के मुस्लिम, बेचारे अल्पसंख्यक पर क्या प्रहार हो रहा है इस बारे में आपने सोचा ? आपने उनके धर्म पर प्रहार किया। वे सब कांप गये। उनके सामने क्या विकल्प था ? भय का वातावरण सारे देश में छा गया। नतीजा क्या हुआ। नतीजा यह हुआ कि जब बिहार में पहुंचे तो इनका रथ रुक गया। एक भी हड़ताल नहीं हुई। किन्तु जिन भाइयों के कलेजे पर क्रन्दन था, दुख था, वे देख रहे थे। इन्हीं सारी परिस्थितियों के कारण जो भय पैदा हुआ उसकी वजह से इस आयोग को आज कानूनी

दर्जा दिया जा रहा है और संभव है कि यदि आपने इस ओर ध्यान नहीं किया, इनको गले से नहीं लगाया तो जिस तरह के भाषण आज आपने अल्पसंख्यक भाइयों की ओर से सुने हैं, जो सारी घटनायें घटती हैं, उनको महे नजर रखिये। देश को एक रखना है। सोसायटी में कम्प्रोमाइज होना चाहिए, एक दूसरे के प्रति सौहार्द होना चाहिए, एक दूसरे के प्रति प्यार करने की बात सोचनी चाहिए। मगर वोट का मुद्दा बना करके, उनके ऊपर अत्याचार करके, समाज को हिन्दू और मुसलमानों में बांटना नहीं चाहिए। किन्तु धर्म के नाम बंटा। आज तक ऐसा नहीं हुआ। क्या यह सत्य नहीं है कि आजादी की लड़ाई में इनका योगदान रहा है? क्या यह सत्य नहीं है, मेरे भाई ने अभी ठीक कहा है कि गांधी ही नहीं, खान अब्दुल गफ्फार खां गांधी, ग्रेटेस्ट लीडर आफ दी कन्ट्री, उन्होंने कभी नहीं चाहा कि इस देश का विभाजन हो। दुख है कि इस देश में जिस व्यक्ति ने देश के विभाजन का विरोध किया उसकी हत्या हुई। गहराई से सोचने की बात है। अगर गहराई से नहीं सोचियेगा तो ठीक है, आपने दूसरे रूप में कहा, हम दूसरे रूप में कह रहे हैं। हम अनुभूति के आधार पर कह रहे हैं, आप किताबों के ज्ञान और भावना के आधार पर कह रहे हैं। अगर देश टूट जाएगा तो आप उसको जोड़कर नहीं रख सकते हैं। दस करोड़ अल्पसंख्यकों में कई लोग बुद्धिस्ट्स हैं, कुछ पारसी भी हैं और सिख भी हैं और मुसलमान भी हैं। मैं अल्पसंख्यकों की डेफिनिशन नहीं कर रहा हूं। मुख्यतः अल्पसंख्यकों का अर्थ हो गया है, आप और हम सब समझ रहे हैं, उसके आधार पर कह रहा हूं, वह मुसलमान हैं। आप 9--10 करोड़ लोगों को इस देश से नहीं निकाल सकते।

मौलाना अबेदुल्ला खान आजमी: उनकी संख्या 12 करोड़ हो गई है।

श्री सीताराम केसरी: जो भी संख्या हो, उसके बारे में मैं नहीं बोल रहा हूं। एक सौ, दो सौ, तीन सौ, तीन लाख, तीन करोड़, तीस करोड़, इसका सवाल ही नहीं है।

श्रीमती कमला सिन्हा: अल्पसंख्यकों में सिख, ईसाई, और बौद्ध भी आते हैं।

श्री सीताराम केसरी: बहिन जी, आप ठीक कह रही हैं, सब आते हैं। लेकिन मूलतः अल्पसंख्यकों के अर्थ में हम मुसलमान भाइयों को ही मानते हैं। हैं नहीं, हम नहीं मानते। हमने तो इस तरह से पढ़कर सुना दिया, यह दूसरी बात है। जो सच्चाई है उस पर हम लोग डिसकसन कर सकते हैं। आज क्या है? पांच सौ वर्ष पहले कोई आक्रमणकारी आया, आततायी आया, अत्याचारी आया, वह क्या था, वह धर्मात्मा था, महात्मा था या खुदा परस्त था, कोई नहीं जानता। क्या पावर थी, कोई नहीं जानता। बाबर आया उसने बाबरी मस्जिद बनाई। यह वोट का मसला है। हम उस राम के चेले हैं जो "हे राम" कह कर चला गया। आप उस राम की चर्चा करते हैं जो कभी रथ पर नहीं चढ़ा। क्या कभी आपने वोट गिने हैं? हमारे देश में 51 करोड़ 80 लाख वोट हैं। पंजाब में 1991 में एक करोड़ वोट भी नहीं पड़े। दो करोड़ दूसरे माइनोरिटीज के वोट मिला लीजिये। ये सब 51 करोड़ 80 लाख होते हैं। 7 करोड़ मुसलमानों के वोट मान लीजिये। 44 करोड़ 80 लाख वोट हुए। 44 करोड़ 80 लाख हिन्दू वोटों में वोट पोल हुए कम से कम 21 करोड़। क्या कभी आपने गिना कि इनके राम को कितने वोट मिले। पौने तीन करोड़, जरा सोच लीजिये। 18 करोड़ हिन्दुओं ने गांधी के "हे राम" को वोट दिया, इनके राम को नहीं। आप गिन लीजिये। मैं तो हिसाब किताब बता रहा हूं। इसलिये मैं आपसे कहता हूं...(व्यवधान)...आप गिन लीजिये। मैं सब के सामने गिना देता हूं। ...(व्यवधान)...यह तो आपकी हालत रही है।

श्री प्रेम प्रिय गौतम : कांग्रेस का भी हिसाब बता दीजिये।

श्री सीताराम केसरी : कांग्रेस का वही है जो पहले से चला आ रहा है। उसमें कोई फर्क नहीं है। हमारा वोट "हे राम" का है, "हरे राम" का नहीं है, "रथ राम" का नहीं है, "हे राम" का वोट है। हे राम कहकर गांधी जी बलिदान हो गये। सेकुलरिज्म की रक्षा के लिये, अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिये उनकी हत्या हुई। उस "हे राम" से हम लोग चलते हैं, यह एक सिद्धांत है। विचारों में मतभेद रहना चाहिये आप भी एक विचार हैं, हम भी एक विचार हैं। पर बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि यदि आप अल्पसंख्यकों को गले से नहीं लगायेंगे, उनके धर्म पर, उनके मजहब पर, उनकी सारी चीजों पर आक्रामक तौर से व्यवहार होता रहेगा तो यह देश टूट जायेगा, कोई रोक नहीं सकता है। यह मुझे कष्ट के साथ कहना पड़ता है। हिन्दू कास्ट मत पूछिये। हिन्दू धर्म कोई धर्म नहीं है बल्कि वह संस्कृति है। इसमें अनेक पैगम्बर हुए हैं। शंकर हैं, राम हैं, कृष्ण हैं जब कि दूसरी तरफ आप देख लीजिये... (व्यवधान) आप ऐसा मत कीजिये मेरा निवेदन है और मैं हिन्दू संस्कृति की बात कह रहा हूं। इसलिये मैं निवेदन करता हूं, कि हिन्दू एक संस्कृति है, वह धर्म नहीं है। अगर आप इतिहास के पन्ने पलटेंगे तो आप देखेंगे कि यह मुल्क कबीर का है, यह मुल्क बुद्ध का है, यह मुल्क गांधी का है। यह मुल्क हमारा है। जो भाई-भाई को भाई नहीं समझे, जो अपने से छोटे पर अत्याचार करे वह अत्याचारी है। एक बात हमेशा याद रखिये। उपसभापति महोदया, आप जानती हैं, आप एक मां हैं। जब मां कभी अपने बच्चे को उसकी गलती पर पीटती है तो बच्चा भी थप थप मारता है। लेकिन उसके लिये यह नहीं कहा जाता है कि बच्चे ने मां को पीटा। इसलिये अल्पसंख्यक इस देश में बच्चा है, उसको प्यार करो, उससे मुहब्बत करो, उसको साथ लेकर चलो, उस थप्पड़ को हल्का मत समझो।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam, it was decided that the Bill would be put to vote at 4.00 p.m. Now it is already 5-00 p.m.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let him finish. Then I will put it to vote.

श्री सीताराम केसरी : हमारे रहमान साहब ने अल्पसंख्यकों के लिये फाइनेंसियल डेवलपमेंट कारपोरेशन की बात कही। ...(व्यवधान)...

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मंत्री जी विस्तार से ही बोलें तो अच्छा है।

5.00 PM

श्री सीताराम केसरी : मैं एक निवेदन महोदया आपके द्वारा करना चाहता हूं। महोदया, आज देश में एक जागृति हो रही है, एक जागरण हो रहा है। हिंसा का वातावरण है। चारों तरफ ये सारी चीजें फैल रही हैं और यह बात, यह जो आपके सामने सारी चीज उभरकर आती है, उनको अगर गौर से नहीं देखेंगे, गौर से नहीं समझेंगे तो ये मसले देश के हल होने वाले नहीं हैं। मैं कोई आपको तकरीर, प्रवचन या शिक्षा देने की बात नहीं कहता हूं। यह महसूस करता हूं। आपने माइनारिटी की व्याख्या मांगी तो मैंने दे दी। आपने हिन्दू धर्म की व्याख्या मांगी, मैंने कह दी। मगर साथ साथ यह भी कहता हूं कि इस देश में माइनारिटी है अल्पसंख्यक है, उन्होंने भी आजादी की लड़ाई लड़ी। 1857 देखिए, उनके नेतृत्व में लड़ा गया और एक बात और मैं कहता हूं कि यह कहना कि उन्होंने आजादी की लड़ाई नहीं लड़ी यह गलत होगा। एक से एक नेता हुए। मगर आपकी विचारधारा हमेशा उसी फिरकापरस्ती पर रही। हमेशा सेक्युलरिज्म को आपने चैलेंज किया। सेक्युलरिज्म का प्रतीक अशोक द ग्रेट था, सेक्युलरिज्म का प्रतीक अकबर द ग्रेट रहा, सेक्युलरिज्म गांधी और आजादी की कोख से पैदा हुआ। सेक्युलरिज्म को आप चैलेंज करते हैं कि सूडो सेक्युलरिज्म है। सूडो सेक्युलरिज्म क्या होता है। सेक्युलरिज्म है या नहीं है, यह कहिए।

उपसभापति महोदय, मैं आपके द्वारा निवेदन करना चाहता हूं कि इस बिल को आप लोग ध्वनि मत से, पूर्व रूप से, एक मत से पास कीजिए। इसी मैं आपकी सदाशयता है। आपने अपने भाषण में कहा है, एक बात दिखलाई है कि आप एक हैं, संविधान एक है, सब एक हैं, कोई मतभेद नहीं है, मगर विरोध करके निभाना चाहते हैं आप कि आप अल्पसंख्यकों को किसी तरह का सहयोग, किसी तरह की सहानुभूति, किसी तरह की मदद, किसी तरह का संरक्षण देना नहीं चाहते हैं और उनको शिकार बनाकर आप अपना वोट लेने के लिए, एक जमात का, हिंदू धर्म की भावना को उठा करके, यही आप करना चाहते हैं। मगर यह नहीं होगा। अगर हुआ तो देश टूट जाएगा।

उपसभापति महोदय, दुख इस बात का है कि 1978 में इन्होंने खुद ही आयोग की नियुक्ति की और इतना ही नहीं 1978 में ये एक विधेयक लाए मगर रिक्वायर्ड प्रेजेंट मेम्बर्स के नहीं रहने की वजह से वह फेल कर गया। मैं पूछता हूं उस दिन क्या विचार था? आज क्या विचार है? उस दिन क्यों आपने बनाया? आज क्या वजह है कि आप इसका विरोध कर रहे हैं। मुझे समझ में नहीं आता है।

श्री संघ प्रिय गौतम: मंत्री जी विरोध नहीं कर रहे हैं। हम कमीशन एजेंट नहीं है माईनारिटीज के जो उनको कमीशन चाहिए.. (**व्यवधान**) उन्हें पूरा हक चाहिए... (**व्यवधान**)

श्री सीताराम केसरी: सुनिए, जितनी घटनाएं घटी हैं, इधर एक-दो तीन वर्षों में जिस तरह की घटनाएं घटी हैं, जो दुखद कांड हुए हैं, जितने कम्युनल रायट्स हुए हैं, जहां पर कि आपको, हम सबको मिल करके उनकी रक्षा करनी चाहिए थी, जब हम नहीं करते हैं तब इस तरह का बिल ही नहीं, हो सकता है कि संशोधन भी करना पड़े संविधान का, इसकी भी जरूरत पड़ सकती है। इसलिए उनकी सुरक्षा हमारा धर्म है, हमारा कर्तव्य है, हमारा कमिटमेंट है और हम करेंगे और हर हालत में करके रहेंगे।

इन शब्दों के साथ, जो मित्र संशोधन लाए हैं उनसे निवेदन करूंगा कि अपने अपने संशोधनों को वापस कर लें और इस बिल को, इस विधेयक को एक मत से पास कर दें। यही मेरा निवेदन है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं सदन से अनुरोध करूंगा कि इस विधेयक को पूर्ण बहुमत से पारित कर दें।

THE DEPUTY CHAIRMAN; Ttfie question is;

> That the Bill to constitute a National Commission for Minorities and to provide for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration.

The motion was adopted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clause 2 *was added to the Bill.*

Clause 3—*Constitution of the National Commission for Minorities.*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Under Clause 3, there are some am endments. Amendment No. 2 and 6 are in the name of Shri Satya Prakash Malaviya. He is not here. Amendment No. 3 is in the name of Shri Chimanbhai Mehta. He is also not here. Amendment No_ 4 is in the name of Shri Ish Dutt Yadav.

श्री प्रमोद महाजन: इसमें मेरा भी है।

उपसभापति: इसमें आपका नहीं है। आपका नम्बर पांच है, इसमें जो मेरे पास लिखा है। नम्बर टाईटल पर है। इसमें पांच नम्बर है।

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश): मैं प्रस्ताव करता हूं कि:

पृष्ठ 2 पर,–

(i) पंक्ति 13 के पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक अन्तःस्थापित किया जाए, अर्थात्:–

परन्तु इस धारा के अधीन नाम-निर्दिष्ट किए जाने वाले किसी भी व्यक्ति की आयु पैंतीस वर्ष से कम नहीं होगी और वह किसी भी राजनैतिक दल अथवा समूह से सम्बद्ध नहीं होगा।

(ii) पंक्ति 14 में, "परन्तु" शब्द के पश्चात् "यह और कि" शब्द अन्तःस्थापित किये जायें।

The question was proposed.

श्री ईश दत्त यादव: मैडम, मेरा संशोधन बड़ा तर्कसंगत है और मैं चाहता हूं कि मंत्री जी इसे स्वीकार कर लें। तो मेरा यह संशोधन है कि इसमें जो सदस्य हों, चेयरमैन हों आयोग के, इनकी एज की कुछ लिमिटेशन कर दी जाए।

मैंने यह संशोधन दिया है कि 35 साल से कम एज का कोई व्यक्ति न तो चेयरमैन हो और न तो सदस्य हो, क्योंकि इस पूरे बिल में कहीं एज का जिक्र नहीं है।

मैडम, किसी भी पद के लिए कोई चुना जाता है, चाहे नौकरी में हो और चाहे जन-प्रतिनिधि हो, तो उसके लिए एज निर्धारित होती है। (समय की घंटी) इस बिल में एज नहीं है। इसलिए मैंने यह कहा है कि 35 साल से कम आयु का व्यक्ति न तो चेयरमैन हो और न तो सदस्य हो।

मेरा दूसरा संशोधन यह है कि ऐसा व्यक्ति जो अध्यक्ष या सदस्य चुना जाए, वह किसी राजनीतिक दल से संबंधित नहीं होना चाहिए। दोनों तर्कसंगत संशोधन हैं।

इसलिए मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि माननीय मंत्री जी इनको स्वीकार करने की कृपा करें।

उपसभापति: आपने सजेशन दे दिया। अब आप इसको मूव कर रहे हैं या नहीं कर रहे हैं?

श्री ईश दत्त यादव: मैं मंत्री जी का विचार तो जान लूं।

उपसभापति: मंत्री जी ने सुन लिया है। इतना सुन लिया है।

श्री सीताराम केसरी: आपका सुझाव रचनात्मक है, मगर जहां तक उम्र का सवाल है, इस पर 35 भी हो सकता है और 65 भी होगा। अनुभव होता यह है कि अधिकतर जो चालीस से बढ़े होते हैं, उन्हीं का मनोनयन होता है। यह कोई नई बात नहीं है।

उपसभापति: तो अब आपने मूव नहीं किया। सजेशन दिया, मूव किया कि नहीं किया है, ताकि मैं आगे बढ़ूं। अभी भाषण नहीं करना है।

श्री ईश दत्त यादव: मैं भाषण नहीं कर रहा हूं।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Are you pressing for your amendment?

श्री ईश दत्त यादव: मैं भाषण नहीं कर रहा हूं, लेकिन मंत्री जी के विचार से संतुष्ट नहीं हूं कि वह 15 साल का भी हो सकता है और 65 साल का भी हो सकता है---इससे मैं संतुष्ट नहीं हूं। लेकिन, मैडम, मैं अपने संशोधन को प्रेस नहीं कर रहा हूं, वापिस ले रहा हूं।

Amendment No. 4 *was, by leave withdrawn.*

उपसभापति: वापिस ले लिया। बस, आपने मूव ही नहीं किया।

प्रमोद महाजन जी, आपका जो। पहला अमेंडमेंट है, देट इज फार क्लाज 4 और यह पांचवां है। आप क्या कर रहे हैं, मूव कर रहे हैं, ही, खाली बोल रहे हैं, क्या कर रहे हैं?

श्री प्रमोद महाजन : एक क्षणमात्र बोल कर मैं मूव कर रहा हूं।

उपसभापति जी, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की मूल कल्पना से ही हमारे मतभेद हैं, फिर भी बहुमत के आधार पर आप इसे पारित करने का प्रयास कर रहे हैं, तो इसको जितना ठीक करें, वह करने का प्रयास करें। इस हेतु मेरा मैं एक संशोधन यहां प्रस्तुत कर रहा हूं। कहा यह गया है कि—मेम्बर, अध्यक्ष को मिला करके पांच सदस्य अल्पसंख्यक समुदायों से होंगे।

जब आयोग ही अल्पसंख्यक आयोग है, तो उसके सदस्यों में अल्पसंख्यक होना, शायद उसका बहुमत होना या उसका अध्यक्ष अल्पसंख्यक होना, यह नैसर्गिक है, लेकिन मुझे अपनी छोटी समझ में यह लगता है कि इस प्रकार का अगर हम कानून में ही किसी एक कमीशन को बनाते समय—अभी हमने अनुसूचित जाति का भी बनाया, लेकिन उसमें यह नहीं कहा कि इतने सदस्य अनुसूचित जाति के होंगे। मुझे यह लगता है कि कानून में अगर हम अल्पसंख्यक समुदाय के होंगे, ऐसा नियम बनायेंगे तो संविधान की धारा 16 के अंतर्गत संप्रदाय के आधार पर किसी दो नागरिकों में मतभेद करना यह उचित नहीं होगा। कल न्यायालय की कसौटी पर यह कानून खरा नहीं उतरेगा।

इसलिए मेरी प्रार्थना है, मेरा अमेंडमेंट मैं मूव कर रहा हूं कि जहां तक आपने यह कहा है कि योग्यता और सत्यनिष्ठा के लिए विख्यात व्यक्तियों को रखा जायेगा, वह अपने आप में पर्याप्त है। उसके साथ धर्म जोड़ कर, जैसे मैंने पहले ही कहा है यह अल्पसंख्यक आयोग है, अल्पसंख्यक लोग होंगे ही, पूरे बहुसंख्यक को ला कर तो अल्पसंख्यक आयोग नहीं बनेगा, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण जैसी व्यवस्था इसमें करना, यह अनुचित है। यह कानून की और फिर संविधान की और न्यायालय की कसौटी पर खरा नहीं उतरेगा।

इसलिए मेरी प्रार्थना है, मैं अपने अमेंडमेंट को मूव कर रहा हूं, आप इसे स्वीकार करें।

मैं प्रस्ताव करता हूं कि,

5. "पृष्ठ 2 पर, पंक्ति 11 को हटा दिया जाये।"

THE DEPUTY CHAIRMAN • Now, I will put to vote the amend-ment moved by Mr. Pramod Maha-jan.

SHRI SIKANDKR BAKHTI: What is the reaction to the amendment?

THE DEPUTY CHAIRMAN. He does not want to react to it. Now, I will put it to vote.

Amendment JVO. 5 *was negatived.*

THE DEPUTY CHAIRMAN: I shall now put clause 3 to vote. The question h:

That clam-: 3 sJanJ part of the Bill.

Th-e motion was adopted.

Clause 3 *was added to the Bill.*

Clause 4 *(Term of Office and Condi-lions of Service of Chairperson and Members)*

THE DHPUTY CHAIRMAN: There are three amendments under this clause. Amendment No. 7. Shri Satya Prakash Malaviya. He is not present. Amendment No. is. Shri Raj Mohan Gandhi.

SHRI RAJ MOHAN GANDHI: My amendment seeks to give to this Com-mission. the powers that the National Commission for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes has by adding the words "The Chairperson and Members shall have the same status as the Chair

[Shri Raj Mohan Gandhi] person and Members of the National Commission for Scheduled Castes and Scheduled Tribes respectively". I hope that the Minister will be willing to accept my amendment.

श्री सीताराम केसरी : माननीय राज मोहन जी,शैड्यूल्ड कास्ट्स एंड शेड्यूल्डट्राइब्ज के अन्दर जो प्रावधान है, उसमें थोड़ा इसमें अन्तर है। इसलिए इसकी संभावना नहीं है।

SHRI RAJ MOHAN GANDHI: Madam, I am not moving my amendment.

श्री प्रमोद महाजन : मैं प्रस्ताव करता हूं कि,

9. "पृष्ठ 2 पर,--

(i) पंक्ति 22 से 24 को हटा दिया जाये।

(ii) पंक्ति 27 से 28 को हटा दिया जाये।

(iii) पंक्ति 31 से 33 को हटा दिया जाये।"

The question was proposed.

श्री प्रमोद महाजन : उपसभापति महोदया, पढ़कर यह लगता है कि अध्यक्ष या किसी सदस्य को नियुक्त करने के जितने नियम हैं उससे ज्यादा नियम तो उसको हटाने की दृष्टि से बनाए गए हैं। मतलब कम से कम 7 नियम ऐसे हैं कि जिन पर इसको कब हटाया जाए इस चिंता में मानो सरकार हो। इस प्रकार के नियम बने हैं और उस दृष्टि से मैं मंत्री महोदय से यह कहना चाहूंगा कि उसमें बहुत सारी चीजें ऐसी हैं हटाने की, जिस को रखना जरूरी नहीं है, किसी ऐसे अपराध के लिए जिसकी केन्द्र सरकार की राय में नैतिक अधमता हो। अब नैतिक अधमता का निर्णय न्यायालय लेकर सिद्ध करेगा उसके लिए केन्द्र सरकार की राय लेना मुझे उचित नहीं लगता, कार्य करने से इंकार करता है, मैं तो अपने आपमें, किसने ड्राफ्ट किया, मुझे समझ में नहीं आता वह अध्यक्ष कार्य करने से इंकार करे और फिर भी अध्यक्ष रहे, यह तो कोई अच्छी चीज नहीं है फिर आगे यह कहा है कि अगर वह दुरुपयोग करे, ऐसा केन्द्र सरकार का मत होता है, मुझे लगता है कि केन्द्र सरकार ने माना बनाने के पहले हटाने की योजना इतनी विस्तृत बना रखी है, मेरी प्रार्थना यह है कि इसमें संशोधन करके, आप अगर इसको हटाने के कोई व्यवस्था, प्रावधान उतने ही रखें, अगर साथ-साथ प्रावधान हटाने के हैं तो मुआफ करें नीयत पर अगर किसी को शंका आ जाए तो उसका दोष नहीं है।

श्री सीताराम केसरी : केन्द्र सरकार को जब अधिकार है मनोनयन करने का, ऐसे कोई किसी गलती के लिए तो उनको ही फैसला करना होगा। अब केन्द्र सरकार एकाउंटेबल पार्लियामेंट को है। अगर केन्द्र सरकार की तरफ से कोई गलती होगी तो जब चाहे तब आप क्वश्चन कर सकते हैं। इसलिए नैतिक मापदंड का अधिकार तो उनको देना ही होगा।

उपसभापति : श्री प्रमोद महाजन।

श्री प्रमोद महाजन: मैडम, मैं मूव कर रहा हूं।

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am putting amendment No. 9 moved by Shri Pramod Mahajan to vote.

Amendment No. 9 *was negatived.*

THE DEPUTY CHAIRMAN: I shall now put clause 4 to vote. The uestion is:

That clause 4 stand part of trie Bill. *The motion was adopted. Clause* 4 *was added to the Bill. Clauses* 5 *to* 7 *were added to the Bill.*

Clause 8 *(Procedure to he regulated by the Commission)*

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मैडम, मैं अमेंडमेंट नं 14, 15, 16 मूव करना चाहता हूं।

†[شری محمد افضل عرف م- افضل : میڈم میں امینڈمنٹ نمبر ۱۴-۱۵-۱۶ موو کرنا چاہتا ہوں -]

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल (उत्तर प्रदेश) : मैडम, मैं प्रस्ताव करता हूं कि–

14. पृष्ठ 3 पर, पंक्ति 12 के पश्चात्, निम्नलिखित परन्तुक अन्तः-स्थापित किया जाये, अर्थात्:–

"परन्तु यह कि अध्यक्ष की अन-पस्थिति की दशा में बैठक, उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों द्वारा इस प्रयोजन के लिए चुने गए किसी सदस्य को अध्यक्षता में की जायेगी।"

15. पृष्ठ 3 पर, पंक्ति 12 के पश्चात्, निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाये, अर्थात् :–

"(1क) यदि आयोग के कम से कम दो सदस्य आयोग की बैठक बुलाने की मांग करते हैं तो उक्त मांग के प्राप्त होने की तारीख के सात दिनों के अन्दर सचिव आयोग की बैठक बुलाने के लिए आबद्ध होगा।"

16. पृष्ठ 3 पर, पंक्ति 13 के पश्चात् निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाये, अर्थात :–

"(2क) आयोग सर्वसम्मति द्वारा या बहुमत द्वारा सिफारिशें करेगा और मत बराबर होने की दशा में अध्यक्ष का मत निर्णायक होगा।"

† [ ] Transliteration in Arabic Script.

The question was proposed.

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मैडम, यह बहुत ही वेग है कि जो इन्होंने इसमें मीटिंग बुलाने के सिलसिले में कहा है कि एक तो अगर चैयरमैन मौजूद न हो तो मैंने इसमें गुजारिश की है कि इसमें अमेंडमेंट कर लिया जाय कि जो भी मेंबर प्रजेंट एंड वोटिंग है, वह अगर किसी को चैयरमेन, उस वक्त हो चुनना चाहे और दूसरे मैंने इनके अंदर यह दिया है कि चैयरमेन ही को सिर्फ यह अख्तियार नहीं होना चाहिए कि वह मीटिंग बुलाए। इसलिए कि इससे बहुत ही अख्तियार चैयरमेन को मिल जाता है और अगर किसी चैयरमेन को इख्तलाके-राय कुछ मेंबरान से हो तो वह तो बहुत अरसे तक मीटिंग न बुलाने का फैसला कर सकता है और उसमें कार्यवाही रुक सकती है। इसलिए मैंने यह गुजारिश की है कि अगर दो मेंबरान् सेक्रेटरी को लिखकर दें तो मीटिंग बुलाने की इजाजत होनी चाहिए और आखिर में मेरा जो अमेंडमेंट 2(ए) है, उसमें मैंने यह गुजारिश की है कि मेजोरिटी वोट जो है, उससे ही फैसला हो या इत्तफाकेराय से हो और चैयर पर्सन जो है, वह सिर्फ टाइ की पोजीशन में वोट करे। मैं गुजारिश करता हूं कि मिनिस्टर साहब, इसके बारे में सोचें और इन अमेंडमेंट्स को कबूल कर लें तो मैं उनका बहुत शुक्रगुजार होऊंगा।

†[شری محمد افضل عرف م- افضل (اتر پردیش) : میڈم میں پرستاو کرتا ہوں کہ -

۱۴- پرشٹھ ۳ پر پنکتی ۱۲ کے پشچات نمن لکھت پرنتک انتہ استھاپت کیا جائے - ارتھات کہ

† [ ] Transliteration in Arabic Script.

"دوپرنتو یہ کہ" ادھیکش کی انوپستتھی کی دشا میں بیٹھک اپستھت اور متدان کرنے والے سدسیوں دوارا اس پریوجن کیلئے چلے گئے کسی سدسئے کی ادھیکشتا میں ہوگی۔

۱۵- پرشٹھ ۲ پر پنکتی ۱۲ کے پشچات - نمن لکھت انتہ استھاپت کیا جائے ارتھات :-

*(ک) یدی آیوگ کے کم سے کم دو سدسیے آیوگ کی بیٹھک بلانے کی مانگ کرتے ہیں تو اکت مانگ پراپت ہونے کی تاریخ کے سات دنوں کے اندر سچیو آیوگ بیٹھک بلانے کیلئے بادھیے ہوگا -

۱۶- پرشٹھ ۳ پر پنکتی ۱۳ کے پشچات نمنلکھت انتہ استھاپت کیا جائے - ارتھات :-

*(ک) آیوگ سرو سمیتی دوارا یا بہومت دوارا سفارش کریگا - اور مت برابر ہونے کی دشا میں ادھیکش کا مت نرنایک ہوگا -

†[شری محمد افضل عرف م- افضل:
میڈم یہ بہت ہی ویگ ہے کہ جو انہوں نے اسمیں میٹنگ بلانے کے سلسلے میں کیا ہے کہ ایک تو اگر چیر میں موجود نہ ہو تو میں نے اسمیں گزارش کی ہے - کہ اسمیں املنڈمنٹ کر لیا جائے کہ جو بھی ممبر پریزنٹ اینڈ ووٹنگ ہے - وہ اگر کسی کو چیر میں اسوقت ہی چننا چاہے - اور دوسرے میں نے اسکے اندر یہ دیا ہے کہ چیر مین ہی کو صرف اختیار نہیں ہونا چاہئیے کہ وہ میٹنگ بلائے - اسلئے کہ اس سے بہت ہی اختیار چیر مین کو مل جاتا ہے - اگر کسی چیر مین کو اختلاف رائے کچھ ممبران سے ہو وہ بہت عرصے تک میٹنگ نہ بلانے کا فیصلہ کر سکتا ہے - اور اسی سے کارروائی رک سکتی ہے - اسلئے میں نے یہ گزارش کی ہے کہ اگر دو ممبران سکریٹری کو لکھکر دیں تو میٹنگ بلانے کی اجازت ہونی چاہئیے اور آخر میں میرا جو املنڈمنٹ ۲ اے ہے - اسمیں میں نے یہ گزارش کی ہے - کہ میجورٹی ووٹ جو ہے - اس سے ہی فیصلہ ہو - یا یونانیمس ہو اور چیر پرسن جو ہے وہ صرف ٹائی کی پوزیشن میں ووٹ کرے - میں گزارش کرتا ہوں کہ منسٹر صاحب اسکے بارے میں سوچیں اور ان املنڈمنٹ کو قبول کر لیں تو میں انکا بہت شکر گزار ہونگا -]

श्री सीताराम केसरी : उपसभापति महोदया, जहां तक मीटिंग का सवाल है, मीटिंग तो निश्चित रूप से एक होती है और अनेक मीटिंग्स भी बुला सकता है चैयरमेन और दूसरी बात, चैयरमेन पर थोड़ा इत्मीनान रखना होगा, विश्वास करना होगा और उन पर हम अविश्वास करें तो यह ठीक नहीं लगता। इसलिए मेरा निवेदन है कि आप अपना अमेंडमेंट वापिस ले लें।

The amendments Nos. 14, 15 *and* 16 *were, by leave, -withdrawn.*

IKE DEPUTY CHAIRMAN: I shall now put clause 8 to vote. The question is:

That Clause 8 *stand pun of the Bill.*

The motion was adopted. Clause 8 *was added to the Bill.*

Clause 9— (Functions of the Commission)

उपसभापति : श्री प्रमोद महाजन

श्री प्रमोद महाजन : मैडम, मैं प्रस्ताव करता हूं कि–

21 पृष्ठ 2 पर पंक्ति 42 के पश्चात् निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाये, अर्थात् :–

"(ञ) संविधान के निदेशक तत्वों के प्रति विशेष रूप से समान सिविल संहिता के अधिनियमन से संबंधित अनुच्छेद–44 के संबंध में अल्पसंख्यकों में चेतना पैदा करना।"

22. पृष्ठ 4 पर, पंक्ति 10 और 11 में "उप खण्ड (क), उपखण्ड (छ) और उपखण्ड (घ)" शब्दों तथा कोष्ठकों के स्थान पर "उपखण्ड (क) और उपखण्ड (ख)" शब्द और कोष्ठक प्रतिस्थापित किए जाएं।"

Til; questions were proposed.

उपसभापति : आप बोलेंगे ? आपके अमेंडमेंट मंत्री जी ने तो यह ही लिए होंगे। अब अगर सब बोलते रहेंगे तो एल.टी.टी.ई. का महत्वपूर्ण स्टेटमेंट रह जाएगा।

श्री प्रमोद महाजन : उपसभापति महोदया, म संशोधन 21 व 22 बड़े आग्रह से मूव कर रहा। जिसका कारण थोड़े ही क्षणों में दूंगा। इस अल्प संख्यक आयोग के कृत्यों के बारे में जहां तक उल्लेख है, मुझे लगता है कि अल्पसंख्यक आयोग को ढेर सारी बातों की सुरक्षा का कहा गया उचित होगा, लेकिन संविधान के मार्गदर्शक तत्वों में जो अनुच्छेद 44 है . . . जिसके अंतर्गत समान नागरी संहिता, यूनिफार्म सिविल कोड का उल्लेख है। मैं कोई लंबे इतिहास में नहीं जाना चाहता। हम जानते हैं इसके लिए जो उप-समिति बनी थी तो लोगों की उसमें पांच और चार इस प्रकार का मतभेद हुआ। अन्यथा निफार्म सिविल कोड् यह हमारा फंडामेंटल राइटस बन जाता, जो पांच के विरोध में चार से हार गए और जिसके कारण यह आया मार्गदर्शक सिद्धांतों में। चार में डा. बाबा साहेब अम्बेडकर स्वयं थे। इसलिए अल्पसंख्यक आयोग को जितने काम दिए जा रहे हैं, उसमें एक काम देना आवश्यक है क्योंकि हम भी एक ऐसे देश का सपना देखते हैं जहां कानून किसी भी धर्म के आधार पर न हो बल्कि समान नागरी कानून सबके लिए हो, इसलिए अगर यह सदन ऐसा सपना देखता है, कोई भी दल इसका विरोधी नहीं है तो मुझे लगता है कि अल्पसंख्यक आयोग को एक रचनात्मक काम भी देना चाहिए कि वह अल्पसंख्यक समुदायों के बीच में कामन सिविल कोड का प्रचार करके उनका मत बनाए, हमारे देश में गोवा एक ऐसा प्रांत है, जहां युनिफार्म सिविल कोड है और वहां कोई शिकायत नहीं है। मुझे लगता है कि अल्पसंख्यक आयोग को एक यह काम देना चाहिए।

दूसरा, उपसभापति महोदया, एक बहुत ही महत्वपूर्ण मेरा इसमें संशोधन यह है कि अल्पसंख्यक आयोग को आपने सिविल कोर्ट का स्थान दिया है और कोर्ट का स्थान देने के बाद . . . (**व्यवधान**)

मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी : मैडम, यह एक . . . (**व्यवधान**) . . .

†[مولانا عبید اللہ خاں اعظمی:
میڈم یہ ایک . (مداخلت) .]

उपसभापति : अब आपका इसमें बीच में कोई ताल्लुक नहीं है . आप बैठिए ।

मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी : बिल में यह यूनिफार्म सिविल कोड देते हैं तो फिर अल्पसंख्यक बिल के जरिए यह तो मुसलमानों का कत्ले-आम करने के लिए मशविरा दे रहे हैं . . . (व्यवधान) . . .

†[مولانا عبید اللہ خاں اعظمی :
بل میں یہ یونیفارم سول کوڈ دیتے
ہیں تو پھر الپ سنکھیک بل کے
ذریعے یہ تو مسلمانوں کا قتل عام
کرنے کیلئے مشورہ دے رہے ہیں -
(مداخلت) . . . .]

उपसभापति : आप बैठिए । . . . (व्यवधान) . . . बैठिए । यह उनका अमेंडमेंट है, वह बोल रहे हैं । आपका इसमें कोई ताल्लुक नहीं है । . . . (व्यवधान) . . .

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY; Madam, there are BJP Members who have married more than once. He should first correct that before talking about other communities.

श्री प्रमोद महाजन : मैं इनके स्तर पर कभी आ भी नहीं सकता . . . (व्यवधान) . . . दुनियां उतनी ही समझ में आती है, जितना अपना दिमाग है . . . (व्यवधान)

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: During the early eighties... *(Inter-ruptions)* ... It is a well known fact.

श्री प्रमोद महाजन : दूसरा, मेरा यह है कि आपने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को सिविल न्यायालय की शक्ति दी है और इस सिविल न्यायालय की शक्ति में आपने उनके लिए तीन काम करने को कहे हैं उपखंड में "क", "ख" और "ग" "क" में संघ राज्य के विकास का अल्पसंख्यकों का है । "ख" में जो आपने कानून पास किए हैं वह कहे हैं लेकिन, जो "ग" है, उसमें अल्पसंख्यक के, उनके अधिकार, रक्षा से वंचित के बारे में शिकायतों को देखने का अधिकार दिया है । अब आपने एक ऐसा आयोग, मेरी इस पर घोर आपत्ति है, आपने एक ऐसा आयोग बनाया है, जिसमें सात में से कम से कम पांच सदस्य अल्पसंख्यक होंगे और हिंदुस्तान की पूरी बहुसंख्यक प्रजा को उस आयोग के सामने जब बुलाएं, कल कोई दंगा हो जाता है, अल्पसंख्यक आयोग वहां चला जाता है तो जिस अल्पसंख्यक आयोग में सात में से पांच अगर अल्पसंख्यक लोग होंगे तो वह क्या निर्णय ले सकते हैं, इसकी कोई भी कल्पना कर सकता है । और, हिंदुस्तान का जो बहुसंख्यक हिन्दू है, उसको तो आपने अल्पसंख्यक आयोग के सामने ऐसा कर दिया है : अब सिविल कोर्ट में मन चाहे वह अल्पसंख्यक करे जिसको चाहे बुलाए, इस प्रकार का अधिकार आपने देकर बहुसंख्यक को गुलाम बनाने का प्रावधान इसमें किया है । मुझे लगता है कि इसमें से इसको निकाल देना चाहिए । यह रखना बहुत ही गलत है . . . (व्यवधान) . .

SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEEM AFZAL: Madam, I have a point of order.

THE DEPUTY CHAIRMAN; Now I am putting his amendments to vote...

SHRI MOHAMMED AFZAL alias MEEM AFZAL: Madam, I am on a point of order.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now I am putting his amendments to vote.

Amendments No. 20 and 23 *were negatievd,*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now I am putting clause 9 to vote. The question is.

† []Translation in Arabic Script.

That clause 9 stand part of the Bill.

The motion was adopted.

Clause 9 *was, added to the Bill.*

Clauses 10 to 13 *were added to the Bill.*

Clauses 14 *to* 16 *were added to the Bill*

Clause 1—*Short title, extent and commencement.*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up clause 1. There is one amendment, Amendment No. 1, by Mr. Pramod Maha jan.

SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEEM AFZAL: Madam, I am on a point of order.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You cinnot have a point of order while I am putting it to vote.

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल: मैडम, मुझे आपसे प्रोटेक्शन भी चाहिए और आप इसमें जरा इन-लाइटेंट हैं। मैडम, जो लोग इस बिल को इन टोटो अपोज कर रहे हैं, अगर वह अमेंडमेंट मूव करते हैं और अगर सरकार अमेंडमेंट मूव करती है तो क्या वह पार्टी इस बिल को कबूल करेगी?

श्री प्रमोद महाजन: हां, सब के सब अमेंडमेंट मेरे मान लिए जाएं।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल: वह पूरी पार्टी आपकी करेगी? मैडम, यह क्या तमाशा है कि लोअर हाउस के अंदर इस बिल को अपोज किया है और इस पर वाक आउट किया है, आज उसी पार्टी का कोई मैम्बर इस पर अमेंडमेंट कैसे दे रहा है?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now there is no point of order. There is no ruling. Mr. Maha jan, do you want to move it or not? If you don't want to move it, let me put it to vote.

SHRI PRAMOD MAHAJAN: Madam, I move.

(1) That at page 1, line 78, -the words "except the State of Jammu and Kashmir" be *deleted.*

The Question was proposed.

श्री प्रमोद महाजन: उपसभापति महोदया, ...(**व्यवधान**)... कारण बताना मेरा अधिकार है, बिना सुने मूव कैसे करूं।

उपसभापति महोदया, अल्पसंख्यकों की बातें आज दिन भर होती रहीं। अगर कश्मीर को लिया जाए और धर्म के आधार पर देखें तो कश्मीर में वहां के साढ़े तीन लाख हिन्दू उस वैली से निकाले गए हैं।

डा० रत्नाकर पाण्डेय: कश्मीर पर यह लागू नहीं होगा।

श्री प्रमोद महाजन: इसीलिए मैं कह रहा हूं क्योंकि वह कश्मीर पर लागू नहीं होगा। क्योंकि वह करने की हिम्मत आपमें नहीं है। जो भी आपको दबाना है, सिवाय कश्मीर के और जो हैं उसको दबाने की कोशिश आप करें, लेकिन कश्मीर में आप साढ़े तीन लाख हिन्दू, अल्प-संख्यकों पर इस प्रकार का आक्रमण हिन्दुस्तान के इतिहास में कभी नहीं हुआ, दुनिया के इतिहास में कभी नहीं हुआ। It is as good as genocide. यह मानव वंश को मारने का प्रयास है। इसलिए अगर इनको यह लागू ही करना है तो इसको कश्मीर पर भी लागू किया जाए।

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश): महोदया, कश्मीर में जहां हिन्दुओं के साथ ज्यादती हुई है, वहीं दूसरे लोगों के साथ भी तो ज्यादती हुई है।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now you have moved your amendment.

I will put Amendment No. 1 to vote.

Amendment N. 1 *was negatived.*

THE DEPUTY CHAIRMAN; The question is:

That clause 1 stand part of the Bill.

The motion was. adopted.

Clause 1 *was added to the Bill.*

The Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

श्री सीताराम केसरी: मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

विधेयक को पारित किया जाए।

The question was proposed.

उपसभापति: आप फिर थर्ड रीडिंग में बोल रहे हैं? आप इतना बोल चुके हैं। वह प्रमोद महाजन जी की चिट्ठी आई है, नाम आपका लिखा है, इसलिए मैंने आपकी तरफ देखा। आपको बोलना है थर्ड रीडिंग में?

श्री सिकन्दर बख्त: सदर साहिबा, असल में हर चीज़ स्टीम रोल की जा रही है, किसी भी दलील का जवाब किसी मिनिस्टर साहब की तरफ से मिलता नहीं है। हम इस स्टीम रोलिंग के खिलाफ एतराज़ करते हैं और एतराज़ करते हुए हाउस से वाक आउट करते हैं।

(तत्पश्चात् कुछ माननीय सदस्य सदन से त्याग कर गए)

डा० अबरार अहमद: उपसभापति महोदया, अमेंडमेंट भी देंगे, भाषण भी देंगे और वाक आउट भी करेंगे।

THE DEPUTY CHAIRMAN: The question is;

That the Bill be passed.

The motion was adopted.

THE PARLIAMENT (PREVENTION OF DISQUALIFICATION) AMENDMENT BILL, 1992.

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI K. VIJAYA BHASKARA REDDY): Madam, I move—

> "That the Bill further to amend the Parliament (Prevention of Disqualification) Act, 1959, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

The Joint Committee on Offices of Profit (Tenth Lok Sabha) in their Second Report had examined the composition, character, functions, etc. of four Commissions including the Planning Commission constituted by the Government of India and the emoluments and allowances payable to their chairpersons, vice-chairpersons, members, etc. with a view to consider whether the holders of offices under those Commissions would incur disqualification under Article 102 of the Constitution.

The Committee noted that the term of office of the Deputy Chairman, Planning Commission is for a period of five years from the date of assumption of his office. Further, he is also entitled to a salary of Rs. 2250 per month plus DA as admissible to the Secretary to the Government of India and othar perquisites as admissible to a Minister. They have also noted that the Deputy Chairman of the Planning Commision has been given the status of a Cabinet Minister. It was also noted that the Election Commission of India in reference , Case No. 1 of 1990 beween Shri A. K. Subhaiah and Shri Rama Krishna Hegde had held that the office of Deputy Chairman of the Planning Commission is capable of profit being derived as" a definite salary is attached to that office and the fact that the incumbent did not draw any salary, did not materially alter the status of that office for being an office of profit The Committee has also op-